नई दिल्ली
शुक्रवार 18 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 94
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 38
न्यून. 36

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## भारत ने किया पृथ्वी-2 और अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण

### सीमाओं पर जारी तनाव के बीच बढ़ेगी देश की सामरिक क्षमता

### आकाश प्राइम हथियार प्रणाली का भी हुआ सफल परीक्षण



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान के साथ जारी तनाव और चीन की चुनौती के बीच भारत की सामरिक क्षमता में गुरुवार को कई गुना का इजाफा देखने को मिला। जिसमें भारत द्वारा पृथ्वी-2 और अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइलों के सफल परीक्षण की जानकारी सामने आई है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों मिसाइलों का यह परीक्षण 17 जुलाई को ओडिशा तट के पास चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### आकाश प्राइम प्रणाली का सफल परीक्षण

*मंत्रालय ने एक अन्य बयान में बताया कि बीते बुधवार को आकाश प्राइम हथियार प्रणाली का लद्दाख में अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में सफल परीक्षण किया गया है। इस दौरान दो उच्च गति वाले मानवरहित हवाई लक्ष्यों को इस प्रणाली द्वारा सटीक निशाना लगाकर नष्ट किया गया। सेना ने इस आकाश प्रणाली को समुद्र तट से 4 हजार 500 मीटर की ऊंचाई पर संचालित करने के लिए अनुकूलित किया है। जिसमें स्वदेशी रूप से विकसित रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर के* ▸▸ शेष पेज 5 पर

## देश के टॉप-23 शहरों की सुपर स्वच्छ लीग सूची में नोएडा, दिल्ली-एनसीआर को भी अवार्ड

### इंदौर लगातार 8वीं बार सबसे स्वच्छ शहरों में शीर्ष पर रहा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार हर साल वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण करती है और स्वच्छ शहरों को सम्मान देती है। इस बार भी इंदौर लगातार आठवीं बार सबसे स्वच्छ शहरों में शीर्ष पर रहा है। तो वहीं इन सबके बीच 3-10 लाख जनसंख्या वर्ग में नोएडा सबसे स्वच्छ शहर रहा है। नोएडा को गोल्डन सिटी अवार्ड मिला है। नोएडा को गोल्डन सिटी श्रेणी में रखा गया। जहां राष्ट्रपति से नगर विकास मंत्री एके शर्मा के साथ प्राधिकरण के सीईओ, एसीईओ को अवॉर्ड मिला है। पहली बार नोएडा शहर को राष्ट्रपति से सम्मान मिला है। सुपर स्वच्छ लीग (गोल्डन सिटी) ▸▸ शेष पेज 5 पर



भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में बृहस्पतिवार को हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल को स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण 2024–25 में हरियाणा के दो शहरों सोनीपत और करनाल को राष्ट्रीय स्तर पर मिले पुरस्कार से सम्मानित करते हुए। साथ में हैं केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ।

#### दिल्ली को भी मिला अवॉर्ड

*स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वस्थ सर्वेक्षण का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से स्वच्छ सर्वेक्षण एनडीएमसी का अवार्ड दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने लिया है। अवॉर्ड लेते हुए एनडीएमसी की तरफ से वीडियो जारी कर जानकारी दी गई। क्लीनेस्ट स्मॉल सिटी का अवॉर्ड मिला है।*

#### गुरुग्राम को मिला स्वस्छ शहर का 41वां स्थान

*वहीं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में नगर निगम गुरुग्राम ने सुधार किया है। राष्ट्रीय स्तर पर41वां स्थान मिला है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष सुधार की तरफ गुरुग्राम ने कदम बढ़ाए। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023-24 में गुरुग्राम को 140वां स्थान मिला था। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में नागरिकों के सहयोग व योगदान से टॉप 10 शहरों में आने का लक्ष्य है। इसके लिए पूरी तैयारी करने की बात शुरु हो गई है।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप


### आज पीएम मोदी का बिहार और बंगाल दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को बिहार और बंगाल के दौरे पर रहेंगे। वह 12,000 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस वह विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इनमें रेलवे, सड़क, गैस, ऊर्जा, आईटी आदि शामिल हैं। और ग्रामीण विकास जैसे अनेक क्षेत्रों की योजनाएं शामिल हैं।



### रोहतक में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए

**रोहतक।** हरियाणा के रोहतक में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि रात 12:46 बजे रिक्टर स्केल पर 3.3 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। इसका केंद्र रोहतक से 15 किलोमीटर पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई में था। किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।



### इंफाल जा रहा इंडिगो का विमान दिल्ली लौटा

**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी इंडिगो का इंफाल जा रहा एक विमान सुबह एक घंटे तक हवा में रहने के बाद तकनीकी गड़बड़ी के कारण वापस राष्ट्रीय राजधानी लौट आया। 17 जुलाई 2025 को दिल्ली से इंफाल जा रही उड़ान 6ई 5118 के रवाना होने के तुरंत बाद मामूली तकनीकी खराबी का पता चला। विमान को दिल्ली के हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा।



### भारत-ब्रिटेन अगले सप्ताह करेंगे मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर!

## रूस से भारत की तेल खरीद पर नाटो महासचिव की सख्त पाबंदियों वाली धमकी पर भारत की दो टूक

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत और ब्रिटेन अगले सप्ताह मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा दिया जाना मुख्य लक्ष्य है। अधिकारियों ने बताया कि इस साल 6 मई 2025 को दोनों देशों ने एफटीए से संबंधित चर्चाओं के निष्कर्ष तक पहुंचने की घोषणा की थी। समझौते में भारत से ब्रिटेन को भेजे जाने वाले चमड़े, फुटवेयर और कपड़े जैसे श्रम प्रधान उत्पादों के निर्यात पर लगाए जाने वाले कर को हटाया जाएगा। जबकि ब्रिटेन से व्हिस्की और कार का आयात सस्ता होगा। भारत और ब्रिटेन ने अगले पांच वर्षों में यानी 2030 तक अपने व्यापार को दोगुना कर 120 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। अधिकारी ने कहा कि अभी एफटीए के मूल अंश (टेक्स्ट) की कानूनी घिसाई जारी है। जिसके बाद इस पर अगले सप्ताह हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है।

एक बार समझौते पर हस्ताक्षर हो जाने के बाद उसे ब्रिटेन की संसद की मंजूरी दिलाने की आवश्यकता होगी। जबकि भारत में इसे लागू करने से पहले कैबिनेट की मंजूरी लेनी पड़ेगी। हस्ताक्षर के बाद समझौते के क्रियान्वयन में करीब एक साल का समय लग सकता है। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच एफटीए पर हस्ताक्षर से जुड़े कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत कर सकते हैं। जिसे लेकर मीडिया में बीते कुछ वक्त से पीएम की ब्रिटेन की यात्रा को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि अभी मामले में आधिकारिक बयान आना बाकी है।

### दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को मिलेगा बढ़ावा

#### राष्ट्रीय हितों के तहत होती तेल खरीद

*वहीं, भारत द्वारा रूस से खरीदे जा रहे तेल के मामले पर नाटो महासचिव मार्क रूट की सख्त पाबंदियों यानी 'द्वितीयक प्रतिबंधों' की धमकी को भारत ने दो टूक अंदाज में सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए देश के राष्ट्रीय हितों और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के हिसाब से निर्णय लेगा। हम किसी भी देश के दबाव में नहीं आएंगे और अपनी संप्रभुता का सम्मान करेंगे। उन्होंने मामले पर कुछ मीडिया रिपोर्ट के जरिए जानकारी मिलने की पुष्टि की और कहा कि भारत संबंधित घटनाक्रम पर बेहद करीब से निगरानी बनाए हुए है। साथ ही मैं ये भी दोहराना चाहूंगा कि अपने देश के लोगों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दृष्टिकोण से बदलते हुए वैश्विक परिदृश्य के बीच हमारा निर्णय बाजार की उपलब्धता पर आधारित है। साथ ही हम ये भी कहना चाहेंगे कि इस विषय पर हमें दोहरी नीति या भेदभाव नहीं चाहिए।*

### अमेरिका में चोरी करते हुए पकड़ी गई एक भारतीय महिला, दूतावास ने जारी की चेतावनी

## कहा, अमेरिका में चोरी, हमला-मारपीट या सेंधमारी करने पर रद्द होगा वीजा

- विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया, दुनिया के किसी भी देश में जाने पर नागरिकों से वहां के कानूनों के पालन की है उम्मीद
- 20 जनवरी से 16 जुलाई 2025 तक अमेरिका से वापस भेजे गए 1563 भारतीय






**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** अमेरिका के इलिनॉयस के एक शॉपिंग स्टोर से करीब 2 लाख रुपए का सामान (1300 डॉलर) चुराते हुए एक भारतीय महिला पर्यटक अनाया अवलानी को स्थानीय पुलिस ने हिरासत में लिया है। घटना के सामने आने के तुरंत बाद भारत में अमेरिका के दूतावास ने अपने देश में रह रहे विदेशी नागरिकों, आगंतुकों खासकर भारतीयों को सख्त अंदाज में चेतावनी जारी की है। जिसमें कहा गया है कि अमेरिका में चोरी, मारपीट या सेंधमारी करने पर न केवल वीजा रद्द किया जा सकता है। बल्कि भविष्य में भी आप अमेरिकी वीजा के लिए अयोग्य घोषित किए जा सकते हैं। अमेरिका के दूतावास ने एक्स पर पोस्ट के जरिए इस चेतावनी को सार्वजनिक किया है। वहीं, इस मामले में अभी तक महिला के परिवार की तरफ से आधिकारिक रूप से कोई बयान ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

सोशल मीडिया पर महिला की चोरी की घटना से जुड़ा वीडियो तेजी से वायरल हुआ। जिसके मुताबिक, महिला ने स्टोर में कुल सात घंटे बिताए और उसके बाद वह चोरी किए हुए सामान को ट्रॉली के साथ बिना उसका भुगतान किए हुए गेट से बाहर निकलने की कोशिश कर रही थी। तभी ▸▸ शेष पेज 5 पर

### मंत्रिमंडल में छह पद रिक्त हैं

## केन्द्रीय गृहमंत्री शाह से मिले ब्रजेश पाठक, यूपी में संगठन और मंत्रीमंडल में फेरबदल के कयास



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

यूपी के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार ब्रजेश पाठक की यह मुलाकात इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रदेश में अभी भाजपा संगठन व मंत्रिमंडल में फेरबदल होना है। ब्रजेश पाठक ने मुलाकात के बाद एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा...'करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत, हमारे पथ प्रदर्शक देश के यशस्वी गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से आज दिल्ली में स्नेहिल भेंटकर प्रदेश की समृद्धि एवं विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर कुशल मार्गदर्शन प्राप्त किया। अपना बहुमूल्य समय एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए आपका हृदय की अनंत गहराइयों से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करता हूं।'' इससे पहले आठ जुलाई को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी अमित शाह से मुलाकात कर चुके हैं। सूत्रों के अनुसार ब्रजेश पाठक की यह मुलाकात इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रदेश में अभी भाजपा संगठन व मंत्रिमंडल में फेरबदल होना है। प्रदेश अध्यक्ष तय होने के बाद योगी मंत्रिमंडल में फेरबदल होना है। अभी सरकार में 54 मंत्री हैं, जबकि अधिकतम 60 मंत्री हो सकते हैं। ऐसे में मंत्रिमंडल में छह पद रिक्त हैं। कुछ मंत्रियों को सरकार से संगठन में भी लाया जा सकता है, जबकि कुछ मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है। भाजपा क्षेत्रीय व सामाजिक संतुलन साधने के लिए कुछ नए मंत्री बनाएगी। ऐसे में इन विषयों पर भी दोनों के बीच चर्चा होने की बात कही जा रही है।

### 21 बैठकों में 15 विधेयकों पर होगी चर्चा

## संसद के मॉनसून सत्र में होगी 'सवालों की बारिश' विपक्ष तैयार, सरकार भी हर सवाल से निपटने को तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून सत्र में विपक्षी तरकश में कई तीर होंगे। बिहार में चूंकि विधानसभा चुनाव नवंबर में होने हैं लिहाजा कई मामलों में वहां के मसले छाये रहेंगे। चाहे चुनाव आयोग द्वारा चलाये जा रहे विशेष पुनरीक्षण अभियान पर उठ रहे सवाल हों या फिर सूबे की खस्ताहाल कानून व्यवस्था। हरियाणा के हिसार में दलित की हत्या का मामला हो या फिर पाकिस्तान पर हमले पर अछूते रहे सवाल, इंडियन एयरलाइंस का हादसा, विदेश नीति पर चर्चा की मांग हो या फिर इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज के ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### विभिन्न मंत्रालयों के विधेयक जिनको सदन पटल पर रखा जाएगा

**वित्त / वाणिज्य**

- मणिपुर माल और सेवा कर ( विधेयक, 2025
- उद्देश्यः मणिपुर माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 में संशोधन करना।
- यह विधेयक मणिपुर में जीएसटी से संबंधित नियमों को और प्रभावी बनाने का प्रयास करेगा।
- कराधान कानून (संशोधन) विधेयक, 2025
- उद्देश्यः कुछ कर कानूनों में संशोधन करना।
- इस विधेयक का लक्ष्य कर प्रणाली को और अधिक पारदर्शी और कुशल बनाना है।
- जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2025
- उद्देश्यः व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ावा देना।
- यह विधेयक कारोबारी नियमों को सरल बनाने और निवेश को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है।

**शिक्षा**

- भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025 ▸▸ शेष पेज 5 पर

### सभी इंजीनियरिंग कार्य केवल एचईडब्ल्यूपी के माध्यम से आवंटित किए जाए- मुख्यमंत्री | हरियाणा कॉन्ट्रैक्टर सक्षम युवा योजना' शुरू , प्रशिक्षित युवाओं को एचईडब्ल्यूपी पर किया जाएगा सूचीबद्ध

## आईटीआई, डिप्लोमा या इंजीनियरिंग डिग्री योग्यता वाले युवा वर्क्स कॉन्ट्रैक्टर के रूप में कर सकेंगे कामः नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



हरियाणा सरकार ने आईटीआई, डिप्लोमा या इंजीनियरिंग डिग्री धारक बेरोजगार शिक्षित युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके उन्हें वर्क्स कॉन्ट्रैक्टर के रूप में कार्य करने के लिए सक्षम बनाने हेतु एक नई योजना 'हरियाणा कॉन्ट्रैक्टर सक्षम युवा योजना' शुरू की है। निर्धारित प्रशिक्षण पूरा करने के बाद, इन युवाओं को हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल (एचईडब्ल्यूपी) पर सूचीबद्ध किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ में हुई हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल (एचईडब्ल्यूपी) की समीक्षा बैठक में यह फैसला लिया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक युवा इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि हरियाणा कॉन्ट्रैक्टर सक्षम युवा योजना इंजीनियरिंग योग्यता प्राप्त युवाओं को अपने क्षेत्र में करियर के नए अवसर प्रदान करेगी, जिससे उनके पेशेवर विकास को बढ़ावा मिलेगा और उद्यमशीलता के बेहतर रास्ते खुलेंगे। ▸▸ शेष पेज 5 पर

## भारत की विदेश नीति में सुधार और पुनर्विचार की जरूरत, मॉनसून सत्र में हो विमर्शः कांग्रेस

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस ने आज भारत की विदेश नीति में व्यापक सुधार, आत्ममंथन और दिशा सुधार की मांग की, ताकि भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा और प्रभाव को पुनः प्राप्त कर सके। पार्टी ने गाजा में युद्धविराम पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर भारत के तटस्थ (अब्सटेन) रहने के फैसले की कड़ी आलोचना की और इसे न केवल दुर्भाग्यपूर्ण, बल्कि दर्दनाक और अस्वीकार्य करार दिया। कांग्रेस ने भारत की विदेश नीति में तत्काल सुधार और रणनीतिक पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता पर बल दिया है। गाजा युद्धविराम प्रस्ताव पर भारत के रुख ने न केवल अंतरराष्ट्रीय समुदाय में सवाल उठाए हैं, बल्कि देश के भीतर भी इस मुद्दे पर गहन चर्चा की जरूरत को रेखांकित किया है। पार्टी ने मॉनसून सत्र में विदेश नीति पर व्यापक बहस की मांग की है, ताकि भारत अपनी खोई हुई वैश्विक प्रतिष्ठा को पुनः प्राप्त कर सके और ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत कर सके। आज नई दिल्ली में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य आनंद शर्मा ने भारत की विदेश नीति में मौलिक बदलाव पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में भारत की विदेश नीति में विचलन और देश के वैश्विक प्रभाव में कमी देखी गई है, जो एक गंभीर चिंता का विषय है। आनंद शर्मा ने कहा कि भारत की विदेश नीति का आधार हमेशा राष्ट्रीय हितों को बढ़ावा देना और सही के लिए समर्थन जुटाना रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विदेश नीति पर हमेशा व्यापक राष्ट्रीय सहमति रही है और इसे कभी ▸▸ शेष पेज 5 पर

### निमिषा प्रिया को फांसी से बचाने के लिए मित्र देशों के संपर्क में भारत

## विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बोले, मामला संवेदनशील लेकिन हर संभव मदद मुहैया करा रही भारत की सरकार

### पहले 16 जुलाई को होनी थी फांसी, मुस्लिम धर्मगुरु कंथापुरम के प्रयासों से फिलहाल टल गई

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



केरल के पलक्कड़ की रहने वाली भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को यमन में होने वाली फांसी की सजा पर बने हुए असमंजस के बीच गुरुवार को विदेश मंत्रालय का एक महत्वपूर्ण बयान सामने आया है। जिसमें कहा गया है कि यह मामला संवेदनशील है। लेकिन इसमें भारत सरकार हर संभव मदद मुहैया करा रही है। मित्र देशों से भी संपर्क कायम है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 17 जुलाई को राजधानी में आयोजित की गई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने निमिषा प्रिया के परिवार को कानूनी सहायता प्रदान की है और उनके लिए एक वकील भी नियुक्त किया है। नियमित काउंसलर मुलाकात की व्यवस्था भी की गई है। सरकार यमन में स्थानीय अधिकारियों और परिवार के सदस्यों के भी संपर्क में है। ताकि इस समस्या का समाधान निकाला जा सके। उन्होंने कहा कि मामले पर सरकार कड़ी नजर बनाए हुए है। बीते दिनों में इस बात का तेजी के साथ प्रयास किया गया है कि परिवार को और समय मिल सके। ताकि दूसरे पक्ष के साथ ▸▸ शेष पेज 5 पर



#### फांसी पर असमंजस की स्थिति

*गौरतलब है कि निमिषा प्रिया को यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के आरोप में वहां की स्थानीय अदालत ने 2017 में फांसी की सजा सुनाई थी। जिसके खिलाफ की गई अपील को यमन की सर्वोच्च न्यायिक परिषद ने 2023 में खारिज कर दिया था। इसके बाद 2024 के अंत में यमन के राष्ट्रपति रशद अल अलीमी ने निमिषा प्रिया की फांसी की सजा को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी थी। 16 जुलाई को फांसी दी जानी थी। लेकिन केरल के एक मुस्लिम धार्मिक गुरु कंथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार के प्रयासों से इसे फिलहाल टाला जा सका है। उधर, तलाल के परिवार के एक सदस्य के हवाले से संचार के सार्वजनिक* ▸▸ शेष पेज 5 पर

### अलीपुर इलाके से तीन महीने बाद मिला मृतक का कंकाल

# मोबाइल फोन छीनने का विरोध करने पर की थी किशोर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अलीपुर इलाके में तीन महीने पहले हुई 18 वर्षीय युवक की हत्या में पुलिस ने तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया है। इनकी निशानदेही पर मृतक का कंकाल भी बरामद हो गया है। पूछताछ में पता चला कि मोबाइल फोन छीनने का विरोध करने पर युवक की हत्या कर शव को दफनाया गया था। मृतक तीन महीने पहले लापता हुआ था। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार क्षेत्र में नियमित गश्त के दौरान पुलिस टीम ने बिना पंजीकरण संख्या वाली काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्तियों को देखा। पुलिस वाहन को देखकर तीनों ने भागने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस टीम की त्वरित प्रतिक्रिया और कार्रवाई के चलते तीनों व्यक्तियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। तीनों नाबालिग पाये गये। सभी की उम्र लगभग 16 वर्ष पता चली। तीनों झंगोला के रहने वाले थे। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि मोटरसाइकिल अलीपुर थाना एरिया से ही चुराई गई थी। सरसरी तलाशी लेने पर नाबालिग की बांयी जेब से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। निरंतर पूछताछ करने पर उन्होंने कबूल किया कि उन्होंने यमुना नदी के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति से मोबाइल फोन छीन लिया था। जब पीड़ित ने विरोध किया तो उन्होंने उसका गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को नदी के किनारे दफना दिया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम नाबालिगों के साथ उस स्थान पर पहुंची। एसडीएम अलीपुर, एफएसएल रोहिणी और बाहरी-उत्तरी जिले की मोबाइल क्राइम टीमों को सूचित किया गया और वे घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस टीम की मदद से लगभग तीन फीट गहरा गड्ढा खोदा गया और घटनास्थल से एक मानव कंकाल बरामद किया गया। अपराध स्थल का गहन निरीक्षण किया गया और पुलिस स्टेशन अलीपुर में हत्या का केस दर्ज किया गया। जांच के दौरान, मृतक के मोबाइल फोन के आईएमईआई नंबर के आधार पर उसके परिवार के सदस्य से संपर्क किया गया और उन्होंने उसकी पहचान सोनू कुमार (18) पुत्र पुनीत निवासी गांव चांदपुर, थाना- जिला औरंगाबाद, बिहार के रूप में की। उन्होंने आगे बताया कि सोनू पिछले तीन महीनों से लापता था और उसका फोन बंद रहता है।

## पंखे से लटक युवक ने की खुदकुशी

नई दिल्ली। निहाल विहार थाना एरिया के कुंवर सिंह नगर में आत्महत्या का मामला सामने आया है। घटना बुधवार की बताई गई है। मृतक का नाम विकास (31) पुत्र रविंदर कुमार बताया है। उसका शव घर की दूसरी मंजिल पर छत के पंखे से लटका हुआ मिला। पुलिस के अनुसार बुधवार को सुबह 9:46 बजे थाना निहाल विहार में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें बताया गया कि मकान संख्या डी-210, गली नंबर 1, कुंवर सिंह नगर में एक आदमी ने फांसी लगा ली है। कॉल प्राप्त होने पर जांच अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और पाया कि विकास पुत्र रविंदर कुमार, निवासी डी-5/210, कुंवर सिंह नगर आवास की दूसरी मंजिल पर छत के पंखे से लटका हुआ था।

## हैदरपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पास नहर में मिले शव की नहीं हुई शिनाख्त

नई दिल्ली। केएन काटजू मार्ग थाना क्षेत्र के हैदरपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पास मूनक नहर से एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। मंगलवार को मिले इस शव को पहचान के लिये मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास से कोई ऐसा कागज नहीं मिला है जिससे पहचान सुनश्चित हो सकें। पुलिस आसपास के थानों से भी संपर्क कर रही है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह स्थानीय लोगों ने नहर में शव तैरता देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पाया कि युवक का शव नहर से बहता हुआ, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के जाल में फंसा हुआ है। मृतक ने टी-शर्ट और लोअर पहना हुआ था। उम्र 25 से 30 वर्ष आसपास बताई जा रही है। शुरुआती जांच में शव पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान करवाने की कोशिश में जुटी है।

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
Doctor Harisingh Gour Vishwavidyalaya, Sagar (M.P.)
"एक केंद्रीय विश्वविद्यालय", एनएएसी द्वारा ए+ ग्रेड (चतुर्थ साइकल)
संदर्भ सं.: लिब./2025/ दिनांक: 18 जुलाई, 2025
विक्रेता-सूचीबद्धता सूचना
वित्तीय वर्ष "2025-2026, और 2026-2027 और जो आगे एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है, बशर्ते कि कार्य प्रदर्शन संतोषजनक हो, हेतु विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय को पुस्तकों की आपूर्ति हेतु अधिकृत विक्रेताओं के रूप में सूचीबद्धता हेतु प्रतिष्ठित पुस्तक विक्रेताओं/वितरकों/विक्रेताओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। नियमों और शर्तों सहित निर्धारित आवेदन प्रपत्र विश्वविद्यालय वेबसाइट : https://dhsgsu.edu.in से डाउनलोड किया जा सकते हैं।
इच्छुक पुस्तक विक्रेता/वितरक/विक्रेता निर्धारित प्रारूप में, आवश्यक दस्तावेजों की प्रत्येक की एक प्रति के साथ स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा आवेदन कर सकते हैं। लिफाफे पर "मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति हेतु विक्रेताओं के सूचीकरण हेतु आवेदन" अंकित होना चाहिए। आवश्यक दस्तावेजों और शुल्क के साथ विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र 07 अगस्त 2025 को अप. 6:00 बजे तक या इससे पूर्व जमा करवाया जा सकता है।
सीबीसी-21273/12/0005/2526 रजिस्ट्रार

# नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से प्रतिबंधित दवा ट्रामाडोल के 2,160 कैप्सूल बरामद हुये। पकड़े गये लोगों के नाम हरीश खुराना (55), गौतम सिंह और अमित गोयल (49) बताये गये हैं।

डीसीपी हर्ष इंदौरा के मुताबिक यह गिरोह गोरखपुर के बाजार से दिल्ली के भागीरथ पैलेस तक प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी कर रहा था। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक टीम ने एक जून को तीस हजारी अदालत परिसर के पास जाल बिछाया और हरीश खुराना को ट्रामाडोल की खेप पहुंचाते समय गिरफ्तार किया। उसके पास से कुल 2,160 कैप्सूल बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि खुराना पहले भी इसी तरह के मामलों में शामिल रहा है और 2024 में जेल से रिहा होने के बाद उसने अवैध व्यापार फिर से शुरू कर दिया था। वह भागीरथ पैलेस में आयुर्वेदिक दवाओं की छोटी सी दुकान चलाता था और प्रतिबंधित दवाइयां बेचने के लिए दुकान का कथित तौर पर इस्तेमाल करता था। इससे पूछताछ के बाद गौतम सिंह नाम के एक स्थानीय तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया, जो भागीरथ पैलेस से अपनी गतिविधियां संचालित करता था। यह शख्स शुरुआत में दवाइयों की पैकिंग का काम करता था और उसके बाद उसने डॉक्टरों की सलाह के बिना मिलने वाली दवाइयां और सौंदर्य प्रसाधन बेचने की अपनी दुकान खोली। इसने गोरखपुर में अमित गोयल से कथित तौर पर ट्रामाडोल कैप्सूल खरीदे थे। भलोटिया मार्केट के थोक दवा बाजार में एक मेडिकल स्टोर चलाने वाले गोयल ने स्वीकार किया कि वह प्रतिबंधित दवाओं को नियमित दवाइयों की खेप बताकर कूरियर के जरिए भेजता था। इसे गोरखपुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस रैकेट में शामिल अन्य लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा
(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त गोलू पुत्र राजेश निवासी 32/46, गली नं. 09, भीकम सिंह कालोनी, विश्वास नगर, फर्श बाजार, दिल्ली ने केस एफआईआर नं. 572/2021 अन्तर्गत धारा 279/338 आईपीसी, थाना जगतपुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त गोलू मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त गोलू फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. 572/2021 अन्तर्गत धारा 279/338 आईपीसी, थाना जगतपुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त गोलू से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 29.08.2025 को या उससे पहले हाजिर हों।
आदेशानुसार
आयुषी सक्सेना
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05
कमरा नं. 07, द्वितीय तल
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली
DP/9426/SHD/2025
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे सम्क्ष परिवाद किया नामः शिव शंकर कुमार यादव, पुत्रः ललिता प्रसाद यादव, निवासीः मकान नंबर 83/44, जी/एफ, दानिश का मकान, पंजाबी ढाबा के पास, न्यू कोंडली, दिल्ली-110096 ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) FIR No.02/2019 U/S 279/338 IPC के तहत एक मामला थाना शकरपुर, पूर्वी दिल्ली में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त शिव शंकर कुमार यादव नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त शिव शंकर कुमार यादव फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा कि FIR No.02/2019 U/S 279/338 IPC, थाना शकरपुर, पूर्वी दिल्ली के अभियुक्त शिव शंकर कुमार यादव को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक 04.10.2025 को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।
आदेशानुसार पी. भार्गव राव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05,
पूर्वी जिला, न्यायालय संख्या 03,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली
DP/9341/ED/2025
(अदालती मामला)

### कांग्रेस ने उपराज्यपाल को लिखा पत्र

# बुराड़ी विधानसभा में आधार कार्ड केंद्र नहीं, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बुराड़ी विधानसभा अंतर्गत बुराड़ी क्षेत्र में आधार केंद्र खुलवाने के लिए करावल नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व सीएम रेखा गुप्ता को पत्र लिखा है। इस बारे में भारद्वाज ने बताया कि दिल्ली की सबसे बड़ी आबादी वाली विधानसभाओं में एक बुराड़ी में आधार कार्ड सेंटर ना होने से लाखों लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए बुराड़ी में आधार कार्ड संबंधित केंद्र खुलवाने के लिए लोगों की आवाज एलजी सक्सेना व सीएम रेखा गुप्ता तक पहुंचाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि बुराड़ी में आधार कार्ड सेंटर ना होने के चलते लोगों को छोटे से छोटे कार्य के लिए कई कई किलोमीटर दूर भलस्वा, कश्मीरी गेट, अक्षरधाम या फिर प्रगति मैदान जैसे केंद्रों पर आना जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पहले बुराड़ी में एसडीएम ऑफिस और बुराड़ी डाकघर में आधार से जुड़े छोटे मोटे कार्य हो जाया करते थे। लेकिन पिछले दो वर्षों से इन केंद्रों को भी सरकार ने बंद कर दिया है। ऐसे में हजारों लोगों को आधार संबंधी कार्य करवाने में बहुत परेशान होना पड़ रहा है। बुराड़ी एक बड़ी आबादी घनत्व वाला क्षेत्र है, दर्जनों कॉलोनियां होने के चलते यहां की संख्या भी लाखों में है। ऐसे में नया आधार कार्ड बनवाना, अपडेशन, या अन्य सुधार कार्य, के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में जाना पड़ता है, जिससे समय, धन और श्रम की हानि होती है।

## मॉक ड्रिल्स कर परखी जा रही राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था

नई दिल्ली। राजधानी में बृहस्पतिवार और शुक्रवार को 10 से अधिक स्थानों पर मॉक ड्रिल्स आयोजित की जा रही है। मॉक ड्रिल यानी किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए पूर्वाभ्यास। इसमें दिल्ली पुलिस समेत कई एजेंसियां हिस्सा लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी परखेगी। इन मॉक ड्रिल्स का मुख्य उद्देश्य किसी संभावित आतंकी हमले जैसी आपात स्थितियों में प्रतिक्रिया तंत्र का मूल्यांकन करना और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को सुदृढ़ बनाना भी है। दिल्ली पुलिस के पीआरओ विभाग की तरफ से बताया गया कि यह अभ्यास विभिन्न एजेंसियों की तैयारियों और समन्वय को परखने के लिए किया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे मॉक ड्रिल्स के दौरान शांत रहें, सहयोग करें और अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें। अधिकारियों ने यह भी बताया कि इन मॉक ड्रिल्स की बारीकी से निगरानी की जाएगी ताकि परिचालन कुशलता सुनिश्चित की जा सकें।

# गांजे की आपूर्ति में लिप्त तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली

गांजे की आपूर्ति में शामिल सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुये दक्षिण पूर्वी जिले के स्पेशल स्टाफ ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार है। इनके पास से 32 किलो गांजा व ऑटो रिक्शा जब्त किया गया है। आरोपी व्यक्तियों के नाम रानी, रिजवान और शमशाद बताये गये हैं। एडिशनल डीसीपी एश्वर्या शर्मा के अनुसार 15 जुलाई को स्पेशल स्टाफ की टीम को थाना जैतपुर क्षेत्र में गांजे की आपूर्ति के संबंध में एक विश्वसनीय सूचना मिली थी। सूचना पर कार्रवाई की गई और जैतपुर के नाला रोड पर लगभग 7:30 बजे मुखबिर द्वारा प्रदान की गई जानकारी के आधार पर टीम ने एक ऑटो में सवार चालक और दो यात्रियों को रोका। ऑटो में तीन कट्टे रखे हुये थे। तलाशी के दौरान तीनों कट्टों से कुल 32 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया। सघन पूछताछ पर यह खुलासा हुआ कि आरोपी व्यक्ति दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न हिस्सों में गांजा के परिवहन और वितरण में शामिल थे।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएनएल | आकार 3/सीएक्स185 वर्ग मिमी के एचटी (11 केवी) टीआर एक्सएलपीई यूजी केबल की अधिप्राप्ति। | 18.07.2025 04.08.2025 | रु. 1.23 करोड़ | www.dhbvn.org.in | 8059888695 semm@dhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36705/1/88/7 दि. 17.07.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद टोहाना | एम.सी. टोहाना में आकांक्षी शौचालय का निर्माण + 4 कार्य। | 16.07.2025 23.07.2025 | रु..74,76,174/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467820947 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36707/1/88/7 दि. 17.07.25

# सलीमगढ़ फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आईपी एस्टेट थाना एरिया के सलीमगढ़ फ्लाईओवर पर एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक शख्स की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। मृतक की पहचान हरियाणा के पलवल निवासी 47 वर्षीय महेंद्र पाल के रूप में हुई है। वह पूर्व सैन्यकर्मी थे। हादसा मंगलवार तड़के करीब दो बजे हुआ। वह अपने बेटे और भाई और एक अन्य शख्स के साथ चंडीगढ़ से पलवल जा रहे थे।

मृतक के बेटे हरकेश ने पुलिस को बताया कि उनकी कार आईएसबीटी कश्मीरी गेट की तरफ से आईटीओ की तरफ जा रही थी। सलीमगढ़ फ्लाईओवर पर कार का टायर पंचर हो गया था। पिता महेंद्र पाल टायर देखने के लिए गाड़ी से नीचे उतरे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में उसका चाचा भी घायल हुआ है।

हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। महेंद्र पाल और उसके भाई को तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने महेंद्र पाल को मृत घोषित कर दिया। उनके भाई संदीप कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साधनों की मदद से फरार वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### चंडीगढ़ से बेटे की फीस जमाकर लौट रहे थे घर

मृतक महेंद्र पाल के परिवार में पत्नी उमावती देवी, बड़ा बेटा हरकेश कुमार और छोटा बेटा प्रवेश कुमार हैं। वह आर्मी से वर्ष 2017 में सेवानिवृत्त हुए थे और पलवल में आंगनबाड़ी में कार्यरत थे। बड़ा बेटा हरकेश चंडीगढ़ विश्वविद्यालय से बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। वह सोमवार को उसकी फीस जमाकर बेटे को लाने के लिए घर से निकले थे। वापिस लौटते समय हादसे का शिकार हो गए।

## कार ने दो लोगों को टक्कर मारी, एक की मौत

नई दिल्ली। आरके पुरम एरिया में गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे एक तेज रफ्तार कार ने दो लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक शख्स की मौत हो गई जबकि दूसरा उपचाराधीन है। मृतक का नाम संजय वर्मा बताया गया है। 30 वर्षीय वर्मा टाटा ग्लोबल मोटर्स में मैकेनिक के रूप में कार्यरत था। घायल दूसरा शख्स भी इसी कंपनी से जुड़ा था। पुलिस के अनुसार 17 जुलाई 2025 को दोपहर लगभग 3 बजे के आरके पुरम स्थित सेक्टर-12 स्थित होली चाइल्ड स्कूल के सामने फुटपाथ के पास एक दुखद सड़क दुर्घटना घटी। दो व्यक्ति टाटा ग्लोबल मोटर्स में कार्यरत मैकेनिक संजय वर्मा (30) और उसी कंपनी से जुड़े ड्राइवर तेज सिंह (55), सड़क किनारे बैठे थे। तभी एक वैगनआर कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के सिकंदरपुर थाना के गांव झिझोली निवासी संजय वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथी हरियाणा के सोनीपत जिले के निजामपुर माजरा निवासी तेज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका इलाज चल रहा है। कार को दिल्ली के जनकपुरी निवासी टैक्सी चालक राजन शर्मा (32) चला रहा था। ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में नीलोखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र में (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) 7 अदद रोड का कार्य (1) एनकेडी से बुधेरा तक (रोड आईडी 7420) लंबाई 2.120 किमी पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण (2) एनकेडी रोड से पस्ताना तक (रोड आईडी 7423) लंबाई 2.940 किमी पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण और 80 मिमी आईपीबी पुनः बिछाना (3) डेरा पस्ताना रोड (रोड आईडी-7425) लंबाई 0.400 किमी पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण (4) एनकेडी से सीदपुर तक (रोड आईडी-7431) लंबाई 0.800 किमी. पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण और सीसीबी को पुनः बिछाना (5) एनकेडी से अंजनथली तक (रोड आईडी 7432) लंबाई 1.10 किमी. पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण और सीसीबी को पुनः बिछाना (6) हथीरा से पस्ताना तक (रोड आईडी 8892) लंबाई 1.710 किमी. पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित पुनर्निर्माण / चौड़ा करना और मजबूतीकरण और (7) करसा से पस्ताना (रोड संख्या 8893) तक लंबी 1.920 किमी पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित पुनर्निर्माण/चौड़ा करना और मजबूतीकरण + 2 कार्य | बंद होने की तिथि 24.07.2025 | 1307.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में निसिंग के सिटी पोर्शन में और कैथल जिले में कैथल और पुण्डरी के सिटी पोर्शन में करनाल-कैथल-खनौरी रोड की 4-लेनिंग (स्ट्रीट लाइट का प्रावधान केवल)। | 16.07.2025 24.07.2025 | 134.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले (आदमपुर निर्वाचन क्षेत्र) ग्रुप नं. 8 में कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत दिल्ली हिसार सुलेमानकी एनएच-10 रोड से जाखोद खेड़ा बाया दुर्जनपुर रोड आरडी 0.00 से 1.700 और 2.450 से 10.980 (रोड आईडी 4900) तक रोड का मजबूतीकरण + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 23.07.2025 | 3664.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में नीलोखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र में 4 अदद रोड का कार्य (1) रायपुर से लाडवा रोड (रोड आईडी-7391) लंबाई किमी 2.050 पर 30 मिमी बीसी जमा 25 मिमी मेस्टिक के प्रावधान द्वारा मजबूतीकरण (2) चंदन खेड़ा रोड (रोड आईडी 7451) लंबाई 0.700 किमी पर 30 मिमी बीसी सहित मजबूतीकरण (3) सुल्तानपुर ऐप रोड (रोड आईडी 7465) लंबाई 0.350 किमी. पर 30 मिमी बी.सी. सहित मजबूतीकरण और (4) आरओबी तरावड़ी रोड (रोड आईडी-8636) लंबाई किमी 1.140 मेस्टिक सहित मजबूतीकरण (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत)। + 1 कार्य | 16.07.2025 25.07.2025 | 762.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में नीलोखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र में 4 अदद रोड पर सीसीबी/आईपीबी पुनः बिछाना / मजबूतीकरण का कार्य (1) रायपुर से बरसालू रोड (रोड आईडी 7392) सहित डब्ल्यूबीएम जमा लंबाई किमी 0.480 सीसीबी को पुनः बिछाना (2) बाकोपुर ऐप रोड (रोड आईडी 7394) डब्ल्यूबीएम जमा लंबाई 0.400 किमी पर सीसीबी पुनः बिछाना, (3) कलसी खालसा ऐप रोड (रोड आईडी 7397) लंबाई 0.210 किमी पर 80 एमएम आईपीबी सहित ऊपर उठाना / पुनर्निर्माण (4) हैबतपुर एप रोड (रोड आईडी 7444) डब्ल्यूबीएम सहित जमा लंबाई 0.100 किमी पर 80 एमएम आईपीबी। (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत)। | 16.07.2025 22.07.2025 | 51.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में कलानौर में 50 बिस्तर वाले हस्पताल में आपातकालीन ब्लॉक सहित ओपीडी का निर्माण (2 अदद 20 पैसेंजर लिफ्टों का प्रावधान केवल)। | 16.07.2025 23.07.2025 | 58.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प करनाल | पानीपत में सिविल हॉस्पीटल में मातृ एवं शिशु ब्लॉक बिल्डिंग का निर्माण (2 अदद 20 पैसेंजर और 2 अदद डम वेटर लिफ्ट का प्रावधान)। | 17.07.2025 28.07.2025 | 86.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरूक्षेत्र जिले में कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत पीएसडी-1 पेहोवा के तहत 3 अदद रोड (रोड आईडी 7825, 7834, 10842) को चौड़ा करना और मजबूतीकरण। | 14.07.2025 23.07.2025 | 242.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744239442 pwd-eepd1- kurukshetra@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में सफीदों निर्वाचन क्षेत्र में 2 अदद रोड की विशेष मरम्मत और पुनर्निर्माण (वर्ष 2025-26 हेतु ओडीआर का कार्य कार्यक्रम) 1. रामपुरा से सिंघाना रोड (रोड आईडी 6729), 2. हाट्ट से भम्भेवा रोड (राजा वाली सड़क) (रोड आईडी 12506)। | बंद होने की तिथि 05.08.2025 | 870.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 10 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में मण्डी आदमपुर में सब डिवीजनल सिविल हॉस्पीटल में डीजी सैट का प्रावधान + 3 कार्य। | 15.07.2025 25.07.2025 | 82.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 11 | महिला एवं बाल विकास पंचकूला | जीओआई द्वारा निर्धारित नॉर्म्स में सेडान वाहनों को किराये पर लेना। | 16.07.2025 24.07.2025 | 13.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812343208 dpopkl.wcd@gmail.com |
| 12 | स्वास्थ्य विभाग पंचकूला | पेस्ट एंड रोडेंट सर्विसेज। | 19.07.2025 28.07.2025 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज कैथल | गांव बेगपुर में ड्रेन्स, सींचेवाल मॉडल इत्यादि का कार्य (ग्रे वॉटर मैनेजमेंट कार्य) + 2 कार्य। | 16.07.2025 22.07.2025 | 129.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज गन्नौर | गांव खुबडू में समक्ष्य तालाब के निकट चारदिवारी का निर्माण, डी-प्लान 2025-26 | बंद होने की तिथि 21.07.2025 | 10.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 15 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | नवीनतम बीएस-VI एमिशन नॉमर्स पूरा करने वाले 19 अदद पूर्णतया निर्मित सीएनजी क्रेन्स (रिकवरी वाहन) की खरीद हेतु ऑनलाइन निविदा, कुल मूल्य। | 16.07.2025 11.08.2025 | 6.50 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/300/36716/I/88/7 दि. 17.07.25

## केजरीवाल व सिसोदिया ने आप सरकार के दौरान कई महंगे मोबाइल खरीदे : सूद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने गुरुवार को खुलासा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत आम आदमी पार्टी के नेताओं ने पार्टी के सत्ता में रहने के दौरान कई महंगे मोबाइल फोन खरीदे थे। गृह मंत्री आशीष सूद ने गुरुवार को प्रैसवार्ता में बताया कि 2013 में मुख्यमंत्री को 50 हजार रुपए और मंत्रियों को 45 हजार का मोबाइल लेना अलाउड था। लेकिन आम आदमी पार्टी के नेताओं ने अपने प्रयोग के लिए लिमिट से भी ज्यादा के मोबाइल फोन खरीदे थे और उनके भुगतान के लिए सरकार पर दबाव भी डाला था। वो लेग हम लोगों को कह रहे हैं कि हमने महंगे फोन खरीदने के लिए आदेश दिए हैं। सूद ने पिछली सरकार के चार बड़े नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, आतिशी मर्लिन और सौरभ भारद्वाज द्वारा खरीदे गए महंगे फोन के बारे में विस्तार से बताया कि अरविंद केजरीवाल ने 2015 से 2022 के बीच में दिल्ली सरकार से चार मोबाइल लिए। पहला मोबाइल 1 दिसंबर 2015 को आईफोन सिक्स एस प्लस लिया, जिसकी कीमत 81 हजार रुपए थी, दूसरा मोबाइल 12 सितंबर 2017 को आईफोन प्लस 7 लिया जिसकी कीमत 69 हजार रुपए थी। तीसरा मोबाइल 4 दिसंबर 2020 को आईफोन 12 प्रो मैक्स लिया, जिसकी कीमत 1 लाख 45 हजार 900 रुपए थी। इसके बाद चौथा मोबाइल कोविड के बीच 13 जुलाई 2022 को आईफोन 13 प्रो मैक्स लिया।

### केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिलीं मुख्यमंत्री रेखा

# केंद्र से दिल्ली सरकार को मिलेंगे 600 करोड़ रुपये, तेज होगा दिल्ली का विकास : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार इस माह के अंत तक दिल्ली सरकार को 600 करोड़ रुपए की विशेष वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इससे दिल्ली का विकास में और तेजी आएगी। इस बात की जानकारी केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को गुरुवार को शिष्टाचार भेंट के दौरान दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि यह राशि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना (एसएएससीआई) के तहत दिल्ली सरकार को प्रदान की जाएगी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राशि के लिए वह शीघ्र की प्रस्ताव वित्त मंत्रालय भेज रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस धनराशि का प्रयोग दिल्ली के विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए किया जाएगा। इस राशि का उपयोग दिल्ली में यातायात प्रबंधन, जल निकासी, हरित ऊर्जा, कचरा प्रबंधन आदि योजनाओं में भी किया होगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण से मुलाकात करने के दौरान उन्हें दिल्ली की विकास यात्रा, मौजूदा योजनाओं की प्रगति और भविष्य की आवश्यकताओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से दिल्ली में प्रभावी बदलाव हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की 'सहभागिता आधारित विकास नीति' से राजधानी को नई दिशा और ऊर्जा मिली है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि बैठक के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भरोसा दिलाया है कि दिल्ली के विकास के लिए केंद्र सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करती रहेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी ही नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, प्रशासनिक और आर्थिक पहचान का केंद्र है। ऐसे में इसका नियोजित विकास और सुशासन ऐसा होना चाहिए, जो सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बने। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को जानकारी दी कि दिल्ली सरकार इसी दिशा में लगातार काम कर रही है, ताकि दिल्ली को बेहतर विकास हो और लोगों को वे सभी सुविधाएं मिलें जो देश की राजधानी के निवासियों को मिलनी चाहिए।

#### मुख्यमंत्री ने सहयोगात्मक रवैये के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री को दिया धन्यवाद

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय वित्त मंत्री के सकारात्मक दृष्टिकोण और सहयोगात्मक रवैये के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता केंद्र और राज्य सरकार के साझा प्रयासों का प्रत्यक्ष लाभ महसूस कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वस्त किया कि एसएएससीआई योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा और दिल्ली को एक विश्वस्तरीय राजधानी के रूप में विकसित करने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस बैठक में वित्त मंत्रालय व दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि यह मुलाकात न केवल दिल्ली के विकास को गति देने की दृष्टि से महत्वपूर्ण रही, बल्कि यह केंद्र और राज्य सरकार के बीच सहयोगात्मक संघवाद की भावना का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी है।

#### क्या है एसएएससीआई योजना

एसएएससीआई योजना की शुरुआत वर्ष 2020–21 में कोविड-19 से आर्थिक पुनरुद्धार के मद्देनजर की गई थी। इसका उद्देश्य राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को पूंजीगत खर्च के लिए 50 वर्षों तक ब्याज रहित कर्ज उपलब्ध कराना है, ताकि बुनियादी ढांचे, रोजगार और सतत विकास को बढ़ावा मिल सके। यह योजना राज्यों को वित्तीय संसाधन, सुधारों और पूंजीगत क्षमता प्रदान कर देश के समग्र विकास में सक्रिय भागीदार बनाती है।

## शिवभक्तों के स्वागत के लिए दिल्ली सरकार पूरी तरह तैयार : मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार शिवभक्तों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। पूरे दिल्ली में एक उत्सव जैसा माहौल है। हर कांवड़ कैंप की व्यवस्थाएं हमारी टीम, अधिकारियों, मंत्रियों और विधायकों द्वारा समय से पहले ही सुनिश्चित कर ली गई हैं। दिल्ली सरकार पूरी तत्परता और पारदर्शिता के साथ अपना कर्तव्य निभा रही है। इस बात की जानकारी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को गोकुलपुरी स्थित कांवड़ शिविर का उद्घाटन करने के अवसर पर दी।

इस दौरान सांसद मनोज तिवारी, कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा एवं विधायक अजय महावर उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दिल्ली के यमुना विहार में स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना भी की और भोले बाबा का आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि कांवड़ यात्रा आस्था और सेवा का प्रतीक है। हमारी सरकार प्रत्येक श्रद्धालु को पूरा सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी को असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए हमारी सरकार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि पहले की सरकारों के दौरान कांवड़ सेवा में भारी अनियमितताएं होती थीं। मात्र 170 कैंप लगाए जाते थे, जिनमें से कई संदिग्ध संस्थाओं के नाम पर होते थे। करोड़ों रुपये टेंट माफिया की जेब में चले जाते थे और असली शिव भक्त तक सुविधाएं नहीं पहुंचती थीं। लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार 374 कांवड़ कैंप लगाए गए हैं। सभी कैंपों को केवल 72 घंटे में सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से सभी आवश्यक अनुमतियां प्रदान की गईं। इस बार कांवड़ शिविरों की अनुमतियां न केवल समयबद्ध रूप से जारी की गईं, बल्कि सभी व्यवस्थाएं भी पूर्व निर्धारित समय में पूरी कर ली गई है।

## 'दिल्ली का कोई भी काम नहीं रहेगा अधूरा'

**नई दिल्ली।** दिल्ली का कोई भी काम अधूरा नहीं रहेगा, हर मांग पूरी होगी। इस बात आश्वासन गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोंडा विधानसभा में चौपाल का उद्घाटन करने के अवसर पर दिया। वहीं उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि सांसद और विधायकों द्वारा सुझाए गए सभी कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में सांसद मनोज तिवारी, कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा, विधायक अजय महावर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कहा कि यह चौपाल न केवल आम नागरिकों से संवाद का माध्यम बनेगी, बल्कि यह शासन और जनता के बीच की दूरी को कम करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सिग्नेचर ब्रिज के निकट प्रस्तावित स्काई यू-टर्न निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने यमुना विहार रोड और आसपास के क्षेत्रों में जारी विकास कार्यों का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित परियोजनाओं को तय समय-सीमा के भीतर और गुणवत्ता के मानकों के अनुसार पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौपाल भारतीय परंपरा का वह मंच है, जहां न सिर्फ विचारों का आदान-प्रदान होता है, बल्कि समाधान की दिशा भी निकलती है। आज दिल्ली जैसे महानगर में चौपाल का उद्घाटन एक संदेश है कि विकास की दौड़ में भी हम अपनी जड़ों से जुड़े हैं।

## प्रवेश और सिरसा ने फ्लाईओवर व अंडरपास निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

महिपालपुर, अर्बन एक्सटेंशन रोड -2 और एनएच-48 इंटरसेक्शन पर जाम की समस्या के समाधान निकालने के लिए गुरुवार को दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने निर्माणाधीन फ्लाईओवर और अंडरपास कार्य का निरीक्षण किया। यह महत्त्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पश्चिमी और बाहरी दिल्ली के उन लाखों लोगों के लिए राहत लेकर आएगा, जो रोजाना इस जंक्शन पर लगने वाले भीषण जाम से जूझते हैं। सालों से हो रहे ट्रैफिक दबाव के चलते समय की बर्बादी, ईंधन की खपत और वायु प्रदूषण में भारी इजाफा देखा गया है। दोनों मंत्रियों ने इस परियोजना के समयबद्ध और तकनीकी रूप से सटीक क्रियान्वयन की जरूरत पर बल दिया, साथ ही यह सुनिश्चित करने की बात कही कि जनहित को ध्यान में रखकर हर स्तर पर जवाबदेही बनी रहे। वर्षों से जारी ट्रैफिक की चुनौती को हल करने की यह कोशिश अब एक ठोस दिशा में आगे बढ़ रही है, जिससे दिल्ली के नागरिकों को सुरक्षित, तेज़ और प्रदूषण-मुक्त यात्रा का अनुभव मिल सकेगा। निरीक्षण के बाद पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा मैं सभी कंसल्टेंट्स के साथ मिलकर यहां हुए काम की कमियों को जांचने आया हूं। हम इसका दोबारा अध्ययन करेंगे और जो भी कमियां या गैप हैं उन्हें दूर करने का प्रयास करेंगे।



## अंबेडकर की फोटो और झाड़ू से केजरीवाल ने किया दलित छात्रों का भविष्य खराब : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कोचिंग मामले पर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। यादव ने कहा कि डा० अम्बेडकर की फोटो और झाडू चुनाव चिन्ह के सहारे केजरीवाल ने कोचिंग माफिया के साथ मिलकर दलित छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। यादव ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मांग की कि दलित छात्रों को कोचिंग के मामले में हुए 145 करोड़ के घोटाले की जांच सीबीआई से कराई जाए। ताकि कोचिंग सेन्टर के साथ जुड़े आम आदमी पार्टी के नेटवर्क का खुलासा हो सके और यह पैसा आम आदमी पार्टी किस-किस नेता और उनसे जुड़े लोगों के पास भ्रष्टाचार का पैसा गया, जनता के सामने आना चाहिए। यादव ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सिफारिश पर एलजी द्वारा एंटी करप्शन ब्यूरो से जांच कराने के फैसले को नाकाफी बताते हुए कहा कि क्योंकि पिछली सरकार के कई अन्य भ्रष्टाचार के मामलों की जांच एसीबी कर रही जिसके तहत दोषी करार होने के बावजूद अभी तक ठोस कार्यवाही नहीं हुई है।

### उपराज्यपाल संग किया निरीक्षण

# बांसेरा देख उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा दिल्ली को मिल रहे हैं नए फेफड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप सिंह धनखड़ ने गुरुवार को यमुना डूब क्षेत्र में विकसित बांसेरा और यमुना वाटिका को देखकर संतोष व्यक्त करते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से कहा कि दिल्ली को नए फेफड़े मिल रहे है। धनखड़ ने कहा कि कभी सोचा नहीं था कि राजधानी में यमुना किनारे ऐसा सुंदर व मनमोहक दृश्य देखने को मिलेगा। उपराष्ट्रपति ने यमुना वाटिका और बांसेरा का दौरा किया और एलजी सक्सेना व दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की जमकर तारीफ की। राज निवास द्वारा दी गई जानकारी अनुसार बांसेरा और यमुना वाटिका का दौरा करने पहुंचे उपराष्ट्रपति धनखड़ के साथ उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, एलजी सक्सेना व अन्य आला अधिकारी मौजूद थे। दिल्ली जैसे शहर में विकसित किए गए बांसेरा और यमुना वाटिका को देखकर उपराष्ट्रपति इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि राजधानी दिल्ली को जिसकी जरूरत है वह नए फेफड़े दिए जा रहे है। उन्होंने उपराज्यपाल सक्सेना के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके कार्यों को क्रांतिकारी बताया। वहीं इस दौरे को लेकर एलजी सक्सेना ने कहा कि उपराष्ट्रपति धनखड़ और उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ ने यमुना वाटिका और बांसेरा का दौरा किया। उपराष्ट्रपति ने दिल्ली और उसके लोगों के व्यापक लाभ के लिए यमुना के डूब क्षेत्र के पुनरुद्धार के हमारे सामूहिक प्रयासों की सराहना की। एलजी ने कहा कि आपके प्रोत्साहन भरे शब्दों के लिए हार्दिक धन्यवाद। उपराष्ट्रपति की गरिमामय उपस्थिति दिल्ली के स्थायित्व और हरित उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने में तेजी लाएगी और लोगों को हमारी प्राचीन धरोहर - यमुना की रक्षा और संरक्षण में भागीदार बनने के लिए प्रेरित करेगी। एलजी ने कहा कि यह लोगों को इन नव-विकसित सार्वजनिक हरित क्षेत्रों में शारीरिक गतिविधियां करने और स्वस्थ रहने के लिए भी प्रोत्साहित करेगी। बता दें कि बांसेरा में 30 हजार बांस लगाए गए हैं।






## खबर संक्षेप

### यमुना में मिला किशोर का शव

**फरीदाबाद।** जिले के छांयसा थाना क्षेत्र के छांयसा गांव के पास यमुना नदी में एक अज्ञात किशोर का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। यह शव स्थानीय लोगों को बुधवार शाम को नदी में बहता हुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही छांयसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया और जांच शुरू की।



### किया डिजिटल अरेस्ट 11 लाख ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम ईस्ट थाना एरिया में पुलिस अधिकारी बनकर एक व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट करके 11 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। आर्किडियाल आईलैंड के रहने वाले अमिताभ दत्ता ने बताया कि उन्हें 14 जुलाई को एक व्यक्ति का वीडियो कॉल आया। कॉलर ने खुद को पुलिस बताया।



### ठगी करने वाला आरोपी पकड़ाया, भेजा जेल

**गुरुग्राम।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नौकरी लगाने के नाम पर 80 हजार रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर क्राइम मानेसर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना पुलिस में एक युवक ने 28 फरवरी को शिकायत दी थी कि किसी ने फर्जी प्रोफेसर बनकर उसके पास कॉल की। विश्वास में लेते हुए बताया गया उसे हरियाणा सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नौकरी पर लगवा देगा।



## सह-सचिव के कुशल निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न हुआ

# अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर एक व्यापक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद संदीप गर्ग के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव रीतू यादव के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम फरीदाबाद जिले के विभिन्न शासकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों तथा ग्रामों में आयोजित किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाली, तिलपत, खेड़ी कलां, मेवला महाराजपुर एवं गौंछी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त ग्राम सदपुरा तथा ग्राम पियाला में भी व्यवसायिक मार्गदर्शन से संबंधित जागरूकता कार्यक्रमों एवं सेमिनारों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सीजेएम रीतू यादव ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के महत्व से अवगत कराया तथा बताया कि न्याय क्या है और यह



समाज के प्रत्येक व्यक्ति का मूल अधिकार है। उन्होंने विधिक सहायता प्राप्त करने की पात्रता की जानकारी दी और यह स्पष्ट किया कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक तंगी या गरीबी के कारण न्याय से वंचित न रह जाए, यही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद का मुख्य उद्देश्य है। छात्रों में विधिक जानकारी को बढ़ावा देने के लिए विद्यालयों में क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इसके अतिरिक्त प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन कर विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेज जैसे विकलांगता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, अनाथ प्रमाण पत्र आदि प्राप्त करने में सहायता प्रदान की गई।

**अभियान में 1250 विद्यार्थियों एवं बच्चो को लाभ हुआ:** इस अभियान से लगभग 1250 विद्यार्थियों एवं बच्चों को लाभ प्राप्त हुआ तथा 24 प्रमाण पत्रों के निर्माण की प्रक्रिया में सहायता प्रदान की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने और युवाओं में विधिक जागरूकता फैलाने के लिए सतत प्रयासरत है।

## बल्लभगढ़ के लिए मंजूर 20 करोड़ से होने वाले विकास कार्यों को दें गति

# चावला कॉलोनी से सेक्टर 3 तक नई सीवर लाइन का एस्टीमेट जल्द करें तैयार: विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा पं. मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के विकास कार्य, पानी निकासी, सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने जैसे डेवलपमेंट के कार्यों को लेकर गुरवार को नगर निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा और बल्लभगढ़ निगम जोन के अधिकारियों के साथ चर्चा की।

निर्देश दिए हैं कि बल्लभगढ़ विधानसभा में बनाए जाने वाले नए सामुदायिक भवन, नए सीवर के कार्य सड़क के कार्य गली निर्माण के कार्यों को तेज गति के साथ जल्द शुरू कराएं। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों के साथ सरकार द्वारा मंजूर हुए विकास कार्यक्रम के बारे में भी समीक्षा की और कहा कि जो कार्य सरकार ने हाल ही में



मंजूर किए हैं उन्हें शुरू कराया जाए। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ के विकास के लिए मंजूर किए गए 20 करोड़ रुपए से होने वाले सभी कार्य जल्द से जल्द शुरू कराया जाए।

पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बापू नगर में बनाए जाने वाले सामुदायिक भवन की फाइल प्रक्रिया को जल्द पूरा कराएं ताकि वहां सामुदायिक भवन बनाया जा सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बापू नगर से सीवर और बरसाती पानी की निकासी के लिए भी जल्द प्लान तैयार करें। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन से कब्जों को भी खाली कराने के निर्देश दिए हैं। विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा में सभी डिस्पोजल पर जाकर अधिकारी निरीक्षण करें और मोटरों को चालू रखें ताकि बरसात के दौरान शहर में जलभराव नहीं हो। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने विधायक पं. मूलचंद शर्मा को आश्वस्त किया है कि वह बल्लभगढ़ विधानसभा के अंदर होने वाले किसी भी विकास कार्य के साथ-साथ साफ-सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त कराएंगे ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं प्रशासन की तरफ से मिल सके। उन्होंने कहा कि है सभी अधिकारी और कर्मचारी सहयोग के साथ शहर के विकास में अपनी भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर जॉइंट कमिश्नर करण भदोरिया, अधीक्षण अभियंता ओमवीर सिंह, कार्यकारी अभियंता हरीश और एसडीओ अमित चौधरी भी मौजूद रहे।

### रेकी कर साथियों को दी थी जानकारी, फिर की फायरिंग

## बॉलीवुड सिंगर राहुल पर फायरिंग करने वाला आरोपी पांच दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

बॉलीवुड सिंगर राहुल फाजिलपुरिया की थार गाड़ी पर फायरिंग करने के मामले में गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने पांच दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया है। पुलिस ने आरोपी विशाल को बुधवार की शाम को गिरफ्तार किया था। जिसे वीरवार को पुलिस ने अदालत के समक्ष पेश कर दिया। आरोपी ने फाजिलपुरिया के आने-जाने वाले रास्तों व ठिकानों की रैकी कर अपने साथियों को जानकारी दी थी। सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच ने फाजिलपुरिया की गाड़ी पर फायरिंग करने के मामले में रेकी करने वाले आरोपी को सोनीपत से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान विशाल (25 वर्ष) निवासी जाजल, जिला सोनीपत के रूप में हुई। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सिंगर फाजिलपुरिया के आने-जाने के समय रुकने के स्थान की रेकी की थी। जिसके लिए वह गुरुग्राम में कई बार आया और अलग-अलग गेस्ट हाउस में ठहरा था। वारदात के दिन भी इसने फाजिलपुरिया की रेकी करते हुए उसकी सूचना अपने अन्य साथियों को दी थी। जिसके आधार पर इसके साथियों ने वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी से पूछताछ में बताया कि वारदात को अंजाम देने में प्रयोग की गई टाटा पंच कार (पुलिस द्वारा पहले ही बरामद की जा चुकी है) को किराए पर लेने के काम में भी यह अपने अन्य साथी के साथ शामिल रहा था।

### रोडरेज में डॉक्टर व उसके साथी से मारपीट कर चेन छीनी

**गुरुग्राम।** सोहना रोड पर एक फॉरच्यूनर और इको गाड़ी में टक्कर होने के बाद रोडरेज का मामला सामने आया है। इको सवार युवकों ने न केवल फॉरच्यूनर सवार डॉक्टर और उसके साथी की पिटाई की बल्कि उनके गले

## फरीदाबाद से वन्यजीव अंगों की तस्करी करने वाला धराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

वन्य प्राणी विभाग को वन्य जीवों की तस्करी करने के मामले में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। विभाग ने छापा मारकर पुलिस की मदद से सेक्टर.आठ स्थित एक मकान से वन्य प्राणियों के उत्पाद (अंग) बरामद किए हैं। टीम ने उत्पादों को बरामद करके अपने कब्जे में ले लिया है। छापे में बरामद मोबाइल में मिले कॉन्टेक्ट नंबर्स के आधार पर पुलिस अन्य तस्करों को पकड़ने की योजना बना रही है।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी ने वन्य प्राणी विभाग के निरीक्षक कृष्ण कुमार को सूचना दी थी कि सेक्टर.आठ स्थित मकान नंबर 1887 में यज्ञदत्त नामक व्यक्ति के पास वन्य प्राणियों के उत्पाद हैं। वह इन उत्पादों को कहां से लेकर आता है, यह तो उसे नहीं पता था। मगर उसने बताया कि यज्ञदत्त इन उत्पादों को बेचकर रुपये कमाता है।

वन्य प्राणियों के उत्पादों को बेचना जुर्म है। इस सूचना के बाद वन्य प्राणी निरीक्षक कृष्ण कुमार ने अपनी टीम गठित की। इस टीम में वन्य जीव रक्षक हंसराज, विशेषज्ञ सहायक लक्ष्मण, वन रक्षक आमिर खान, वन रक्षक दरोगा संदीप, ड्राइवर राकेश, एक महिला पुलिसकर्मी हवलदार भगवानी व अन्य पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया। टीम ने मकान में छापा मारा तो उनके होश उड़ गए। जांच टीम ने मकान में रह रहे यज्ञदत्त के पास से पांच इंद्रजाल (समुद्री पौधा कोरल), तीन हाथाजोड़ी और एक मोबाइल फोन बरामद किया।

### स्पॉ की आड़ में सेक्स रैकेट चलाने का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** पालम विहार थाना एरिया में पुलिस ने स्पॉ की आड़ में सेक्स रैकेट चलाने का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फर्जी ग्राहक भेजकर स्पा सेंटरों में भेजा। जिनको स्पॉ में रुपए लेकर लड़कियां उपलब्ध कराई गई। पालम विहार थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजेंद्र को सूचना मिली कि स्पॉ सेंटरों में सैक्स रैकेट चलाया जा रहा है। जिस पर डीसीपी वेस्ट करण गोयल द्वारा एसीपी सुशीला की देखरेख में इंस्पेक्टर विजेंद्र के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुमन कुमार पुत्र** पवन मंडल **निवासी** म.नं. C-60/214, प्रियदर्शनी कॉलोनी, कुतुब रोड़, सदर बाज़ार, दिल्ली ने **FIR No. 471/24 U/s 27/61/85 NDPS Act. थाना: सदर बाज़ार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुमन कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुमन कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 471/24 U/s 27/61/85 NDPS Act. थाना: सदर बाज़ार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुमन कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव गोयल
जेएमएफसी-06 (CD), कमरा नं. 247
तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/9376/N/2025
(Court Matter)


### नागरिक अस्पताल में खाली पदों पर गहरी चिंता जताई

# राज्य में मौजूदा स्वास्थ्य ढांचा आबादी के अनुरूप नहीं, बड़ी संख्या में पद खाली: डॉ.दाहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जन स्वास्थ्य अभियान हरियाणा से जुड़े पीजीआईएमएस रोहतक में वरिष्ठ सर्जन रहे डाक्टर रणबीर सिंह दाहिया ने कहा कि राज्य में मौजूदा स्वास्थ्य ढांचे की सुध कम ली जा रही है। उन्होंने पीएचसी, सीएचसी व नागरिक अस्पतालों में खाली पदों पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों जैसे लैब तकनीशियन, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता इत्यादि की कमी ज्यों की त्यों बनी हुई है। उन्होंने बताया कि जो स्वास्थ्य कर्मचारी पहले से काम कर रहे हैं, उनके शिक्षण व प्रशिक्षण की हालत भी बहुत अच्छी नहीं है। डॉक्टरों सहित अलग-अलग स्वास्थ्य कर्मचारियों, वो चाहे फार्मासिस्ट हों, स्टाफ नर्स हों, बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी हों या अन्य कोई कर्मचारी, सभी पक्ष सरकार की मौजूदा नीतियों से परेशान हैं। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं जैसे आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर आदि की स्थिति भी बाकी कर्मचारियों जैसी ही है। मातृत्व एवं जच्चा-बच्चा केंद्र को भी शुरू होने में काफी टाइम लगा। डाक्टर दहिया ने बताया कि देश के सरकारी ढांचे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक सर्जन्ए एक शिशु रोग विशेषज्ञ, एक स्त्री रोग विशेषज्ञ और एक फिजिशियन आदि विशेषज्ञ सहित 7 चिकित्सा अधिकारी अवश्य होने चाहिए। लेकिन ये चारों विशेषज्ञ व चिकित्सा अधिकारी शायद ही हरियाणा के किसी सामुदायिक केंद्र में उपलब्ध हों। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कम से कम दो चिकित्सा अधिकारी व डैंटल सर्जन का होना अनिवार्य है।



उन्होंने बताया कि हरियाणा की जनसंख्या 2011 में करीब 2.54 करोड़ है। ग्रामीण जनसंख्या 16 करोड़ 50 हजार है। 5 हजार पर एक उप स्वास्थ्य केंद्र, 30000 पर एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और एक लाख पर एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण क्षेत्र का प्रारूप माना गया है।

### बैंक कर्मी बनकर कंपनी कर्मी को लगाई 80 हजार की चपत

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर थाना एरिया में जालसाज ने बैंक कर्मी बनकर एक कंपनी कर्मी को 80 हजार रुपए की चपत लगा दी। जालसाज ने उसके बैंक क्रेडिट कार्ड से चल रही इंश्योरेंस पॉलिसी हटाने के नाम उसके क्रेडिट कार्ड से ट्रांजेक्शन कर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने शिकायत मिलने पर केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पंजाब के मोहाली-डेरा बस्सी के अमन स्याल ने बताया कि वह गुरुग्राम के आईएमटी मानेसर एरिया स्थित कंपनी में काम करता है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में गाजियाबाद बना वाटर प्लस प्लस, नगर आयुक्त ने टीम को दी बधाई

### स्वच्छता सर्वेक्षण में गाजियाबाद 38 वें नंबर से 11 पर राष्ट्रीय रैंक में आया उछाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद




स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के परिणामों में गार्बेज फ्री सिटी में गाजियाबाद को फाइव स्टार घोषित किया गया। साथ ही ओडीएफ प्लस प्लस से गाजियाबाद वाटर प्लस प्लस बना। राष्ट्रीय रैंक में भी उछाल आया है 38 रैंक से भारत 11 नंबर का मुकाम हासिल कर चुका है

नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि गाजियाबाद का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। जिसमें फील्ड सर्वे के आधार पर परिणाम की घोषणा की गई जिसका कार्यक्रम दिल्ली विज्ञान भवन में आयोजित हुआ, भारत की राष्ट्रपति महोदया की उपस्थिति में स्वच्छता सर्वेक्षण परिणाम की घोषणा हुई स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम मौके पर उपस्थित रही। उत्तर प्रदेश में भी टॉप फाइव में शामिल है। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में गाजियाबाद ने फिर बाजी मारी है। राष्ट्रीय रैंक बढ़ोतरी हुई है। भारत में गाजियाबाद का 11वां स्थान है, जो की 38 रैंक पर था। इसी प्रकार टॉप फाइव में भी गाजियाबाद शामिल रहा। सार्वजनिक साफ-सफाई, आवासीय अनवासीय भवन की साफ-सफाई, तालाबों की साफ सफाई, लेगेसी वेस्ट निस्तारण की कार्यवाही में गाजियाबाद को 100 में से 100 अंक प्राप्त हुए। सार्वजनिक शौचालय का रखरखाव साफ-सफाई में 97 अंक प्राप्त हुए डोर टू डोर पूरा कलेक्शन में गाजियाबाद को 98 अंक प्राप्त हुए कूड़ा उत्सर्जन के सापेक्ष निस्तारण की कार्यवाही में 91 अंक प्राप्त हुए, शहर वासियों द्वारा कचरा पृथक्करण अपनाते हुए गीले तथा सूखे कचरे को अलग-अलग करने की प्रक्रिया में भी 57 अंक प्राप्त हुए। गार्बेज फ्री सिटी में गाजियाबाद को हासिल फाइव स्टार पर महापौर ने श्री स्टार था अब फाइव स्टार बन चुका है। जिसमें शहर वासियों की अहम भूमिका रही है। 455 कूड़ा स्थल ऐसे थे जिनको विलुप्त किया गया तथा वहां पर सौंदर्य करण की कार्यवाही की गई जिस पर सर्वे के आधार पर सुखद परिणाम प्राप्त हुए हैं, सीवर का सत प्रतिशत जल ट्रीटमेंट करने पर वाटर प्लस प्लस प्राप्त हुआ है जो की सराहनीय है, उत्तर प्रदेश में भी टॉप फाइव में गाजियाबाद शामिल है और अधिक मेहनत शहर हित में शहर वासी तथा निगम अधिकारी मिलकर करेंगे आगे अच्छे परिणाम मिलेंगे उत्साहवर्धन किया गया।


केनरा बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Canara Bank (A Govt. of India Undertaking)
**Recovery Section, Regional Office**
Plot no. 39, 1st Floor, Near Bohra Hyundai, Neelam-Bata Road, Faridabad

**NOTICE TO OUR CUSTOMER**

We would like to inform our customer **(Borrower). M/s KK metal Address:** Plot no. E-70, Laghu Udhyog Kunj, Sec- 64, Mohna Road, Ballabhgarh, Faridabad-121004 Also, at: Plot no. 81, Sector-24 Baba Hriday Ram Colony Near Village Mujeshwar, Ballabhgarh-121005. 2. Sri Shailesh Sharma (Prop.) Address: House no. 93/1, Village Sihi, Sector-8, Faridabad-121006. **Guarantor:** Sri Mahesh Chand S/o Deep Chand Address: House no. 4239, Sanjay Colony-II Sector-22, Faridabad-121005. registered with sub which has been sold under E-auction and physical possession of the same has been taken by the bank on 15.07.2025 and the property has been sealed with their household items inside, whose inventory mentioned below.

**Inventory List**

One Double Bed (Damage Condition), One Television 14 Inch, One Sewing Machine, Two Chairs, Two Ceiling Fans, Two Blankets / Gadda, One Fridge small, Utensils, One cot, One Cooler - Non working

The Bank shall be handing over the property to the Auction purchaser at the earliest so they are instructed through this publication notice to collect their items within 07 days of the publication of this Notice, failing which the bank will be bound to dispose off the same as per rules & regulations.

**Date:** 18-07-2025
**Place:** Faridabad

**Authorised Officer,**
**Canara Bank**



### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सुभाष, पुत्रः** नंद किशोर उर्फ करणे, **पताः** बी–3/253, सुल्तानपुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 447/2017, U/s 379/411/34 IPC,** थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुभाष** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुभाष** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 447/2017, U/s 379/411/34 IPC,** थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सुभाष** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रीमती रीतिका जैन, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
(उत्तर–पश्चिम)
कमरा न. 105, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9300/OD/2025
(Court Matter)



## दि सोनीपत सह. चीनी मिल्स लि., सोनीपत

### "ई-निविदा सूचना"

मूल निर्माता/अधिकृत डीलर/प्रतिष्ठित एवं अनुभवी आपूर्तिकर्ताओं से निम्नलिखित मदों के लिए ई-टेंडरिंग के माध्यम से अपनी दरें जमा करवाने का आग्रह किया जाता है। विस्तृत निविदा प्रपत्र सम्बन्धित मदों के नीचे वर्णित अनुसार ई-टेंडरिंग पोर्टल से डाउनलोड किए जाते हैं।

| क्र.सं. | मदों का वर्णन | ई-निविदा आईडी सं. |
|---|---|---|
| 1. | पैकिंग और जॉइंटिंग मेक चैंपियन/क्लिंगर/स्पिटमैन की खरीद। | 2025_HBC_458635_1 |
| 2. | विभिन्न प्रकार के एम.एस., सुपरबॉन्ड वेल्डिंग इलेक्ट्रोड्स की खरीद। | 2025_HBC_458640_1 |
| 3. | मिल टर्बाइन एपी बेलिस मेक 2 अदद फीड पंप टर्बाइन डीओएच-17 एपी बेलिस मेक का एएमसी, मरम्मत, ओवरहॉलिंग। | 2025_HBC_458644_1 |
| 4 | विभिन्न प्रकार के जॉब्स से सम्बन्धित डायनेमिक बैलेंसिंग और मोटाई चैकिंग के लिए दर अनुबंध। | 2025_HBC_458653_1 |
| 5. | मिल टर्बाइन एस.एस.-26 मेक यूरोपा के हाइड्रोलिक गवर्नर (जले हुए) के लिए स्पेयर्स की खरीद। | 2025_HBC_458662_1 |
| 6. | फीड पंप टर्बो/टरबाइन डीओएच-17 (एपी बेलिस मेक) की फिटिंग और स्पेयर्स की खरीद तथा मरम्मत, ओवरहालिंग के संबंध में। | 2025_HBC_458687_1 |
| 7. | मिल टर्बाइन रिडक्शन गियर बॉक्स (600 एचपी, एलन बेरी मेक) के आंतरिक भागों के रिकंडीटिंग कार्य के संबंध में। | 2025_HBC_458691_1 |
| 8. | नए एलन बेरी मेक 2 अदद गियर बॉक्स के पिनियन शाफ्ट की खरीद। | 2025_HBC_458695_1 |
| 9. | लौह इस्पात (टाटा/सेल मेक) की खरीद। | 2025_HBC_458702_1 |
| 10. | न्यू हब्स के ट्रायल और खरीद सहित केन कटर असेंबली का विखंडन, मरम्मत और फिटिंग (ईसीआई मेक)। | 2025_HBC_458825_1 |
| 11. | मिल हाउस में इलेक्ट्रोफ्लक्स मैग्नेट के अपग्रेडिंग/खरीद के संबंध में। | 2025_HBC_458829_1 |
| 12. | बॉयलिंग हाउस में पुराने जीर्ण-शीर्ण स्तंभों, ट्रसेज और पर्लिनों को बदलना। | 2025_HBC_458790_1 |
| 13. | रिसावदार, जाम और क्षतिग्रस्त एसएस ट्यूबों को हटाने और उन्हें जूस हीटर, इवेपोरेटर बॉडीज, एफएफई'एस और पैन्स के हाइड्रोलिक परीक्षण द्वारा बदलने का अनुबंध। | 2025_HBC_458807_1 |
| 14. | ऑफ सीजन 2025-26 के चिपिंग, क्लीनिंग और पेंटिंग के विभिन्न जॉब्स का अनुबंध। | 2025_HBC_458793_1 |
| 15. | फैक्टरी के विभिन्न स्टेशनों पर इन्सुलेशन और लैगिंग कार्य। | 2025_HBC_458801_1 |
| 16. | बॉयलर फायर साइड केमिकल थर्मैक्ट-बी (अभिटेक मेक) का दर अनुबंध। | 2025_HBC_458832_1 |
| 17. | मिल हाउस में लूब्रिकेटिंग सिस्टम के लिए केंद्रीकृत बेकेम ग्रीस की आपूर्ति, साथ ही संपूर्ण लूब्रिकेटिंग सिस्टम का ए.एम.सी. और प्रचालन। | 2025_HBC_458636_1 |
| 18. | प्लैनेटरी गियर बॉक्स की खरीद। | 2025_HBC_458840_1 |
| 19. | पी.एच. और टीडीएस बनाए रखने के लिए बॉयलर्स केमिकल्स का दर अनुबंध। | 2025_HBC_458855_1 |
| 20. | विभिन्न प्रकार के नट और बोल्ट अर्थात एम.एस. नट और बोल्ट, एस.एस. नट और बोल्ट, एच.टी. नट-बोल्ट और स्टड आदि की खरीद के लिए वार्षिक दर अनुबंध के संबंध में। | 2025_HBC_458893_1 |
| 21. | विभिन्न आकार के वॉल्व्ज जैसे सी.आई. स्लुइस वाल्व्ज, ग्लोब वाल्व्ज, राइट एंगल वाल्व्ज, बटरफ्लाई वाल्व्ज, डायाफ्राम वाल्व्ज, राइजिंग और नॉन-राइजिंग वाल्व्ज और गनमेटल वाल्व्ज/एस.एस. बॉल टाइप वाल्व्ज/विभिन्न आकार के एंगल वाल्व्ज आदि के वार्षिक दर अनुबंध के संबंध में। | 2025_HBC_458896_1 |
| 22. | क्रमांक एचए 111 और एचए-112 के अनुसार हमारे दोनों बॉयलरों के आरएलए शेष जीवन मूल्यांकन के संबंध में। | 2025_HBC_458900_1 |
| 23. | हमारे आरेखणों और विशिष्टी के अनुसार ग्रूविंग सहित अंडर फीड रोलर्स की री-शेलिंग और डी-शेलिंग। | 2025_HBC_459048_2 |
| 24. | एबीबी, एगटेक सीमेंस आदि मेक साथ ही कंट्रोल पैनल के वी.एफ.डी. की ओवरहालिंग और ए.एम.सी.। | 2025_HBC_458909_1 |
| 25. | विद्युत मोटरों की रिवाइंडिंग का दर अनुबंध। | 2025_HBC_458920_1 |
| 26. | ट्रांसमिशन सिस्टम 29 टीथ के लिए ट्रांसमिशन गियर और पिनियन की खरीद। | 2025_HBC_458927_1 |
| 27. | पंप और पंप स्पेयर्स की खरीद। | 2025_HBC_458931_1 |
| 28. | पाइप और पाइप फिटिंग की खरीद। | 2025_HBC_458965_1 |
| 29. | मेन एसीबी कंट्रोल पैनल, पावर जनरेशन कंट्रोल और 3 एमडब्ल्यू बीएचईएल मेक अल्टरनेटर और एवीआर'एस के सेफ्टी सिस्टम की पूर्ण रीवायरिंग के संबंध में। | 2025_HBC_458988_1 |
| 30. | स्वचालित पावर फैक्टर पैनल की आपूर्ति और प्रचालन के संबंध में। | 2025_HBC_459137_1 |
| 31. | एक वर्ष के लिए ऑक्सीजन और एल.पी.जी. गैस सिलेंडरों की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध। | 2025_HBC_459044_2 |
| 32. | ऑफ सीजन 2025 के दौरान वैक्यूम फिल्टर 8'×16' और 10'×20' की ओवरहालिंग, रीकंडीशनिंग मरम्मत कार्य, फिटिंग सर्विसिंग को बदलना। | 2025_HBC_459047_2 |
| 33. | एफएफई'एस इवेपोरेटर और पैन इत्यादि की ट्यूब क्लीनिंग उपकरणों की खरीद। | 2025_HBC_459046_2 |
| 34. | 28 टन क्षमता वाले वैक्यूम क्रिस्टलाइजर को 40 टन से बदलना। | 2025_HBC_459049_3 |
| 35. | ऑफ सीजन 2025 और पेराई सीजन 2025-26 के लिए 2200 टीसीडी के शुगर प्लांट के पूर्ण प्रचालन और रखरखाव हेतु अनुबंध। | 2025_HBC_458972_1 |
| 36. | शीरे की बिक्री। | 2025_HBC_459050_2 |
| 37. | 696 अदद एयर प्री हीटर ट्यूबों की आपूर्ति और पुराने ट्यूबों का विखण्डन, नई ट्यूबों की फेब्रिकेशन, स्थापना, प्रचालन और बॉयलर नं.-1 के एयर प्री हीटर का परीक्षण के सम्बन्ध में। | 2025_HBC_459176_1 |

सभी निविदाएँ ई-टेंडरिंग पोर्टल https://etenders.hry.nic.in पर उपलब्ध होंगी। बोली तकनीकी के साथ-साथ वाणिज्यिक, दो भागों में अलग-अलग जमा करवाई जानी चाहिए। तकनीकी निविदा 26.07.2025 को पूर्वा. 09:30 बजे खोली जाएगी और वित्तीय बोली के खुलने हेतु समय 28.07.2025 को पूर्वा. 09:30 बजे निर्धारित किया गया है और यदि आवश्यक हुआ तो नगोसिएशन 29.07.2025 को पूर्वा. 10:00 बजे से आयोजित की जाएगी। सभी संबंधित पक्षों को ई-टेंडरिंग पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। मिल प्रबंधन बिना कोई कारण बताए किसी / सभी निविदाओं / मदों को स्वीकार / निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता/- प्रबंध निदेशक
दि सोनीपत सह. चीनी मिल्स लि., सोनीपत

संवाद-1039/11/87/2026/36710/सी/88/7 दि. 17.07.25

# स्वच्छ सर्वेक्षण में राजधानी लखनऊ की लंबी छलांग, 44वें से तीसरे स्थान पर पहुंचा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया सम्मानित

## सीएम योगी आदित्यनाथ बोले प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई

स्वच्छ सर्वेक्षण में लखनऊ ने लंबी छलांग मारी है। 44वें पायदान से उठकर सीधे तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। अपर नगर आयुक्त ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में प्रदेश के पांच शहरों- लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, आगरा और गौतमबुद्ध नगर को स्थान मिला है। लखनऊ ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 44वें स्थान से तीसरे स्थान पर जगह बनाई है।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ ने साफ सुथरे शहरों में ऊंची छलांग लगाते हुए देश के सर्वश्रेष्ठ तीन शहरों में स्थान प्राप्त किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में इन शहरों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में नगर विकास मंत्री एके शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल और पूर्व नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में आई तीसरी रैंक का पुरस्कार लिया।

स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर निगम लखनऊ की रैंकिंग में सुधार हुआ है। नगर निगम को देश में तीसरा स्थान मिला है। यह रैंकिंग भी नगर निगम को तब मिली है, जब अभी तक अन्य शहरों को पीछे करने वाले शहरों की श्रेणी को अलग कर दिया गया है। नगर निगम 2023 में देश में 44 वें नंबर पर था। अब स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में नगर निगम को उन शहरों की प्रतिस्पर्धा में शामिल होना होगा, जो अभी तक ऊपर के पायदान पर खड़े रहते थे और इस बार भी उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा था।



### कूड़े का पहाड़ भी खराब करता था रैंकिंग

दरअसल नगर निगम हर बार कूड़े के कुप्रबंधन के कारण स्वच्छ सर्वेक्षण की दौड़ में पीछे हो जाता था और जब सर्वेक्षण टीम मोहान शिवरी प्लांट पहुंचती थी तो उसे दूर तक कूड़े का पहाड़ ही नजर आता था और नगर निगम की रैंकिंग खराब हो जाती थी। लिहाजा कूड़े के पहाड़ को खत्म करने की योजना बनाई गई और एक टीम की तरह काम किया। शासन से बजट लाने में महापौर सुषमा खर्कवाल और तत्कालीन नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने अहम भूमिका निभाई। दोनों की कड़ी मेहनत ने शिवरी प्लांट की तस्वीर बदल दी। नगर निगम ने कूड़ा प्रबंधन से बड़े क्षेत्रफल में जमीन को खाली कराया, जहां आज अटल स्मृति उपवन बनाया जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ की रैंकिंग 2017 में 269, 2018 में 115, 2019 में 121, 2020 में 12, 2021 में 12, 2022 में 17 और 2023 में 44 थी। 2024 में तीसरी रैंक मिली है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में जेपी नड्डा से मिले चिराग पासवान

**पटना।** लोजपा (आर) के मुखिया एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने



गुरुवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। नीतीश सरकार को घेरा। उन्होंने पटना के पारस अस्पताल में हुए शूटआउट में पुलिस और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में बढ़ते मर्डर और आपराधिक मामलों पर चिंता जताई।

### जमशेदपुर में बनेंगे वंदे भारत ट्रेन के डिब्बे

**जमशेदपुर।** यहां चाकुलिया प्रखंड में वंदे भारत के कोच तैयार होंगे। इसके लिए यहां कंपनी की स्थापना



की जानी है। जमशेदपुर परिसदन में बहरागोड़ा के विधायक समीर कुमार मोहंती ने कोच निर्माण करने वाली कंपनी एमएस वोल्टास रेल प्रा.लि. के प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं सलाहकार विष्णु गर्ग के साथ बैठक की और अबतक हुई प्रगति पर जानकारी ली।

## काशी दौरे पर सीएम योगी आदित्यनाथ

# हवाई निरीक्षण कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा, बिरसा मुंडा कार्यक्रम में आज लेंगे हिस्सा

*मुख्यमंत्री योगी काशी दौरे पर हैं। उन्होंने हवाई निरीक्षण किया है। बाबा विश्वनाथ और बाबा कालभैरव के दर्शन के साथ शिवभक्तों के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया।*

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को काशी दौरे पर आए। यहां भाजपा के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सीएम योगी ने हवाई निरीक्षण कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने कुछ निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया और अफसरों के साथ बैठक की।

मुख्यमंत्री शाम को श्रीकाशी विश्वनाथ और बाबा कालभैरव और संकट मोचन दर्शन करने के बाद सावन में कांवड़ियों, शिवभक्तों के लिए की गईं तैयारियों को देखेंगे। वह सारनाथ केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान में भी जा सकते हैं।

### आज कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल

- निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया और अफसरों के साथ बैठक की
- कांवड़ यात्रियों की व्यवस्थाओं को लेकर सभी तैयारी को देखा



इसके अलावा शुक्रवार को वसंता कॉलेज में बिरसा मुंडा और जनजातीय समूह से जुड़े कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। जेल रोड पर बने संगीत पथ का भी निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दर्शन के बाद शिवभक्तों के दर्शन के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे और उसके बाद वह किसी एक निर्माणाधीन परियोजना का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद अफसरों के साथ बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री के आने से पहले बुधवार को सचिव विवेक अग्रवाल, बौद्ध तिब्बती संस्थान के संयुक्त सचिव समर नंदा, भारतीय पुरातत्व विभाग के महानिदेशक यदुवीर सिंह रावत सहित सात सदस्यीय दल दोपहर को सारनाथ संग्रहालय पहुंचे। उन्होंने मुख्य हॉल में रखे राष्ट्रीय चिह्न शीर्ष सिंह सहित अन्य मूर्तियों का अवलोकन किया। इसके बाद पुरातात्विक परिसर में प्राचीन मूलगंध कुटी, बौद्ध मंदिर के अवशेष, अशोक की लाट, धमेख स्तूप को देखा। इसके बाद केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान में बने सोवा रिगपा अस्पताल का निरीक्षण कर उपचार की जानकारी ली। वहीं सीएम के आगमन को लेकर पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बैठक की और सभी जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

### सीएम ऑफिस से लेकर ग्राम प्रधान तक एक नेटवर्क से जुड़ेंगे

*उत्तर प्रदेश में योगी सरकार जल्द ऐसी तकनीकी व्यवस्था लागू करने जा रही है जिससे मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर ग्राम प्रधान तक और सभी विभाग एक ही नेटवर्क से जुड़ जाएंगे। वन स्टेट वन नेटवर्क योजना आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक विभाग तैयार कर रहा है। जिससे प्रदेश को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जा सकेगा। यह जानकारी आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने दी। अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सचिवालय से लेकर जिला मुख्यालय और ग्राम सभा स्तर तक सभी संस्थाएं मजबूत डिजिटल नेटवर्क से जोड़ी जाएंगी। विभागों में बेहतर तालमेल होगा और कामकाज में तेजी के साथ पारदर्शिता भी बढ़ेगी। डेटा सुरक्षा और संचार व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लागू की जा रही।*

## बिहार में प्रति माह 125 यूनिट फ्री बिजली

# सम्राट चौधरी ने बिजली फ्री पर तेजस्वी को लपेटा तो कांग्रेस भड़की

एजेंसी ▶▶ पटना

विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार की जनता को बड़ा तोहफा दिया है। अब राज्य के लोगों को प्रति माह 125 यूनिट बिजली फ्री में दी जाएगी जिसे नीतीश कुमार का चुनावी मास्टरस्ट्रोक माना जा रहा है। सीएम के ऐलान पर विपक्षी दल राजद में हलचल है क्योंकि तेजस्वी यादव पहले ही 200 यूनिट फ्री बिजली देने का वादा कर चुके हैं। अब जबकि सरकार ने फ्री बिजली की घोषणा कर दी है तो तेजस्वी यादव की पार्टी इसे नकल बताकर क्रेडिट कलेक्शन कार्ड खेल रही है। तेजस्वी के बयान पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने उन्हें बचवा कह दिया तो कांग्रेस पार्टी को सम्राट के बयान से मिर्ची लग गई है।



### गरीब तबके को बहुत लाभ मिलेगा

मीडिया ने सम्राट चौधरी से तेजस्वी यादव के नकल वाले बयान पर सवाल किया तो उन्होंने सीधे कहा कि बचवा को बहुत हड़बड़ी थी तो क्या करें। उनका इशारा तेजस्वी यादव की ओर था। कहा कि अभी तो इंडिया गठबंधन का घोषणा पत्र भी नहीं बना है। उससे पहले ही मुख्यमंत्री ने इसे लागू कर दिया है। यह सरकार का ऐतिहासिक फैसला है जिससे गरीब तबके को बहुत लाभ मिलेगा।

### तेजस्वी के ऐलान के बाद प्रेशर में आकर लिया निर्णय

*सम्राट चौधरी के बयान पर कांग्रेस भड़क गई है। पार्टी नेता प्रेमचंद्र मिश्रा ने कहा कि तेजस्वी यादव को अगर बचवा कहते हैं तो उनकी योजनाओं का नकल क्यों करते हैं। उनके दबाव में आकर फैसला ले रहे हैं। इससे पता चलता है कि असल में बचवा कौन है। ये लोग अपने से कुच कर नहीं रहे। तेजस्वी यादव के ऐलान के बाद प्रेशर में आकर निर्णय करते हैं।*

## पेज एक का शेष

### देश के टॉप-23 शहरों...

3-10 लाख आबादी वाले शहर में नोएडा को जगह मिली है।

**स्वच्छ भारत सर्वेक्षण में फरीदाबाद का भी नाम :** स्वच्छ भारत सर्वेक्षण में फरीदाबाद ने देशभर में 21वीं रैंक हासिल की है। पिछले साल 47वीं रैंक थी, जिसे सुधारते हुए इस बार 26 पायदान ऊपर आया है। हालांकि गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) रैंकिंग में फरीदाबाद को जीरो स्टार मिला है, जो कि शहर के कूड़ा प्रबंधन की सबसे बड़ी कमी है। एनसीआर में फरीदाबाद, गाजियाबाद और नोएडा के बाद तीसरे स्थान पर रहा। निगम का दावा है कि सफाई व्यवस्था में सुधार हुआ है, लेकिन जीएफसी में बेहतर प्रदर्शन के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर और काम करना जरूरी है।

### भारत ने किया पृथ्वी-2 और...

(आईटीआर) से किया गया। जो कि लांच से जुड़े हुए सभी रणनीतिक और तकनीकी मानकों पर खरा उतरा है। भारत की सामरिक बल कमांड (एसएफसी) द्वारा यह परीक्षण किए गए।

### आकाश प्राइम प्रणाली का...

*साथ ही नवीनतम प्रणालियां लगाई गई हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ.समीर.वी.कामत ने इस परीक्षण की सफलता के लिए भारतीय सेना, डीआरडीओ और उद्योग जगत को बधाई दी है।*

### कहा, अमेरिका में चोरी...

सामने नहीं आया है।

**कानून-व्यवस्था के पालन करें: दूतावास :** अमेरिका के दूतावास की एक्स पोस्ट के मुताबिक, 'संयुक्त राज्य अमेरिका में हमला, चोरी या सेंधमारी करने से न केवल आपको कानूनी समस्याएं होंगी। बल्कि आपका वीजा भी रद्द हो सकता है और इसी के साथ भविष्य में आपको अमेरिका का वीजा नहीं मिलेगा। अमेरिका कानून और व्यवस्था को खासा महत्व देता है और विदेशी आगंतुकों से सभी अमेरिकी कानूनों का पालन करने की अपेक्षा करता है'। यहां बता दें कि दूतावास की यह चेतावनी एक ऐसे समय में सामने आई है। जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार अपने देश से तेजी के साथ अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने में जुटी हुई है। अमेरिका ने नए वीजा आवेदकों की जांच को भी पहले के मुकाबले काफी सख्त कर दिया है। जिसमें वीजा आवेदन के साथ आवेदक को अपने तमाम सोशल मीडिया खातों की प्राइवेसी को पब्लिक करने के लिए भी कहा गया है।

**कानून-व्यवस्था का पालन किया जाए: जायसवाल :** विदेश मंत्रालय ने भारतीय महिला की अमेरिका में की गई चोरी के मामले पर गुरुवार को अपनी प्रतिक्रिया दी। जिसमें नियमित साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मुख्य रूप से यह एक कानून-व्यवस्था से जुड़ा हुआ मामला है। जिस पर स्थानीय प्राधिकारी अपनी कार्रवाई कर रहे हैं। लेकिन दुनिया के किसी भी देश में हमारा कोई भी नागरिक हो। उनसे यही अपेक्षा की जाती है कि वो वहां की कानून-व्यवस्था का पालन करें। जिससे न केवल उनकी बल्कि उनके देश की भी अच्छी छवि बने।

**1563 भारतीयों को वापस भेजा गया :** रणधीर ने अमेरिका से भारत भेजे गए अवैध प्रवासियों के अब तक के आंकड़े से जुड़े एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा, इस साल 20 जनवरी से लेकर 16 जुलाई 2025 तक कुल 1 हजार 563 भारतीयों को अमेरिका से वापस भेजा गया है। ये सभी कमर्शियल फ्लाइट्स के जरिए स्वदेश पहुंचे हैं। भारत किसी को भी अपने देश में बतौर नागरिक के रूप में स्वीकार करने से पहले उसकी नागरिकता की गहन जांच पड़ताल करता है। एक बार इस संबंध में पुष्टि होने के बाद अमेरिका से उनकी वापसी की कवायद शुरू की जाती है। अमेरिका से अलग-अलग बैच में कमर्शियल फ्लाइट्स के जरिए लोग वापस भेजे जा रहे हैं। पिछले सप्ताह भी कुछ लोग भारत पहुंचे हैं।

### सोशल मीडिया पर...

उसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। यह पूरी घटना सीसीटीवी में भी कैद हुई है। महिला ने पुलिस के सामने अपना पक्ष रखते हुए माफी मांगते हुए कहा कि वह स्टोर से चुराए हुए सामान का पूरा भुगतान करने के लिए तैयार है। उसने ये भी कहा कि मैं यहां (अमेरिका) की रहने वाली नहीं हूं और मुझे यहां रहना भी नहीं है। जिस पर पुलिस ने कहा कि क्या भारत में चोरी करने की इजाजत है? हमें ऐसा नहीं लगता। बताते चलें कि हरिभूमि सोशल मीडिया पर वायरल उक्त वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

### संसद के मॉनसून सत्र में...

खिलाफ महाभियोग चलाये जाने की मांग। तीखे सवालों से जहां विपक्ष लैस रहेगा वहीं सरकार मॉनसून सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयकों को पास कराने की रणनीति पर काम करेगी। संसद का मॉनसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। जिसमें 21 बैठकें होंगी। 15 विधेयकों पर होगी चर्चा होगी। इस दौरान 12 से 18 अगस्त तक छुट्टी रहेगी। सरकार ने सत्र के लिए 7 लंबित विधेयकों को विचार और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है, जबकि 8 नए विधेयकों को पेश करने, विचार करने और पारित करने की योजना है। इन विधेयकों में वित्त, शिक्षा, संस्कृति, खनन और खेल जैसे विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित महत्वपूर्ण सुधार शामिल हैं।

### विभिन्न मंत्रालयों के विधेयक जिनको...

- उद्देश्यः भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम, 2017 की अनुसूची में आईआईएम गुवाहाटी को शामिल करना।
- यह कदम आईआईएम गुवाहाटी को अन्य प्रमुख प्रबंधन संस्थानों के समान दर्जा प्रदान करेगा।

संस्कृति

- जियोहैरिटेज साइट्स और जियो-रेलिक्स (संरक्षण और रखरखाव) विधेयक, 2025
- उद्देश्यः राष्ट्रीय महत्व के जियोहैरिटेज साइट्स और जियो-रेलिक्स के संरक्षण, रखरखाव और घोषणा के लिए प्रावधान करना।
- यह विधेयक अनुसंधान, शिक्षा, जागरूकता और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है।

**खनन**

- खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2025
- उद्देश्यः महत्वपूर्ण खनिजों की रिकवरी, गहरे खनिजों के खनन के लिए सटे हुए क्षेत्र को शामिल करना और राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट के दायरे को व्यापक करना।
- यह विधेयक खनन क्षेत्र में तकनीकी और आर्थिक सुधारों को बढ़ावा देगा।

**खेल**

- राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025
- उद्देश्यः खेलों को बढ़ावा देना, खिलाड़ियों के कल्याण को सुनिश्चित करना, खेलों में नैतिक प्रथाओं को लागू करना, खेल संघों के शासन के लिए मानक स्थापित करना और खेल संबंधी शिकायतों और विवादों के समाधान के लिए उपाय करना।
- यह विधेयक खेल क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक, 2025
- उद्देश्यः राष्ट्रीय डोपिंग रोधी अधिनियम, 2022 की परिभाषाओं और प्रावधानों को विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) कोड और अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप करना, साथ ही राष्ट्रीय डोपिंग रोधी अपील पैनल की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना।
- यह विधेयक खेलों में डोपिंग के खिलाफ सख्त और निष्पक्ष नीतियों को लागू करने पर केंद्रित है।

### आईटीआई, डिप्लोमा या इंजीनियरिंग...

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय ने योजना के तहत पात्र एवं इच्छुक इंजीनियरिंग युवाओं के पंजीकरण के लिए वेब पोर्टल https://stt.iti-haryana.gov.in लॉन्च किया है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल में निर्धारित 90-दिवसीय प्रशिक्षण पूरा करने के बाद, युवा एचईडब्ल्यू पोर्टल पर सूचीबद्ध होने के लिए पात्र होंगे।

**एचईडब्ल्यूपी पर ठेकेदारों के लिए सुगम पंजीकरण व्यवस्था करें सुनिश्चित :** ठेकेदारों की पंजीकरण प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए, सैनी ने निर्देश दिए कि बाधा मुक्त अनुभव सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल (एचईडब्ल्यूपी) पर ठेकेदार पंजीकरण के लिए एक स्पष्ट मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) परिभाषित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि एक बार अपेक्षित दस्तावेज ऑनलाइन जमा कर दिए जाने के बाद, ठेकेदारों को आगे की प्रक्रिया के लिए किसी भी सरकारी कार्यालय में जाने की आवश्यकता न हो। उन्होंने सम्बंधित सभी विभागों को ऑनलाइन माध्यम से ठेकेदारों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्हें बताया गया कि वर्तमान में 20,709 ठेकेदार जुड़े हुए हैं, जिनमें से 6,476 पंजीकृत हैं।

**भुगतान को हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल में एकीकृत किया जाए :** हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल (एचईडब्ल्यूपी) के माध्यम से निविदा आवंटन की प्रगति की समीक्षा करते हुए, मुख्यमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि निविदाएँ जारी होने के तुरंत बाद आवंटित की जानी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि विभागों के सभी इंजीनियरिंग कार्य केवल एचईडब्ल्यूपी के माध्यम से आवंटित किए जाएँ। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी विभाग को ऑफ़लाइन निविदाएँ जारी करने की अनुमति नहीं है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभागीय भुगतान एचईडब्ल्यूपी प्रणाली में पूरी तरह से एकीकृत किए जाएँ।

### भारत की विदेश नीति में...

भी पक्षपातपूर्ण राजनीति का बंधक नहीं बनाया गया। लेकिन हाल के वर्षों में यह राष्ट्रीय सहमति कमजोर हुई है। उन्होंने कहा, वर्तमान सरकार ने संसद को विश्वास में लिए बिना भारत के पारंपरिक रुख से मनमाने ढंग से हटने का फैसला किया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को यह तय करना होगा कि वह भारत की प्रतिष्ठा को कैसे पुनः प्राप्त करेगी और राष्ट्रीय सहमति से कैसे काम करेगी। शर्मा ने जोर दिया, हमारी विदेश नीति में पुनर्मूल्यांकन, ईमानदार आत्ममंथन और दिशा सुधार का समय आ गया है।

**पड़ोसी देशों के साथ संबंधों पर चिंता :** आनंद शर्मा ने भारत की पड़ोस नीति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, हम दक्षिण एशिया में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्वीकार किए जाते थे, लेकिन आज कोई यह नहीं कह सकता। हमें अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने और क्षेत्र में अपनी ताकत और प्रतिष्ठा को पुनः स्थापित करने की आवश्यकता है। उन्होंने पड़ोसी देशों के साथ जटिलताओं और चुनौतियों के बावजूद सकारात्मक और रणनीतिक जुड़ाव की वकालत की। गाजा युद्धविराम प्रस्ताव पर भारत का रुखगाजा में युद्धविराम के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर भारत के तटस्थ रहने के फैसले को शर्मा ने दर्दनाक बताया। उन्होंने कहा, गांधी की धरती ने शांति के लिए वोट नहीं दिया, यह बेहद दुखद है। उन्होंने बताया कि इजरायल और अमेरिका के साथ अच्छे संबंध रखने वाले कई देशों ने भी युद्धविराम के पक्ष में वोट दिया, लेकिन भारत ने ऐसा नहीं किया।

**विदेश नीति पर बहस की मांग :** कांग्रेस नेता ने संसद के आगामी मॉनसून सत्र में विदेश नीति पर खुली बहस और चर्चा की मांग की। उन्होंने कहा, कोई भी लोकतांत्रिक देश अपनी विदेश नीति पर बहस या चर्चा से बचता नहीं है। समय आ गया है कि भारत की रणनीतिक भागीदारी और विदेश नीति पर व्यापक चर्चा हो।

### विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बोले...

आपसी सहमति से इसका हल निकाला जा सके।

**ईरान, सऊदी अरब की अहम भूमिका :** सूत्रों ने बताया कि यमन की राजधानी सना, जहां ये पूरा मामला वर्तमान में चल रहा है और वहां की ही एक जेल में निमिषा प्रिया बंद हैं। इस पूरे इलाके पर हूती विद्रोहियों का कब्जा है। उस लिहाज से देखने पर इलाके के स्थानीय अधिकारियों से भारत के संपर्क साधने की स्वतः ही व्याख्या हो जाती है। इसके अलावा खाड़ी क्षेत्र के जिन चंद देशों से मामले में भारत बैक चैनल से फोन के माध्यम से बातचीत के जरिए मदद ले रहा है। उनमें संभवतः ईरान और सऊदी अरब जैसे उसके मित्र देश शामिल हो सकते हैं। चीन में एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों की मुलाकात भी हो चुकी है।

**49 भारतीयों को मिली मौत की सजा :** मौजूदा साल 2025 के मध्य में विदेश मंत्रालय ने संसद में एक जानकारी देते हुए बताया था कि दुनिया के 8 देशों में 49 भारतीयों को मौत की सजा सुनाई गई है। इनमें सबसे ज्यादा यूएई में 25 भारतीयों को मौत की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा सऊदी अरब में 11, मलेशिया में 6, कुवैत 3, इंडोनेशिया, कतर, अमेरिका और यमन में एक-एक व्यक्ति को मौत की सजा दी गई है। वहीं, दूसरी ओर अलग-अलग मामलों में विदेशी जेलों में बंद भारतीयों की संख्या की बात करें तो यह आंकड़ा लगभग 10 हजार 152 है।

### फांसी पर असमंजस की...

*माध्यमों में दी जा रही जानकारी के मुताबिक, परिजनों ने निमिषा के परिवार से ब्लड मनी (फांसी की सजा की माफी के तौर पर मृतक के परिजनों को दी जाने वाली धनराशि) लेने से साफ इंकार कर दिया है। उनका ये कहना है कि यह पूरा मामला हत्या से जुड़ा हुआ है, जिसमें उनके परिवार का एक सदस्य नहीं रहा। इसलिए उसकी भरपाई पैसों से नहीं हो सकती है। वर्ष 2017 में भी ब्लड मनी का एक मामला सामने आया था। जिसमें केरल के ही एक शख्स ए.एस.शंकरनारायणन को एक बांग्लादेशी इलेक्ट्रीशियन की आकस्मिक मृत्यु के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की जेल में 8 साल की सजा काटने के बाद रिहाई मिली थी। अदालत ने उन्हें ब्लड मनी के तौर पर कुल करीब 2 लाख दिरहम यानी 47 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया था।*

## कार का लॉक तोड़ा और उन्हें बाहर निकाला

# बुजुर्ग को बांधकर कार में छोड़ा परिवार ताजमहल देखने गया

एजेंसी ▶▶ आगरा

संवेदनहीनता और अमानवीयता की हदें पार करने वाला मामला सामने आया है। ताजमहल देखने आया एक परिवार बुजुर्ग को कार में ही हाथ-पैर बांधकर छोड़ गया था। जब कुछ लोगों की नजर कार मे बंधे बुजुर्ग पर पड़ी तो हैरान रह गए। गाइडों की मौके पर भीड़ जुट गई। पुलिस को भी मामले की सूचना दी गई। जब तक पुलिस पहुंचती गाइडों ने ही कार का लॉक तोड़कर बुजुर्ग को बाहर निकाल लिया।

उनकी हालत भी काफी खराब थी। पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर उन्हें अस्पताल के लिए रवाना किया गया। इसी बीच परिवार भी पहुंच गया। परिवार बुजुर्ग को अपने साथ लेकर चला गया। गुरुवार ताजमहल की पश्चिमी गेट पार्किंग में कुछ गाइडों ने कार के अंदर एक बुजुर्ग को बंद देखा। उनके हाथ पैर बंधे हुए



थे। कार बंद होने के कारण उनकी हालत खराब हो रही थी। इस पर गाइडों ने वहां के पार्किंग कर्मचारियों को जानकारी दी।

इसके साथ ही सभी ने मिलकर कार का लॉक तोड़ा और उन्हें बाहर निकाला। बुजुर्ग कुछ बोलने की स्थिति में नहीं थे। सूचना पर्यटन पुलिस को दी गई। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से बुजुर्ग को इलाज के लिए भेजा। उनके परिवार की तलाश भी शुरू की गई। बताया जा रहा है कि अगर थोड़ी देर और बुजुर्ग कार में रहते तो शायद उनका दम घुट जाता और मौत हो जाती।

## हत्याः मां, प्रेमी के साथ सलाखों के पीछे

# बेटी को मारकर शव बेड में रखा प्रेमी के साथ करती रही अय्याशी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यहां छह साल की मासूम सायनरा उर्फ सोना की हत्या उसकी अपनी ही मां ने जिस बेरहमी से की है, उसे सुनकर हर कोई हैरान है। मासूम को बिस्तर पर पटककर मां उसके पेट पर चढ़ गई और कमरे में मौजूद प्रेमी ने बच्ची का मुंह तब तक दबाए रखा जब तक उसकी जान नहीं निकल गई। बच्ची का दोष केवल इतना था कि मां को प्रेमी के साथ अश्लील डांस करते देख लिया और पापा को बताने की धमकी दे रही थी। गिरफ्तारी के बाद मां के मुंह से ही हत्या की पूरी कारस्तानी सुनकर पुलिस वाले भी अचंभित हैं। लग्जरी लाइफ जीने की चाहत ने अब मासूम की हत्या में मां को प्रेमी के साथ सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। मासूम बेटी सोना उसके प्रेमी को गंदा अंकल कहकर बुलाती थी। 13 जुलाई की रात बेटी अपने पापा से



मिलने की जिद कर रही थी। उसके प्रेमी उदित के घर आने का समय हो रहा था। गुस्से में आकर मां ने बेटी को पीट दिया और बिस्तर पर लिटा दिया। प्रेमी उदित आ गया तो प्रेमी के साथ नाज ने शराब पी। म्यूजिक चालू कर टू पीस में डांस शुरू कर दिया। म्यूजिक की आवाज में बच्ची जाग गई। मां को अश्लील डांस करते देख वह जोर-जोर से चिल्लाने लगी। गुस्से में आई मां ने मासूम की पिटाई की। वह चुप नहीं हुई तो उसे बिस्तर पर पटककर उसके पेट पर खड़ी हो गई। चिल्लाई तो प्रेमी ने चीख दबाने के लिए मासूम का मुंह दबाए रखा।

स्पेशल : नेशनल मैंगो-डे, 22 जुलाई

# मजेदार किस्सों से भरे मीठे-रसीले आम

आम का नाम सुनते ही इन्हें खाने के लिए मन ललचा जाता है। ललचाए भी क्यों ना, यह खाने में मीठे, रसीले के साथ खट्टे-चटपटे भी होते हैं। तरह-तरह के आमों के पीछे मजेदार किस्से छुपे हैं, एक रोचक इतिहास है। बच्चो, आमों से जुड़ी तुम्हारे लिए बहुत ही रोचक जानकारी।



रोचक
देवेंद्र मेवाड़ी



नन्हे दोस्तो, तुम्हें मीठे-मीठे रसीले आम खाने में खूब मजा आता होगा। आज हम तुम्हें आम से जुड़ी कई कहानियां और इतिहास बताते हैं।

## कहां हुआ आम का जन्म

आम का जन्म वहीं हुआ, जहां हमारा जन्म हुआ! मतलब आम और हमारी जन्मभूमि भारत ही है। वैज्ञानिक कहते हैं कि हमारे देश में आम का जन्म हजारों वर्ष पहले इसके पूर्वी भाग में हुआ। भारत के साथ-साथ बर्मा मतलब म्यांमार में भी आम का जन्म हुआ। भारत में कम से कम 5,000 साल से आम उगाया जा रहा है।

## इतिहास के झरोखे में आम

सिकंदर जब भारत पर आक्रमण करने के लिए आया तो उसने सिंधु घाटी में पहली बार आम के पेड़ देखे। चीनी बौद्ध यात्री ह्वेनसांग ने भी भारत में आम के पेड़ देखे। वह अपने साथ आम को चीन ले गया। प्रसिद्ध विदेशी यात्री इब्न-बतूता ने तो लिखा है कि भारत के लोग आम के फलों को चूसते हैं या काट कर खाते हैं और कच्चे आम का अचार डालते हैं। मुगल बादशाहों ने भी आम की बड़ी तारीफ की है। बाबर ने इसे हिंदुस्तान का सबसे उम्दा फल बताया। अकबर ने बिहार में दरभंगा के लालबाग में आम के एक लाख पेड़ों का बाग लगवाया। पुर्तगाली जब भारत आए तो उन्होंने केरल में पहली बार आम देखा। वहां लोग मलयालम भाषा में इसे मामपलम कहते थे। पुर्तगाली इस फल को मांगो कहने लगे। बाद में जब अंग्रेज आए तो उन्होंने इस मांगो को मैंगो कहना शुरू कर दिया।

## किस्म-किस्म के आम

दोस्तो, भारत से आम दुनिया भर में फैला। फिर भी आज दुनिया में इसकी सबसे अधिक बागवानी हमारे देश में ही की जाती है। इसकी एक-दो नहीं बल्कि सैकड़ों किस्में हैं। इतनी कि अगर आम के नाम बताने लगें तो ना जाने कितने पन्ने भर जाएंगे। लो जानो आमों की अनगिनत वैरायटीज में से कुछ के नाम- दशहरी, चौसा, लंगड़ा, सफेदा, बंबइया, बंगलौरा, गुलाब खास, जर्दालू, फजली, समर बहिश्त चौसा, नीलम, सुवर्ण रेखा, बंगनपल्ली, पैरी, मलगोवा, मल्लिका, अल्फांसो, आम्रपाली आदि। यानी, देश के हर कोने में हर किसी के लिए आम की कोई न कोई किस्म जरूर है।

## आमों के किस्से

दोस्तो, किस्म-किस्म के आमों के किस्से भी बहुत मजेदार हैं। 'लंगड़ा' को ही ले लो। भला, लंगड़ा किस लिए? इसलिए कि इस किस्म के आम का पहला पेड़ बनारस में एक लंगड़े फकीर बाबा के घर के पिछवाड़े में उगा था! वहीं से चारों ओर फैला। और, स्वादिष्ट दशहरी, यह लखनऊ के पास मलीहाबाद के दशहरी गांव में पैदा हुआ। इसका स्वाद इतना अच्छा था कि आम लोगों ने तो इसे मुंह लगाया ही, लखनऊ के नवाबों और वजीरों ने भी इसे खूब पसंद किया। मलीहाबाद तहसील के ही चौसा गांव में लोगों ने जब पहली बार एक अलग स्वाद और सुगंध वाला आम चखा तो उसका नाम 'समरबहिश्त चौसा' रख दिया। और फजली, फजली क्यों कहलाया? इस बारे में कहते हैं, बिहार के भागलपुर में एक औरत थी, फजली। पहली बार उसी के आंगन में फला-फूला था यह आम। इसे पालने-पोसने वाली फजली के नाम पर यह फजली कहलाया। भागलपुर से यह पूरे बिहार में ही नहीं, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और पंजाब तक फैल गया। अब सुनो कलमी आम की कहानी। कलम लगाने की कला ने किस्म-किस्म के आम पैदा करने में हमारी बड़ी मदद की है। यों तो मुगल बादशाहों के जमाने में आम की खूब कलमें बांधी गईं, लेकिन आज कलम लगा कर आम की एक से एक बढ़िया किस्म तैयार की जा रही है। इस कला में भी मलीहाबाद, लखनऊ के हाजी कलीम उल्ला खान साहब ने तो कमाल ही कर दिखाया है। वे कलम लगा कर आम के एक ही पेड़ में 300 से भी अधिक किस्मों के आम पैदा कर चुके हैं।



हाजी कलीम उल्ला खान साहब

दोस्तो, विदेशी लोग यह देखकर हैरान रह जाते हैं कि हम खट्टे-मीठे आमों का किस-किस तरह से स्वाद ले लेते हैं। कच्चे आम की चटनी और अचार बना लेते हैं। पके हुए देशी आम को मजे से चूस लेते हैं और कलमी आम को सफाई से काट कर सलीके से खाते हैं। लू की लपटों से बचने के लिए आम का 'पना' बना लेते हैं तो पके फलों को दूध में घोट कर मैंगो शेक तैयार करते हैं। आम के रस और गूदे से अमावट यानी आम-पापड़, अंबापोली और आम-पट्टी बना लेते हैं। आम का स्क्वैश, जैम, जैली और मुरब्बा भी बना लेते हैं।

नन्हे प्यारे दोस्तो, एक बात जरूर याद रखना, आम बहुत पौष्टिक फल है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी और कई खनिज पाए जाते हैं। इसलिए दोस्तो, आम के गुण गाए जाओ और खूब आम खाए जाओ। *

### दुनिया का सबसे मीठा-कीमती आम

दोस्तो, मीठे आम तो हम सभी को पसंद हैं, लेकिन जानते हो, दुनिया में सबसे अधिक मीठा आम कौन-सा है और कहां पैदा होता है? दुनिया का सबसे मीठा आम है काराबाओ मैंगो, जो फिलीपींस में पैदा होता है। इसे मनीला मैंगो भी कहते हैं। यह आम खूब मीठा होता है, इसमें रेशा नहीं होता। हमारे देश में अल्फोंसो हापुस सबसे स्वादिष्ट आम माना जाता है। बाजार में सबसे कीमती आम भी यही है। लेकिन, दुनिया का सबसे कीमती आम है जापान का मियाजाकी आम। एक किलो मियाजाकी आम की कीमत है करीब तीन लाख रुपए।



काराबाओ मैंगो



मियाजाकी मैंगो

---

स्पेशल : इंटरनेशनल आइसक्रीम-डे, 20 जुलाई

टिन्नी की बुरी आदत थी कि वह अपने भाई पीयूष के साथ कोई चीज शेयर नहीं करती थी, जबकि भाई उसका बहुत ख्याल रखता था। एक दिन कुछ ऐसा हुआ कि टिन्नी ने अपनी यह बुरी आदत स्वयं ही छोड़ दी।

# आइसक्रीम ने सिखाया सबक

छोटी कहानी
अलका 'सोनी'

टिन्नी और पीयूष भाई-बहन हैं। टिन्नी की एक बुरी आदत है, वो कोई भी चीज अपने भाई के साथ शेयर नहीं करती है। लेकिन पीयूष कुछ नहीं कहता। उसे जब भी कोई चीज मिलती है तो अपनी छोटी बहन के साथ जरूर शेयर करता है।

वीकेंड आने वाला था। संडे को पापा के साथ कहां विजिट करने जाना है, इसकी प्लानिंग दोनों भाई-बहन कर रहे थे। टिन्नी बोली, 'क्यों न इस बार मॉल चलें। आइसक्रीम-डे भी आने वाला है। हम वहां बढ़िया से बढ़िया आइसक्रीम खाएंगे।'

आइसक्रीम-डे को लेकर पीयूष और टिन्नी दोनों बहुत खुश थे। दोनों ने सोच रखा था कि आइसक्रीम के कम से कम दो-दो फ्लेवर तो खाएंगे ही। संडे आ गया। दिन भर बहुत गर्मी रही। शाम होने पर पीयूष-टिन्नी, पापा के साथ मॉल गए। वहां आइसक्रीम कॉर्नर पर ढेरों फ्लेवर की आइसक्रीम सजी थीं। कुछ दूर पर टर्किश आइसक्रीम वाला भी था। पीयूष टर्किश आइसक्रीम वाले के पास आ गया, उससे बातें कीं और फिर आइसक्रीम खाई। उसने साथ खड़ी टिन्नी को भी खिलाई। टिन्नी को टूटी-फ्रूटी आइसक्रीम चाहिए थी। वो पापा के साथ उसे लेने चली गई। वापस आने पर पीयूष ने टिन्नी से अपनी आइसक्रीम टेस्ट कराने को कहा तो उसने हमेशा की तरह मना कर दिया। पापा ने पीयूष को भी टूटी-फ्रूटी आइसक्रीम दिलवा दी। पीयूष और टिन्नी आइसक्रीम खाते-खाते मॉल से बाहर निकल आए। पापा दोनों को एक किनारे खड़ा कर अपनी कार पार्किंग से निकालने चले गए। तभी बात करते-करते आइसक्रीम टिन्नी की हाथों से छूटकर जमीन पर गिर गई। आइसक्रीम गिरने से टिन्नी रोने लगी। पीयूष उसे उदास देखकर उसके करीब आया और बोला, 'टिन्नी, तुम मेरी आइसक्रीम ले लो, मैं तो वैसे भी एक आइसक्रीम खा चुका हूं। ज्यादा खाऊंगा तो नुकसान पहुंचाएगी।'



एआई इमेज

इस बात पर टिन्नी चौंकी और बोली, 'तुम मुझसे अपनी आइसक्रीम शेयर करोगे? मैं तो कभी कोई चीज तुमसे शेयर नहीं करती।'

'तो क्या हुआ, तुम मेरी छोटी बहन हो। हमें एक-दूसरे से अपनी चीजें शेयर करनी चाहिए। अब इसे खा लो जल्दी से, नहीं तो यह भी गल कर गिर जाएगी।' यह कहकर पीयूष हंस पड़ा।

टिन्नी ने प्यार से अपने पीयूष भइया को गले लगा लिया। उसने मन ही मन अपने आप से प्रॉमिस कर लिया था कि वह भी अपने भइया के साथ हर चीज शेयर करके खाया करेगी। *

---

कविता / डॉ. मीरा सिंह 'मीरा'

## आम रसीला



एआई इमेज

आओ मोहन आओ लीला
आओ खाएं आम रसीला।
लगे सभी को मीठा प्यारा
फल का राजा आम रसीला।
लाल-लाल कुछ पीला-पीला
बहुत निराला आम रसीला।
सीढ़ी लेकर दौड़ा राजू
पीछे दौड़ा राम छबीला।
हंसी खुशी सब चढ़े सीढ़ियां
लगे तोड़ने आम रसीला।
हंसकर बोला राम छबीला
सब मिल खाएं आम रसीला।।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## अलग-अलग रंगों की कविताएं

बच्चो, तुम्हें कविताएं बहुत पसंद आती हैं। कुछ बच्चे तो इन्हें गाते-गुनगुनाते भी हैं। तुम्हारे लिए ऐसी ही कविताओं का एक नया संग्रह आया है, जिसे निरंकारदेव सेवक ने लिखा है। इसमें छोटी-बड़ी प्यारी-प्यारी 63 कविताएं संकलित हैं। कुछ छोटी तो इतनी छोटी हैं कि बस चार पंक्तियों में सिमटी हुई हैं, वहीं बड़ी कविताएं किताब के दो पृष्ठों तक में फैली हैं। संग्रह की इन सब कविताओं के अपने अलग और निराले रंग हैं। कहीं तो ये नन्हे बच्चों से बातें करती हैं तो कहीं एक भरा-पूरा किस्सा सुना देती हैं। कुछ कविताओं में तो सीख-भरी बातें भी पिरो दी गई हैं। संग्रह के शुरू में इसके संपादक की लिखी एक भूमिका भी है, जो इन कविताओं के लेखक और इनकी कविताओं के बारे में बहुत सी बातें बताती है। विशेष बात यह है कि इस किताब की कविताओं के साथ मोहक चित्र भी छपे हैं। *




**किताब :** बच्चों की रेल (बाल कविता संग्रह), **लेखक :** निरंकारदेव सेवक, **चयन-संपादन :** प्रकाश मनु, **मूल्य :** 100 रुपए, **प्रकाशक :** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

---

कहानी
विजय सिंह चौहान

बारिश का मौसम हो, रिमझिम फुहारें पड़ रही हों और बच्चों को मस्ती ना सूझे, यह कैसे हो सकता है! सिया, रवि, अर्जुन और पीहू को भी बारिश में मस्ती सूझी। बच्चों ने खेल-खेल में बारिश का मजा ऐसे लूटा कि उन्हें समझ में आ गया कि जो मजा एकसाथ खेलने में है, वह मोबाइल पर वीडियो गेम खेलने में नहीं है।

# बारिश का मजा



'बारिश शुरू हो गई!' सिया खिड़की से बाहर झांकते हुए खुशी से चिल्लाई। रवि, अर्जुन और पीहू भी भागे-भागे खिड़की पर आ गए। काले बादल गरज रहे थे। बारिश की फुहारें धरती को भिगो रही थीं। ठंडी हवा बह रही थी। सिया-रवि के कजिंस अर्जुन-पीहू भी घर के ऊपर वाले फ्लोर पर साथ ही रहते हैं। आज संडे था। बारिश में मौसम सुहाना होने से बच्चे पूरी तरह मस्ती के मूड में हो गए।

'चलो बाहर चलते हैं!' रवि चहकते हुए बोला।

'बारिश में भीगने...?' पीहू ने आंखें फैलाते हुए पूछा। 'हां! और कागज की नाव भी बनाएंगे, पानी में बहाएंगे!' अर्जुन ने उछल कर कहा।

चारों भाई-बहन भागे-भागे पुराने रजिस्टर निकाल लाए। पन्ने फाड़े गए। देखते-देखते कई सुंदर नावें बन गईं।

'मेरी नाव सबसे लंबी है!' रवि ने हाथ ऊपर उठाकर अपनी नाव हवा में घुमाई।

'पर मेरी सबसे सुंदर है!' पीहू ने उस पर बनाई गुलाबी तितली दिखाते हुए कहा।

'चलो! बाहर इन्हें पानी में बहाते हैं!' सिया ने कहा और सब बाहर की ओर दौड़ पड़े।

बाहर बारिश का पानी बह रहा था। एक-एक कर सबने अपनी नावें पानी में छोड़ दीं।

नावें डगमगाईं, दो उलट गईं, दो बहती चली गईं।

'अर्जुन! तेरी नाव तो उलट गई!' रवि बोला।

'कोई बात नहीं, अगली बार मजबूत बनाऊंगा!' अर्जुन बोला। बारिश तेज हो गई थी। बच्चों के चेहरों पर खुशी बढ़ती जा रही थी।

'चलो नावों की रेस करते हैं, नई नावें बनाते हैं।' सिया बोली।

'जिसकी नाव सबसे दूर जाएगी, वही विजेता!' पीहू ताली बजाते हुए बोली।

नावें फिर से बनाई गईं, बहते पानी में छोड़ी गईं। रवि की नाव आगे निकली, फिर अचानक किसी ईंट से टकरा कर रुक गई। उधर पीहू की नाव सबसे दूर पहुंच गई।

'मैं जीत गई!' पीहू उछल पड़ी।

'अगली बार मैं हवाई जहाज बनाऊंगा, उसे उड़ाएंगे!' अर्जुन ने कहा।

'नहीं, अगली बार हम सब मिलकर एक बड़ी नाव बनाएंगे।' रवि बोला, 'और उसमें झंडा भी लगाएंगे!'

सभी बच्चों ने हामी भरी और ठहाका मार कर हंस पड़े। तभी बिजली कड़की, एक पल के लिए बच्चे डर गए। लेकिन डर भी मजेदार था, क्योंकि सब साथ थे।

बारिश में सब भीग चुके थे। कपड़े गीले हो गए थे, लेकिन बच्चे बहुत खुश थे। आज किसी को मोबाइल की याद नहीं आई, ना ही वीडियो गेम की। आज सिर्फ बारिश थी, कागज की नावें थीं, सबकी खिलखलाती हंसी थी। काफी देर तक सभी बारिश की मस्ती में डूबे रहे। जब थक गए तो चारों बच्चे घर के भीतर लौट आए। तौलिए से देह पोंछी, अपने भीगे कपड़े बदले। सिया की मम्मी ने सबको गर्म दूध पीने को दिया। इसके बाद चारों बच्चे बिस्तर पर चादर ओढ़कर लेट गए। देर तक पानी में भीगने से सबको जाड़ा लग रहा था।

'आज मजा आ गया..!' रवि बोला।

'हम रोज साथ खेलेंगे, चाहे बारिश हो या न हो, एक साथ खेलना कितना अच्छा लगता है!' पीहू बोली।

'हां बहुत अच्छा लगता है, मोबाइल से ज्यादा मजा तो सबके साथ असली खेल खेलने में आता है!' सिया चहकते हुए बोली। इस पर सभी बच्चों ने भी सिर हिलाकर हामी भरी। *

---

कविता
सतीश मिश्र



एआई इमेज

## बारिश की छम-छम


रिमझिम बारिश की छम-छम,
बिजली चमक रही चम-चम।
छप-छप-छैया पानी में,
खेल रहे हैं सब मिल हम।
कोई तैराता नैया
कागज की सरपट भैया।
कोई अपने आंगन में,
नाच रहा ता-ता थैया।
अंजुरी में पानी भरकर
गीली मिट्टी से रचकर
कुछ बच्चे दरवाजे पर,
बना रहे हैं अपना घर।
उस घर की छत पर छानी,
क्या मजाल टपके पानी।
जिसमें गुड्डा बैठाया,
और साथ गुड़िया रानी।

---

## जीके क्विज-162



1. अंतरिक्ष में जाने वाले भारत के पहले एस्ट्रोनॉट कौन थे?
2. एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला के साथ किन-किन देशों के एस्ट्रोनॉट्स इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) गए थे?
3. सबसे पहले किस विदेशी नागरिक को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था?
4. 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग' किसकी आत्मकथा है?
5. उड़ने वाले एक मात्र स्तनधारी जंतु का क्या नाम है?
6. मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय कौन थीं?
7. नोवाक जोकोविच किस खेल के विश्व प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं?
8. एचसीएल किस एसिड का रासायनिक सूत्र है?
9. महात्मा बुद्ध को किस स्थान पर ज्ञान की प्राप्ति हुई थी?
10. चंडीगढ़ किन दो राज्यों की संयुक्त राजधानी है?



बच्चो, जीके क्विज-162 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-161 का उत्तर :** 1.आस्था पूनिया, 2. दिव्यांशी भौमिक, 3.पराग जैन, 4.1757 ईस्वी, 5.ब्यूनस आयर्स, 6.फुटबॉल, 7. स्फिग्मोमैनोमीटर, 8. जापानी येन, 9.थॉमस एडिसन, 10.सात

**जीके क्विज-161 का सही उत्तर देने वाले :** चंचल-गरियाबंद, सौरभ-बिलासपुर, सौम्या-जांजगीर, कबीर-हिसार, स्वप्निल-जांजगीर, रानू-राजनांदगांव, ओंकार-धमतरी, शुभम-भोपाल, श्वेता-रायपुर, जीतू-दुर्ग

---

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पपी हाउस के बाहर बैठे एक क्यूट पपी के दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम फटाफट तीन मिनट में ये पांचों अंतर ढूंढ़कर बताओ।







---

## परछाई पहचानो

बच्चो, यहां बाईं तरफ एक आदमी और डॉगी का चित्र दिया गया है। चित्र के दाईं तरफ कुछ परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ, दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?






उत्तर : f

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी स्पेन यात्रा के दौरान ला लिगा मुख्यालय का भ्रमण कर अधिकारियों से मुलाकात की

# मप्र में फुटबॉल एक्सीलेंस सेंटर, स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर व स्पेनिश कोचिंग आधारित शुरू होंगे यूथ ट्रेनिंग प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्पेन यात्रा के पहले दिन की शुरूआत मैड्रिड स्थित विश्व प्रसिद्ध ला लिगा मुख्यालय के भ्रमण से की और वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर खेल, युवा सशक्तिकरण और निवेश सहयोग पर केंद्रित संवाद किया। उन्होंने कहा कि ला लिगा (एलएएलआईजीए) की खेल विशेषज्ञता और वैश्विक पहुंच का लाभ मध्यप्रदेश के युवाओं तक पहुंचना चाहिए। यह यात्रा सिर्फ एक औपचारिक दौरा नहीं, बल्कि खेल के क्षेत्र में नवाचार, सामाजिक समावेशन और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी की दिशा में प्रदेश के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

**खेल, युवा सशक्तिकरण और निवेश सहयोग पर केंद्रित संवाद किया**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ला लिगा के पदाधिकारी और तकनीकी निदेशकों के समक्ष प्रस्ताव रखा कि मप्र में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर फुटबॉल एक्सीलेंस सेंटर, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन और स्पेनिश कोचिंग आधारित यूथ ट्रेनिंग प्रोग्राम प्रारंभ किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि ला लिगा के साथ यह साझेदारी केवल खेलों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह प्रदेश में रोजगार सृजन, सामाजिक भागीदारी, अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग और सांस्कृतिक पर्यटन को नई दिशा दे सकती है।

### ला लिगा मैचों में होगी मप्र की ब्रांडिंग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुझाव दिया कि ला लिगा मैचों के दौरान डिजिटल और ग्राउंड को-ब्रांडिंग अभियानों के माध्यम से मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विविधता, वन्यजीव, विरासत स्थलों और पर्यटन अवसरों का स्पेन और यूरोप के व्यापक दर्शकों के बीच प्रभावी प्रचार किया जा सकता है। इससे न केवल पर्यटन बल्कि स्पोर्ट्स टूरिज्म, फिटनेस, मीडिया ब्रॉडकास्टिंग और स्पोर्ट्स टेक जैसे सेक्टर्स में विदेशी निवेश आकर्षित करने की संभावनाएं मजबूत होंगी।

### मैड्रिड से मप्र तक खेल से खुली निवेश की नई राह



### वैश्विक निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिए किया आमंत्रित

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र की 18 सेक्टर-विशिष्ट औद्योगिक नीतियों और 'स्टार्ट योर बिजनेस इन 30 डेज' जैसी दूरदर्शी पहलों का उल्लेख करते हुए ला लिगा के साथ जुड़े वैश्विक निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि मप्र अब भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक साझेदारियों के लिए एक भरोसेमंद और अनुकूल डेस्टिनेशन बनकर उभर रहा है। मुख्यमंत्री ने युवाओं के कौशल विकास, फुटबॉल अकेडमीज के जरिए प्रतिभा पहचान और सामुदायिक भागीदारी जैसे क्षेत्रों में ला लिगा की दीर्घकालिक विशेषज्ञता और भारत में उसकी सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश इस सहयोग के माध्यम से खेल को सामाजिक विकास का सशक्त माध्यम बनाएगा।*

### प्रशिक्षण और वैश्विक प्रतियोगिताओं में भागीदारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं, प्रशिक्षण और वैश्विक प्रतियोगिताओं में भागीदारी के अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्पेन जैसे देशों के अनुभवों से सीखकर, मप्र में फुटबॉल को नई दिशा दी जाएगी। प्रतिभाओं को तराशने के लिए तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण केंद्र और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में सहभागिता की संभावनाओं पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि स्पेन प्रवास के दौरान औद्योगिक निवेश के कार्यक्रमों के साथ उन्होंने खेल क्षेत्र के लिए भी कई उच्च स्तरीय बैठकें की हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश केवल उद्योग, पर्यटन या शिक्षा में ही नहीं, बल्कि खेलों के क्षेत्र में भी अग्रणी बने, यही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को विश्वस्तरीय अवसर देने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। फुटबॉल जैसे खेलों के माध्यम से न केवल शरीर, बल्कि भविष्य भी गढ़ा जा सकता है।

### ला लिगा और मध्यप्रदेश भविष्य के साझेदार

ला लिगा स्पेन की प्रमुख पेशेवर फुटबॉल लीग, न केवल स्पोर्टिंग उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि यह वैश्विक स्तर पर युवाओं के लिए प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और ब्रांड विस्तार का भी एक प्रभावशाली मंच है। भारत में ला लिगा की सक्रियता, विशेषकर ला लीगा फुटबॉल स्कूल्स जैसी पहल यह दर्शाती हैं कि स्पेनिश फुटबॉल का भारतीय युवाओं से गहरा संबंध बन चुका है। अब यह संबंध मप्र जैसे संभावनाशील राज्य के लिए नए अवसरों का द्वार खोल सकता है।

### मध्यप्रदेश में होगा हर स्तर पर खेलों का विकास

*भारत सरकार और खेल मंत्रालय के सहयोग से मध्यप्रदेश भी हर स्तर पर खेलों के विकास में अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने बताया कि शहडोल के एक छोटे से गांव में जब प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की फुटबॉल राजधानी की उपमा दी, तो वह केवल एक प्रशंसा नहीं थी, बल्कि देश की उस छिपी हुई ताकत को पहचानने का संकेत था, जो ग्रामीण भारत में मौजूद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहडोल से लेकर भोपाल तक, प्रदेश में फुटबॉल सहित सभी खेलों के लिए अधोसंरचना को मजबूत किया जा रहा है।*

### स्पोर्ट्स डिप्लोमेसी को नई ऊंचाइयां देगी सीएम की यात्रा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यह यात्रा, वैश्विक खेल नेटवर्क से जुड़कर प्रदेश में निवेश, युवाओं के कौशल विकास और सांस्कृतिक पहचान को सशक्त करने की दिशा में एक दूरदर्शी पहल मानी जा रही है। स्पेन के राजनीतिक, कारोबारी और खेल जगत में इस दौरे को उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है और यह भारत की स्पोर्ट्स डिप्लोमेसी को भी नई ऊंचाइयां देने वाला कदम सिद्ध हो रहा है।*

### फुटबॉल में अंतरराष्ट्रीय भागीदारी का शुरू होगा नया दौर

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पेन की राजधानी मैड्रिड में ला लिगा मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को लेकर जिस प्रकार से वातावरण बना है, उसने प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का अवसर दिया है। खेल अब केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि भारत के युवाओं के व्यक्तित्व, करियर और वैश्विक पहचान से जुड़ चुका है।*

### निवेश प्रोत्साहन प्रयासों की सराहना

## स्पेन में सीएम से भारत के राजदूत पटनायक ने की सौजन्य भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की स्पेन यात्रा के पहले दिन भारत के राजदूत दिनेश के. पटनायक ने मैड्रिड में उनसे सौजन्य भेंट की और भारत-स्पेन संबंधों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। पटनायक जनवरी 2022 से स्पेन और अंडोरा में भारत के दूत के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने मप्र सरकार के निवेश प्रोत्साहन प्रयासों की सराहना की। उन्होंने स्पेन के प्रमुख उद्योगों के साथ संभावित साझेदारियों पर चर्चा करते हुए कहा कि मप्र और स्पेन के बीच द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को और सशक्त बनाने की दिशा में यह यात्रा एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मप्र के औद्योगिक विकास, निवेश की संभावनाओं और राज्य सरकार की नीतियों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि मप्र वैश्विक निवेशकों के लिए एक उभरता हुआ केंद्र बन रहा है और यूरोपीय देशों के साथ विशेषकर स्पेन के साथ सहयोग को लेकर राज्य गंभीर प्रयास कर रहा है। मुख्यमंत्री की इस यात्रा के साथ मध्यप्रदेश और स्पेन के बीच सहयोग के नए द्वार खुलने की संभावना है। बैठक सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में हुई और दोनों पक्षों ने निरंतर संवाद बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की। मुख्यमंत्री से बेनीतेज ने की भेंट, आपसी सहयोग व निवेश संभावनाओं पर चर्चाहरिभूमि न्यूज. भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चार दिवसीय आधिकारिक स्पेन प्रवास के पहले दिन मैड्रिड में स्पेन के विदेश मामलों, यूरोपीय संघ और सहयोग मंत्रालय के उप महानिदेशक (दक्षिण एशिया) एमिलियो कोंत्रेरास बेनीतेज से सौजन्य भेंट की। बैठक के दौरान भारत और स्पेन के मध्य आपसी सहयोग, निवेश संभावनाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में रणनीतिक भागीदारी पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र की औद्योगिक क्षमताओं, निवेश अनुकूल वातावरण, पर्यटन, कृषि, फार्मा, टैक्सटाइल, खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थितिः— | 30-Elect-15-T-2025-26-E3 दिल्ली मंडल के स्टेशनों, सेवा भवनों, आवासीय भवनों और एलसी गेट पर रूफटॉप प्रकार के सौर संयंत्रों के प्रावधान के साथ अन्य संबद्ध कार्यों के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागतः— | रू० 180871746.00 |
| कार्यालय का पता :— | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशिः— | रू० 1054400.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय :— | 08.08.2025, 12.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय :— | 08.08.2025, 12.00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्डः— | www.ireps.gov.in/वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

2161/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### पांडातराई थाना क्षेत्र का मामला, 24 घंटों के भीतर सुलझाया मामला

## पुरानी रंजिश के चलते नाबालिग की नृशंस हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

पांडातराई थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई बालिका की नृशंस हत्या की गुत्थी को पुलिस ने मात्र 24 घंटे में सुलझा लिया। सुनसान घर में खून से लथपथ शव मिलने की खबर से गांव और आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। यह एक अंधा कत्ल था, जिसमें शुरुआत में कोई ठोस सुराग नहीं था। फिर भी, कबीरधाम पुलिस की तत्परता, सतर्कता और पेशेवर जांच ने इस जघन्य अपराध के दोषी को बेनकाब कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) धर्मेंद्र सिंह स्वयं मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच टीमों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।

## रेजिडेंट डॉक्टर्स वार्षिक अवकाश नीति हरियाणा में जमीनी स्तर पर लागू : डॉ व्यास

### डॉ. अमित बोले, यूडीएफ़ के संघर्ष से मिली ऐतिहासिक जीत



**रेजिडेंट्स डॉक्टर्स को मिली बड़ी राहत**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में रेज़िडेंट डॉक्टर्स के हित में गुरुवार को एक ऐतिहासिक फ़ैसला आया है। हज़ारों डॉक्टर्स को उनका साप्ताहिक, आकस्मिक और वार्षिक अवकाश मिल गया है। पंडित बी.डी. शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज़, रोहतक द्वारा 5 फरवरी 2025 को जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि अब से रेज़िडेंट डॉक्टर (एमडी/एमएस) प्रतिवर्ष 52 में से केवल 10 रविवारों को कार्य करेंगे और बदले में उन्हें 10 अतिरिक्त अवकाश मिलेंगे। इसके अलावा उन्हें 20 आकस्मिक छुट्टियां भी दी जाएंगी, जैसा कि एनएमसी की अधिसूचना में निर्देशित है। हरियाणा में इसका श्रेय यूडीएफ़ की अथक मेहनत, संघर्ष और नेतृत्व को जाता है। हरियाणा एवं चंडीगढ़ के यूडीएफ़ अध्यक्ष डॉ. अमित व्यास के नेतृत्व में यूडीएफ ने मुहिम चलाई और रेजिडेंस डॉक्टर्स को उनका हक दिलवा दिया। इस अधिकार को पाने के लिए यूडीएफ़ की टीम ने लगातार सरकार, स्वास्थ्य विश्वविद्यालय और विधायकों के साथ संघर्ष किया। डॉ. अमित व्यास ने टीम के साथ बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, विधायक सावित्री जिंदल व यूनिवर्सिटी के कुलपति व डीन से कई बार भेंट की और हर मंच पर डॉक्टरों की आवाज़ को मजबूती से उठाया।




## पूर्व सीएम सहित 30 कांग्रेसी विधायक एक दिन के लिए निलंबित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को कांग्रेस के 30 विधायकों को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया। इन विधायकों ने राज्य सरकार पर डायमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उर्वरक की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। इस मुद्दे पर चर्चा के दौरान हुए हंगामे के कारण विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह को सदन की कार्रवाई दो बार के लिए स्थगित करनी पड़ी। प्रश्नकाल में यह मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने राज्य में डीएपी की मांग और इसकी आपूर्ति के बारे में पूछा। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या इस उर्वरक की कमी है। जवाब में राज्य के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि खरीफ फसल सीजन 2025 में, केंद्र द्वारा राज्य के लिए 3,10,000 मीट्रिक टन डीएपी का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने अप्रैल से जून 2025 तक 2,19,100 मीट्रिक टन की आपूर्ति योजना जारी की गई है, जिसके सापेक्ष 30 जून तक 1,08,155 मीट्रिक टन की आपूर्ति की जा चुकी है। पिछले सीजन (रबी 2024-25) के 40,746 मीट्रिक टन के बचत स्टॉक सहित कुल 1,48,900 मीट्रिक टन का भंडारण किया जा चुका है। मंत्री ने कहा कि चालू खरीफ सीजन में 30 जून तक जारी आपूर्ति योजना के सापेक्ष डीएपी की आपूर्ति में कमी दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि इसे ध्यान में रखते हुए, किसानों के लिए वैकल्पिक फॉस्फेटिक उर्वरकों का भंडारण किया जा रहा है और उनके बीच इनके उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। जवाब से असंतुष्ट विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर, कांग्रेस सदस्यों ने फिर से यह मुद्दा उठाया।


**☞ यात्रीगण कृपया ध्यान दें ☜**

**नई दिल्ली एवं राजेन्द्र नगर (ट) रेलवे स्टेशनों के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का शुभारम्भ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे ने नई दिल्ली–राजेंद्र नगर (ट) –नई दिल्ली के बीच नई **अमृत भारत** ट्रेन सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। इस रेल सेवा का उद्घाटन (एक तरफा फेरा) दिनांक 19.07.2025 को नई दिल्ली स्टेशन से गाड़ी संख्या 03262 नई दिल्ली – राजेंद्र नगर (ट) **अमृत भारत** उद्घाटन स्पेशल ट्रेन सेवा के रूप में किया जाएगा। उद्घाटन सेवा की विस्तृत समय–सारणी निम्नानुसार होगीः—

**उद्घाटन यात्रा की समय – सारणी**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 03262 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | --- | 18:00 |
| गाजियाबाद | 18:38 | 18:40 |
| गोविंदपुरी | 00:25 | 00:30 |
| सूबेदारगंज | 03:00 | 03:05 |
| पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. | 07:15 | 07:25 |
| बक्सर | 08:40 | 08:45 |
| आरा जं. | 09:35 | 09:40 |
| दानापुर | 10:20 | 10:25 |
| पटना जं. | 10:50 | 11:00 |
| राजेन्द्र नगर टर्मिनल | 11:45 | --- |

यह **अमृत भारत** ट्रेन निम्नलिखित विवरण के अनुसार दिनांक 31.07.2025 को राजेंद्र नगर (ट) से और दिनांक 01.08.2025 को नई दिल्ली स्टेशन से अपनी नियमित सेवा आरंभ करेगीः—

**22361/22362 राजेन्द्र नगर टर्मिनल – नई दिल्ली – राजेन्द्र नगर टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन)**

| गाड़ी सं. 22361 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 22362 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 19:45 | राजेन्द्र नगर टर्मिनल | 11:45 | --- |
| 20:00 | 20:10 | पटना जं. | 10:50 | 11:00 |
| 20:23 | 20:25 | दानापुर | 10:28 | 10:30 |
| 20:54 | 20:56 | आरा जं. | 09:55 | 09:57 |
| 21:38 | 21:40 | बक्सर | 08:58 | 09:00 |
| 23:35 | 23:45 | पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. | 07:40 | 07:50 |
| 02:00 | 02:05 | सूबेदारगंज | 03:00 | 03:05 |
| 04:25 | 04:30 | गोविंदपुरी | 00:25 | 00:30 |
| 12:23 | 12:25 | गाजियाबाद | 19:46 | 19:48 |
| 13:10 | --- | नई दिल्ली | --- | 19:10 |

**चलने के दिन :** 22361 राजेन्द्र नगर टर्मिनल से 31.07.2025 से अगले आदेश तक तथा 22362 नई दिल्ली से 01.08.2025 से अगले आदेश तक।
**स्थान :** शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2176/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**महत्वपूर्ण सूचना**

**कांवड़ मेला-2025 के लिए विशेष व्यवस्था**

कांवड़ मेला-2025 के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा कुछ नामित रेल सेवाओं को हरिद्वार तक विस्तार करने, निम्नलिखित कांवड़ विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करने और वर्तमान में संचालित की जा रही, कुछ रेलगाड़ियों को अस्थायी तौर पर नये ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :—

**रेलगाड़ी संख्या 74023/74022 दिल्ली जं.-शामली-दिल्ली जं. डीईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार — प्रतिदिन**

| रेलगाड़ी सं.: 74023 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 74022 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:00 | दिल्ली जं. | 09:25 | ---- |
| 22:50 | 22:55 | शामली | 06:25 | 06:30 |
| 23:20 | 23:22 | थाना भवन | 05:25 | 05:27 |
| 23:44 | 23:46 | रामपुर मनिहारान | 05:02 | 05:04 |
| 00:15 | 00:17 | टपरी | 04:46 | 04:48 |
| 00:56 | 00:58 | रुड़की | 04:17 | 04:19 |
| 01:38 | 01:40 | ज्वालापुर | 03:15 | 03:17 |
| 01:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:05 |

**चलने की तिथिः 74023 दिल्ली जं.** से 24.07.2025 तक और **74022 हरिद्वार** से 25.07.2025 तक।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 64557/64558 दिल्ली जं.-सहारनपुर-दिल्ली जं. एमईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार — प्रतिदिन**

| रेलगाड़ी सं.: 64557 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 64558 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 16:25 | दिल्ली जं. | 08:45 | ---- |
| 20:50 | 21:10 | सहारनपुर | 03:40 | 04:20 |
| 21:48 | 21:50 | रुड़की | 02:53 | 02:55 |
| 22:25 | 22:27 | ज्वालापुर | 02:10 | 02:12 |
| 22:50 | ---- | हरिद्वार | ---- | 02:00 |

**चलने की तिथिः 64557 दिल्ली जं.** से 24.07.2025 तक और **64558 हरिद्वार** से 25.07.2025 तक।
**स्थानः** सामान्य।

**मेला विशेष रेलगाड़ियो का निम्न समय सारणी के अनुसार संचालनः**

**रेलगाड़ी संख्या 04311/04312 मुरादाबाद-लक्सर-मुरादाबाद अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी — प्रतिदिन**

| रेलगाड़ी सं.: 04311 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04312 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:15 | मुरादाबाद | 15:15 | ---- |
| 07:15 | ---- | लक्सर | ---- | 12:00 |

**चलने के दिनः 04311 मुरादाबाद** एवं **04312 लक्सर** से 25.07.2025 तक।
**ठहरावः** बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, स्योहारा एवं काँठ स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04314/04313 हरिद्वार–दिल्ली जं.–हरिद्वार अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी — प्रतिदिन**

| रेलगाड़ी सं.: 04314 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04313 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 17:05 | हरिद्वार | 07:55 | ---- |
| 23:10 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 01:10 |

**चलने के दिनः 04314 हरिद्वार** से 24.07.2025 तक एवं **04313 दिल्ली जं.** से 25.07.2025 तक।
**ठहरावः** ज्वालापुर, रुड़की, टपरी, मुज़फ्फरनगर, मेरठ सिटी, गाजियाबाद एवं दिल्ली शाहदरा स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04316/04315 योग नगरी ऋषिकेश-दिल्ली शाहदरा - योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी — प्रतिदिन**

| रेलगाड़ी सं.: 04316 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04315 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:00 | ---- |
| 03:50 | ---- | दिल्ली शाहदरा | ---- | 04:20 |

**चलने के दिनः 04316 योग नगरी ऋषिकेश** से 24.07.2025 तक एवं **04315 दिल्ली शाहदरा** से 25.07.2025 तक।
**ठहरावः** रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, रुड़की, टपरी एवं शामली स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04318/04317 योग नगरी ऋषिकेश-आलमनगर - योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी — प्रतिदिन**

| रेलगाड़ी सं.: 04318 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04317 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 19:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:00 | ---- |
| 10:45 | ---- | आलमनगर | ---- | 12:05 |

**चलने के दिनः 04318 योग नगरी ऋषिकेश** से 09.08.2025 तक एवं **04317 आलमनगर** से 10.08.2025 तक।
**ठहरावः** रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, लक्सर, बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली एवं शाहजहाँपुर स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04413/04414 दिल्ली जं. – हरिद्वार – दिल्ली जं. अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी — प्रतिदिन**

| रेलगाड़ी सं.: 04413 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04414 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 16:45 | दिल्ली जं. | 09:40 | ---- |
| 22:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:30 |

**चलने के दिनः 04413 दिल्ली जं.** से 24.07.2025 तक एवं **04414 हरिद्वार** से 25.07.2025 तक।
**ठहरावः** दिल्ली शाहदरा, नोली, गोटरा हाल्ट, फख़रपुर हाल्ट, खेकड़ा, सुन्हैड़ा हाल्ट, अहेरा हाल्ट, बागपत रोड, सूजरा, बड़ौत, कासिमपुर खेड़ी, एलम, कांधला, शामली, हीन्ड, थाना भवन, ननौता, सोना अर्जुनपुर, रामपुर मनिहारान, टपरी, रुड़की एवं ज्वालापुर स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**दिनांक 24.07.2025 तक रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | आवृत्ति | अस्थाई ठहराव | समय-सारणी आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 14113 सूबेदारगंज – देहरादून एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 10:43 | 10:45 |
| | | मोतीचूर | 11:04 | 11:06 |
| | | रायवाला | 11:14 | 11:16 |
| 14114 देहरादून – सूबेदारगंज एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला | 14:15 | 14:17 |
| | | मोतीचूर | 14:34 | 14:36 |
| | | ज्वालापुर | 15:15 | 15:17 |
| 14309 उज्जैन – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14310 देहरादून – उज्जैन एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14317 इंदौर – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14318 देहरादून – इंदौर एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 19565 ओखा – देहरादून एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 19566 देहरादून – ओखा एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 22659 कोच्चुवेली – योग नगरी ऋषिकेश सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 12:08 | 12:10 |
| | | मोतीचूर | 12:45 | 12:47 |
| | | रायवाला | 13:00 | 13:02 |
| 22660 योग नगरी ऋषिकेश – कोच्चुवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – योग नगरी ऋषिकेश हेमकुण्ट एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 06:48 | 06:50 |
| | | मोतीचूर | 07:20 | 07:22 |
| 14609 योग नगरी ऋषिकेश – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा हेमकुण्ट एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 18:31 | 18:33 |
| 54075 बरेली – दिल्ली स्पेशल पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 23:36 | 23:38 |
| 54076 दिल्ली – बरेली स्पेशल पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 02:40 | 02:42 |

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा पूछताछ वेबसाइटः www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# मानसून आते ही त्राहिमाम क्यों करने लगते हैं हम

गर्मी की शुरुआत होते ही हम लोग मानसून की राह तकने लगते हैं। हर कोई तपते आसमान पर टकटकी लगाए बादलों को खोजने लगता है। बदरा थोड़े से लेट क्या हुए, चौतरफा हवन-यज्ञ शुरू हो जाते हैं ताकि इंद्रदेव को मनाया जा सके और धरती पर राहत की बूंदें गिरें, लेकिन जैसे ही प्रकृति अपना आशीष दिखाती है तो हम त्राहिमाम करने लगते हैं। ताल-तलैया, नदी-नाले उफनने लगते हैं, हम इसे जय प्रलय, हाहाकार जैसे शब्दों से निरूपित करते हैं। हर तरफ से जलभराव से हादसों की खबरें आने लगती हैं। असल में हम मानसून की राह तो देखते हैं, लेकिन उनके आने की तैयारी नहीं करते हैं। अपने आसपास के कुएं, बावड़ी, तालाब, जोहड़ और नदी से गंदगी को साफ करना था, उनमें जम गई गाद को निकालने के स्थान पर प्रशासन महज कुछ खानापूर्ति करता है। आम आदमी न तो इन सब में कोई रुचि लेता है और न ही इस ओर ध्यान देता है। इसलिए जो पानी पूरे साल के लिए धरती को जीवन देता है, वह समस्या लगने लगता है। यह बात समझनी होगी कि नदी, नहर, तालाब और झील आदि पानी के स्रोत नहीं हैं। हकीकत में पानी का स्रोत मानसून है या फिर ग्लेशियर। तालाब और नदी आदि तो उसे सहेजने के स्थान मात्र हैं। हम मानसून की नियामत को सहेजने के इन स्थानों को गर्मी में तैयार नहीं करते, इसलिए भी जलभराव होता है। आज गंगा-यमुना के उद्गम स्थल से लेकर छोटी नदियों के किनारे बसे गांव-कस्बे तक बस यही हल्ला है कि बरसात ने खेत-गांव सब कुछ उजाड़ दिया, लेकिन मानसून के विदा होने के बाद इन सभी इलाकों में पानी की एक-एक बूंद के लिए मारा-मारी देखने को मिलेगी। मानसून के जल का विस्तार हमारी जमीन पर नहीं हुआ है, बल्कि हमने ही जल विस्तार की नैसर्गिक जमीन पर अपना कब्जा जमा लिया है। यही कारण है कि मानसून आते ही तबाही शुरू हो जाती है। अगर आज की ही खबरों को देखें तो प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर हैं। नदियों के आसपास की 5 लाख आबादी पानी से घिर गई है। श्मशान घाट में पानी भर गया है। सड़कों पर अंतिम संस्कार किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश की वजह से अमरनाथ यात्रा रूट पर लैंडस्लाइड हुई। गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग पर हुए भूस्खलन में एक महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई, तीन घायल हो गए। इससे यात्रा दिनभर के लिए रोक दी गई। हिमाचल में अब तक 109 लोगों की बरसात के कारण मौत हो चुकी है। साथ ही भारी बारिश और बादल फटने जैसी घटनाओं से 818 करोड़ रुपये की सरकारी और निजी संपत्ति का नुकसान हो चुका है। राजस्थान में झालावाड़ का ढाबा गांव चारों ओर से पानी से घिर गया है। लोग घर की छतों पर फंसे हैं। नागौर, बहरोड़ में स्कूल-मंदिर-ऑफिस में पानी घुस गया है। मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले में लगातार बारिश से ग्रामीण इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। लोग सामान लेकर सुरक्षित स्थान की ओर जा रहे हैं। बिहार के अलग-अलग जिलों में बुधवार को बिजली गिरने से 20 लोगों की मौत हो गई। ये सब इसलिए हो रहा है कि हम लोग मानसून के लिए तैयार नहीं है। अगर बरसात से पहले जलसंचय की तैयारी कर लें तो यही बरसात का पानी सालभर के लिए खेतों में अमृत की तरह काम करेगा। इसके लिए जरूरी है कि समाज सरकार के साथ मिलकर प्रयास करें। बरसात के पानी को संभाल कर रखने से भूजल का रिचार्ज भी होगा, जो खेतों एवं कारखानों में पानी की आपूर्ति को सुनिश्चित करेगा। जरूरी है कि जहां स्थान मिले, बरसात के पानी को रोकें और उसे धरती में समाहित होने दें।




सियासत
राजकुमार सिंह

# नीतीश के लिए राह कितनी आसान!

> तीन दशक पहले लालू प्रसाद यादव पर भ्रष्टाचार, जंगल राज और वंशवादी राजनीति के आरोप लगाते हुए नीतीश कुमार ने जनता दल तोड़ समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में समता पार्टी बनाते हुए सत्ता के लिए भाजपा से दोस्ती की राजनीतिक राह चुनी। 2005 में लालू-राबड़ी राज को विदा कर नीतीश बिहार के मुख्यमंत्री भी बन गये, पर पिछले दिनों खुद वंशवादी राजनीति की राह पर आगे बढ़ते दिखे। खुद किये गये 'जीतनराम मांझी प्रयोग' को अपवाद मानें तो तब से बिहार की सत्ता पर नीतीश कुमार ही काबिज हैं। महाराष्ट्र के नतीजे ने चुनावी विश्लेषण मुश्किल बना दिया है। फिर भी लगता है कि बिहार में जिसकी भी बहार हो, इस बार नीतीशे कुमार होना मुश्किल है।

बिहार की विडंबना भी देखिए कि दोनों बड़े दल तीसरे नंबर के दल की सत्ता की पालकी उठाने को मजबूर रहे हैं। तीन दशक पहले लालू प्रसाद यादव पर भ्रष्टाचार, जंगल राज और वंशवादी राजनीति के आरोप लगाते हुए नीतीश कुमार ने जनता दल तोड़ समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में समता पार्टी बनाते हुए सत्ता के लिए भाजपा से दोस्ती की राजनीतिक राह चुनी। 2005 में लालू-राबड़ी राज को विदा कर नीतीश बिहार के मुख्यमंत्री भी बन गये, पर पिछले दिनों खुद वंशवादी राजनीति की राह पर आगे बढ़ते दिखे। खुद किये गये 'जीतनराम मांझी प्रयोग' को अपवाद मानें तो तब से बिहार की सत्ता पर नीतीश कुमार ही काबिज हैं। हां, सुविधानुसार दोस्त बदलते रहे हैं। शर्त सिर्फ इतनी रही कि मुख्यमंत्री पद बरकरार रहे। नारा भी रहाः बिहार में बहार है, फिर नीतीशे कुमार है। जिस विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नीतीश सूत्रधार बताये जा रहे थे, लोकसभा चुनाव से ऐन पहले उसे झटका देकर भाजपाई नेतृत्व वाले राजग में लौट गये। विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश के फिर पलटी मारने की चर्चाएं तो बहुत रहीं, पर अभी तक अटकलों से आगे नहीं बढ़ पायीं। हां, इस बीच बेटे निशांत की मुख्यमंत्री आवास में होली से शुरू वंशवाद की चर्चाएं अभी थमी नहीं हैं। चर्चाओं का सच तो साल के अंत में होने वाले चुनावों में ही पता चलेगा, लेकिन इस बार बिहार की बहार में नीतीशे कुमार होने की गारंटी नहीं दिखती।

नीतीश के नेतृत्व में राजग के विधानसभा चुनाव लड़ने की बात भाजपा कई बार कह चुकी है, लेकिन महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के चुनाव- पश्चात हुए हश्र से उठे सवालों के जवाब बिहार में आसान नहीं। राजनीतिक जरूरतों के मद्देनजर भाजपा ने महाराष्ट्र में अपने से कम विधायकों वाली शिवसेना के शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया। उन्हीं के नेतृत्व में राजग, जिसे वहां महायुति कहा जाता है, ने विधानसभा चुनाव भी लड़ा, लेकिन सबसे ज्यादा सीटें मिलने के आधार पर भाजपा ने अपने देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बना दिया, जो पहले शिंदे के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री थे। अब शिंदे उप मुख्यमंत्री हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में नीतीश का जदयू मात्र 43 सीटों पर सिमट गया था। फिर भी भाजपा ने उन्हें मुख्यमंत्री बना दिया, पर नीतीश को लगा कि चिराग पासवान के उम्मीदवारों के जरिये जदयू को 43 सीटों तक समेटने की रणनीति भाजपा की ही थी। चिराग की लोक जनशक्ति पार्टी 137 सीटों पर उम्मीदवार खड़े कर जीत तो मात्र एक सीट ही पायी, लेकिन ढाई दर्जन सीटों पर जदयू को हरवा दिया, जिससे वह तीसरे नंबर का दल बन गया, वरना जदयू सम्मानजनक संख्या के साथ दूसरा बड़ा दल होता। आखिर 2015 के चुनाव में भी जदयू ने 71 सीटें जीती थीं। शायद भाजपा के 'चिराग-दांव' से खफा होकर ही नीतीश बाद में लालू और कांग्रेस के महागठबंधन में चले गये। मुख्यमंत्री नीतीश ही रहे। तेजस्वी को फिर उप मुख्यमंत्री पद से संतोष करना पड़ा। विपक्षी गठबंधन बनाते-बनाते नीतीश लोकसभा चुनाव से ठीक पहले फिर राजग में लौट गये। भाजपा को भी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उनकी वापसी फायदे का सौदा लगी। फायदा हुआ भी,



लेकिन अब साल के आखिर में विधानसभा चुनाव के लिए हर दल नये सिरे से समीकरण बिठाने जुटा है। 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में बहुमत के लिए 122 सीटें चाहिए। पिछली बार भाजपा और जदयू मिलकर 125 सीटें जीत पाये थे और लालू के महागठबंधन ने 110 सीटें जीत कर उन्हें कड़ी टक्कर दी थी। भाजपा की कोशिश है कि इस बार 100 सीटों के आसपास पहुंच कर बिहार में अपना मुख्यमंत्री बनाने का पुराना सपना पूरा कर ले। शेष बहुमत का जुगाड़ छोटे सहयोगी दलों के समर्थन तथा तोड़फोड़ से हो ही जाएगा, पर ऐसा तभी संभव है, जब लालू का राजद या नीतीश का जदयू बहुत खराब चुनावी प्रदर्शन करे। पिछले विधानसभा चुनाव में राजद सबसे ज्यादा 23.1 प्रतिशत वोटों के साथ 75 सीटें जीत कर सबसे बड़ा दल बना था, जबकि 74 सीटें जीतने वाली भाजपा को मात्र 19.5 प्रतिशत वोट मिले थे। 43 सीटों पर सिमट जाने के बावजूद जदयू 15.39 प्रतिशत वोट पाने में सफल रहा था। चुनाव पश्चात ज्यादा सीटों के आधार पर इस बार अगर भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनाना चाहेगी तो उप मुख्यमंत्री बनने के लिए नीतीश शायद ही तैयार हों। तब क्या बेटे निशांत की राजनीतिक होली चुनाव पश्चात की संभावनाओं के द्वार खोलने का संकेत थी? भाजपा, जदयू के बिना सरकार बना पाने की स्थिति में नहीं हुई तो उप मुख्यमंत्री बनाकर निशांत की सत्ता राजनीति की सम्मानजनक शुरुआत करवा सकती है। लालू-तेजस्वी का राजद सबसे बड़ा दल बना तो वह भी समाजवादी परिवार के नाम पर एक बार फिर नीतीश की पालकी उठाने के बजाय निशांत को उप मुख्यमंत्री बनाना पसंद करेगा, लेकिन विधानसभा में 'नंबर वन' बनने की लड़ाई आसान नहीं है। अचानक जाति जनगणना की घोषणा से लेकर मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान तक हर कदम को चुनावी दांव से जोड़ कर देखा जा रहा है। अतीत का अनुभव बताता है कि ऐसे दांव का असर भी होता है, लेकिन जाति-संप्रदाय के आधार पर मतदाताओं की गोलबंदी के मद्देनजर बिहार में सिर्फ इतने से बात शायद न बन पाये। इसलिए राजग और 'इंडिया', जिसे बिहार में महागठबंधन कहा जाता है, के आंतरिक समीकरणों पर भी बहुत कुछ निर्भर करेगा।

खुद को 'सुशासन बाबू' कहलाना पसंद करने वाले नीतीश कुमार को पिछले विधानसभा चुनाव में शीर्षासन कराने वाले चिराग इस बार कभी सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कह रहे हैं तो कभी राजग की रणनीति के मुताबिक चलने की। समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि भाजपा के मित्र छोटे दलों की बढ़ती सीटों की मांग जदयू की सीटें घटने का कारण बनी तो नीतीश के फिर मुख्यमंत्री बनने की संभावनाओं को चुनाव से पहले ही ग्रहण लग सकता है। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी भी कुछ वोट काट कर जदयू की मुश्किलें ज्यादा बढ़ायेगी। जन सुराज पार्टी को भाजपा समर्थक माने जाने वाले लोगों से हरसंभव मदद भी कुछ इशारा कर ही रही है। बेशक महागठबंधन में भी सब कुछ सहज नहीं है। दूसरे बेटे तेज प्रताप को लालू पार्टी और परिवार से बाहर का रास्ता दिखा चुके हैं। तेजप्रताप का राजनीतिक इस्तेमाल करने से विपक्ष चूकेगा तो हरगिज नहीं। पिछली बार लचर प्रदर्शन के बावजूद कांग्रेस इस बार ज्यादा सीटों के लिए दबाव बना रही है। जिन असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के विधायक राजद ने तोड़ लिये थे, उन्होंने भी इस बार चुनावी गठबंधन की पेशकश कर लालू-तेजस्वी को मुश्किल में डाल दिया है। महाराष्ट्र के नतीजे ने चुनावी विश्लेषण मुश्किल बना दिया है। फिर भी लगता है कि बिहार में जिसकी भी बहार हो, इस बार नीतीशे कुमार होना मुश्किल है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

फातिहा
शशिधर खान




# कश्मीर में 'कश्मीरियत' को समझने की जरूरत

जम्मू व कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला अपने मंत्रिमंडल के साथ पुलिस घेराबंदी तोड़कर दीवाल फांदकर उस कब्रगाह तक पहुंचे, जहां जाने से रोकने के लिए उन लोगों को अपने-अपने घरों में 'लॉक' कर दिया गया था। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश से मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों के साथ-साथ कश्मीर के सभी क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के नेताओं को एक दिन पहले ही अपने घरों में बंद करके पुलिस ने उनके गेट पर बाहर से ताला लगा दिया था, ताकि वे 13 जुलाई को उस कब्रगाह तक नहीं पहुंच सकें। 13 जुलाई तारीख कश्मीर के लिए ऐतिहासिक दिन है और कश्मीरियत की पहचान तथा कश्मीरियों की सामाजिक भावनाओं से जुड़ी है। शहीदों की मजार पर उस दिन 'फातिहा' पढ़ने का रिवाज है। वर्ष 1931 में जम्मू व कश्मीर के महाराजा हरि सिंह के खिलाफ विद्रोह भड़कने के दौरान 13 जुलाई को 22 नागरिक मारे गए थे। श्रीनगर जेल के बाहर उसी जगह उन्हें दफनाया गया, जहां वे शहीद हुए थे। श्रीनगर के ख्वाजा बाजार में स्थित वो नक्सबांद साहिब दरगाह शहादत स्थल के रूप में जाना जाता है, जहां 13 जुलाई को 22 शहीदों को श्रद्धांजलि देने की परंपरा चली आ रही है। 13 जुलाई और सद्रे-रियासत कहलाने वाले नेशनल कान्फ्रेंस संस्थापक शेख मुहम्मद अब्दुल्ला का जन्म दिन 05 दिसंबर सार्वजनिक अवकाश हुआ करता था। धारा-370 खत्म करके जम्मू व कश्मीर का विशेष संवैधानिक दर्जा के साथ-साथ राज्य का दर्जा हटाकर संघशासित क्षेत्र (यूटी) बनाए जाने के 6 महीने के बाद उपराज्यपाल ने ये दोनों अवकाश भी खत्म कर दिए। अक्टूबर, 2024 में 10 साल के अंतराल के बाद हुए जम्मू व कश्मीर विधान सभा चुनाव में सबसे प्रभावशाली पार्टी नेशनल कान्फ्रेंस पूर्ण बहुमत से सत्ता में आयी लेकिन पुलिस, कानून व व्यवस्था और यूटी के सारे महत्वपूर्ण विभागों पर पूर्ण नियंत्रण उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का ही रहा। जम्मू व कश्मीर सरकार के पास अभी तक अधिकार के नाम पर कुछ नहीं है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला शेख अब्दुल्ला के पोते हैं। नेशनल कान्फ्रेंस के सत्ता में आने के बाद से पहली 13 जुलाई को अपनी परंपरा कायम रखने के लिए उमर अब्दुल्ला, उनके पिता नेशनल कान्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला समेत सभी क्षेत्रीय दलों के विधायकों, नेताओं ने शहीद दरगाह पर जाकर श्रद्धांजलि देने की योजना बनायी लेकिन उपराज्यपाल ने यह योजना कार्यान्वित न होने देने के लिए कानून व व्यवस्था का मामला बनाकर निर्वाचित सरकार के खिलाफ पुलिस का इस्तेमाल किया। 10 जुलाई को ही नेशनल कान्फ्रेंस प्रवक्ता इमरान नबी दर ने मीडिया को बताया कि 'हमने उपराज्यपाल को पत्र लिखकर आग्रह किया कि 13 जुलाई और 05 दिसंबर की तारीखों को सार्वजनिक अवकाश फिर से घोषित कर दें।' पार्टी महासचिव अली मुहम्मद सागर ने उपराज्यपाल से शहीद कब्रगाह मजार-ए-शुहादा पर 13 जुलाई को 'फातिहा' पढ़ने की इजाजत मांगी। ठीक 12 जुलाई को श्रीनगर प्रशासन ने मुख्यमंत्री और तमाम क्षेत्रीय दलों की अर्जियों को ठुकराकर ख्वाजा बाजार शहीद दरगाह की ओर जाने की इजाजत नहीं दी। मुख्यमंत्री समेत सभी क्षेत्रीय दलों के नेताओं को और आम जनता की उसमें भागीदारी रोकने के विभिन्न हथकंडे अपनाए गए। हुर्रियत कान्फ्रेंस अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को जेल में डाल दिया गया। नेशनल कान्फ्रेंस सुप्रीमो फारूक अब्दुल्ला, उनके पुत्र मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, पीपुल्स कान्फ्रेंस प्रमुख विधायक सज्जाद लोन, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार नसीर असलम वानी, सीपीएम नेता विधायक एमवाई तारीगामी सब के सब नजरबंद कर दिए गए। उप मुख्यमंत्री और हिन्दू बहुल जम्मू क्षेत्र से जीते एकमात्र नेशनल कान्फ्रेंस विधायक सुरिंदर चौधरी उस समय जम्मू में थे। मगर उनका श्रीनगर आवास लॉक कर दिया गया। मनोज सिन्हा महाराजा हरिसिंह के जन्मदिन को सार्वजनिक अवकाश और उनके खिलाफ विद्रोह करने वालों को 'उपद्रवी' घोषित कर चुके हैं। पहलगाम हमले की सारे कश्मीरियों ने निंदा की, 'ऑपरेशन सिंदूर' का समर्थन किया। आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई में जनता सरकार के साथ है लेकिन 13 जुलाई के उपराज्यपाल के कदम से राज्य दर्जा टालने से ज्यादा जन-असंतोष को बढ़ा दिया। रोके जाने वाले नेताओं में सीपीएम के सबसे पुराने विधायक एमवाई तारीगामी भी थे। सारे वामदलों के नेताओं ने शहादत स्थल पर 'फातिहा' रोकने की कार्रवाई को कश्मीरियों का 'अपमान' बताते हुए उन शहीदों को 'उपद्रवी' कहने और महाराजा हरिसिंह का जन्मदिन अवकाश घोषित करने की कड़ी निंदा की।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं



संकलित
**दर्शन**

सामान्यतया सर्प अपनी भयंकरता के लिए जाने जाते हैं। पर दो बड़े देवता उन्हें अंगीकार किए हुए हैं। एक तो संसार के पालक विष्णु जी, जो उन्हें अपनी शय्या बनाए हुए हैं और दूसरे देवों के देव भगवान शंकर, जो उन्हें हारतुल्य कंठ में डाले हुए हैं। फिर वे पूज्य क्यों न माने जाएं? सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। कृषि के शत्रु और मानवता के क्षतिकारक चूहों व कीट आदि का भक्षण करते रहते हैं और विष को आत्मसात करते हैं। दंश वे तभी देते हैं, जब दब-कुचल जाएं या उन्हें ऐसा कोई भ्रम हो जाए। वे अनेक औषधियों के निर्माण में भी सहायक होते हैं। सर्पों की अनेक प्रजातियां विषहीन भी होती हैं। शास्त्रों के अनुसार, वे शेषनाग के रूप में पृथ्वी को धारण करते हैं और वासुकि के रूप में कष्ट उठाकर समुद्र मंथन में रज्जु का काम करते हैं। रावण जैसे राक्षसों के संहार में शेषावतार लक्ष्मण रूप से श्रीराम की सहायता करते हैं। वराह पुराण के अध्याय 24 में एक कथा आई है। सर्पगण कश्यप ऋषि व उनकी पत्नी कद्रू की संतान हैं। उनसे अनंत, वासुकि, कंबल, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख, कुलिक, पापराजिल आदि सर्प हुए। ये गरुड़ के सौतेले भाई हैं, जो ऋषि की अन्य पत्नी विनता से जन्मे। जब ये मानवता को कष्ट देने लगे, तो ब्रह्मा जी ने वासुकि आदि को बुलवा कर डांटा और अभिशप्त किया। सर्पों द्वारा अनुनय-विनय करने पर उन्हें रहने के स्थान सीमित किए और काटने की भी सीमा रेखाएं खींची। यह सारा वृत्तांत पंचमी तिथि को हुआ। मान्यता है कि इस दिन उनकी पूजा-अर्चना से मानव को सर्प भय से मुक्ति मिल जाती है।

# जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित
**प्रेरणा**

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूं। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूं। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहा- तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूं। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोलाः दोस्त मैं कहां सुंदर हूं। मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोलाः तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोला- खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गए हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहां एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोलाः शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सावन महीने से भगवान शिव का है शाश्वत संबंध

सावन हिंदू पंचांग का पांचवां महीना होता है। यह हरियाली, सुंदरता, सकारात्मकता, शुभता और पवित्रता का महीना होता है, जो प्रायः संपूर्ण सृष्टि के लिए नवोन्मेष एवं नवजीवन का उपहार लेकर आता है। सच कहा जाए तो ज्येष्ठ-आषाढ़ की तपती गर्मी, चिलचिलाती धूप, उमस और पसीने से परेशान संपूर्ण प्राणी जगत को सावन महीने की प्रतीक्षा रहती है, क्योंकि इस महीने में होने वाली रिमझिम वर्षा के कारण तापमान में गिरावट आती है और प्रकृति में सुखद परिवर्तन होते हैं। इसके परिणामस्वरूप संपूर्ण सृष्टि में तृप्ति और तुष्टि का प्रसार होता है तथा प्राणियों के जीवन में उमंग, उल्लास और प्रसन्नता का संचार होने लगता है। सारा संसार शिवमय हो जाता है। सावन के महीने में प्रायः देश ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के शिवभक्त भगवान शिव को जलार्पण कर उनसे सौभाग्य व सुख प्राप्त कर संतुष्ट होते हैं।

*- श्रवण जोशी, रायगढ़*

## करंट अफेयर


# कंबोडिया में साइबर अपराध पर 1,000 लोग गिरफ्तार



प्रधानमंत्री हुन मानेट द्वारा सरकारी निकायों को देश में साइबर अपराधों पर नकेल कसने के आदेश के परिणामस्वरूप इस सप्ताह अब तक 1,000 से ज्यादा संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। हुन मानेट ने 'सुरक्षा-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा बनाये रखने' के लिए संबंधित विभागों को कार्रवाई करने का अधिकार देते हुए यह आदेश जारी किया था। हुन मानेट ने मंगलवार को एक बयान में कहा, "सरकार ने पाया है कि ऑनलाइन (साइबर) घोटाले वर्तमान में दुनिया और क्षेत्र में खतरा व असुरक्षा पैदा कर रहे हैं। कंबोडिया में, विदेशी आपराधिक समूह भी साइबर घोटाले करने के लिए घुसपैठ कर चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य एजेंसियों का अनुमान है कि साइबर घोटालों से अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोहों को सालाना अरबों डॉलर की कमाई होती है। सूचना मंत्री नेथ फेकट्रा और पुलिस के बयानों के अनुसार, सोमवार से बुधवार के बीच कम से कम पांच प्रांतों में छापेमारी के दौरान 1,000 से ज्यादा संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में राजधानी नोम पेन्ह व सिहानोकविले से 200 से ज्यादा वियतनाम नागरिकों, चीन के 27 नागरिकों, ताइवान के 75 और कंबोडिया के 85 नागरिक शामिल हैं।

## ऑफ बीट

# प्रति दिन मांस खाने से कोलोरेक्टल कैंसर



प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस के सेवन के प्रभाव पर विश्व कैंसर अनुसंधान कोष द्वारा 500 पेज के अध्ययन के सैकड़ों परिणामों में से केवल एक के बारे में खबर दी। अखबार ने पाठकों को बताया कि हर दिन एक बेकन सैंडविच खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ सकता है। यदि यह सापेक्ष जोखिम अनुपात एक से ऊपर है, तो संपर्क में आए व्यक्ति में बिना जोखिम के किसी व्यक्ति की तुलना में रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती है। यदि यह एक से नीचे हो तो जोखिम कम हो जाता है। पूर्ण जोखिम किसी विशेष उपचार या जोखिम कारक (उदाहरण के लिए, बेकन सैंडविच खाने या न खाने) के संपर्क में आने या न आने वाले लोगों का अनुपात है, जिनसे किसी दिए गए परिणाम (उदाहरण के लिए, कैंसर) के विकसित होने की आशंका होती है। प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' विकसित होने का पूर्ण जीवनकालिक जोखिम पांच से छह प्रतिशत तक बढ़ जाता है। तो यह सच है कि प्रतिदिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने वालों के लिए सापेक्ष जोखिम 20 प्रतिशत बढ़ जाता है, लेकिन पूर्ण जोखिम केवल एक प्रतिशत बढ़ता है।

## ट्रेंड

### दोषपूर्ण स्व-अनुवाद



मेटा प्लेटफॉर्म पर कन्नड़ सामग्री के दोषपूर्ण स्व-अनुवाद में तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है और उपयोगकर्ताओं को गुमराह किया जा रहा है। हमने मेटा को पत्र लिखकर तत्काल सुधार का आग्रह किया है।

**-सिद्धारमैया, सीएम, कर्नाटक**

### भारत के लिए गर्व का क्षण



भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रतिभाशाली स्ट्राइकर, हरियाणा की बेटी दीपिका को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड से सम्मानित किया जाना भारत के लिए गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश के लिए सम्मान का विषय है।

**-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### इंदौर सबसे स्वच्छ शहर



इंदौर को 'सुपर स्वच्छ लीग सिटीज़' श्रेणी में देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में सम्मानित किया जाना प्रदेशवासियों के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उल्लेखनीय है कि विगत 7 वर्षों से स्वच्छ शहरों की श्रेणी में इंदौर ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया था।

**-डा. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश**

### सबसे बुरा काम



यही सबसे बुरा काम है जो हम अपने बच्चों के साथ करते हैं। उन्हें दूसरों से अपनी सफाई माँगना सिखाएँ। यह ज़िंदगी भर की लत बन जाती है... हर वक़्त पीठ थपथपाने की चाहत में...

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।





जयपुर में 'सहकार एवं रोजगार उत्सव' में बोले शाह

# भारतीयों व सेना को किसी ने भी छेड़ा....तो उसे हम छोड़ेंगे नहीं

## हम देश के हर गांव, गरीब और किसान तक सहकारी आंदोलन पहुंचाएंगे

एजेंसी ▶▶ जयपुर

गृह मंत्रालय के साथ-साथ सहकारिता मंत्रालय की जिम्मेदारी भी संभाल रहे शाह अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अवसर पर जयपुर के दादिया गांव में 'सहकार एवं रोजगार उत्सव' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी 100 वर्ष सहकारिता के हैं। उन्होंने कहा कि देश के हर गांव, गरीब और किसान तक सहकारी आंदोलन को पहुंचाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की है। इस अवसर पर शाह ने भारतीय सशस्त्र बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' की ओर इशारा करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इसने पूरी दुनिया को यह मजबूत संदेश दिया कि किसी को भी भारत के नागरिक, उसकी सीमा या उसकी सेना से छेड़खानी नहीं करनी चाहिए वरना नतीजे भुगतने पड़ते हैं।



### सहकारिता ने देश में अहम बदलाव लाया

शाह ने देश के विकास में सहकारिता आंदोलन के योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि विगत सौ साल के अंदर सहकारिता ने देश के विकास में बड़ा योगदान दिया मगर आने वाले 100 साल सहकारिता के हैं। हर गांव, हर गरीब, हर किसान तक सहकारिता को पहुंचाने के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र सरकार में एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने इसे मजबूत करने के लिए 61 पहल की हैं। 2 लाख नई पैक्स (प्राथमिक कृषि ऋण समितियां) बनाने का काम शुरू हो चुका है, जिनमें से 40,000 पैक्स बना ली गई हैं। उन्होंने राजस्थान के कृषि योगदान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हम यह काम कर रहे हैं कि सहकारी समितियों का लाभ कतार में खड़े अंतिम लोगों तक पहुंचे। शाह ने 24 खाद्यान्न भंडारण गोदामों और 64 बाजरा दुकानों का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

### किसी ने विश्वासघात किया तो महंगा पड़ेगा

शाह ने कहा कि दुनिया को अब स्पष्ट संदेश मिल चुका है कि किसी को भी भारत, उसकी सीमाओं या उसकी सेनाओं से विश्वासघात नहीं करना चाहिए और जो ऐसा करेंगे, उनको परिणाम भुगतने होंगे। भारत के साथ विश्वाघात महंगा पड़ेगा।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' से पूरी दुनिया को दिया सख्त संदेश


शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सुरक्षित करने का सबसे बड़ा काम किया है। कांग्रेस के राज में देश आए दिन आतंकवादी हमलों से त्रस्त था,लेकिन अब ऐसा नहीं होता। शाह ने कहा कि पहले उरी में हमला हुआ तो मोदी ने 'सर्जिकल स्ट्राइक' की। पुलवामा में हमला हुआ 'एयर स्ट्राइक' की और पहलगाम में हमला किया गया तो 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पाकिस्तान के घर में जाकर आतंकवादियों के परखच्चे उड़ा दिए।

### भजनलाल सरकार की सराहना की

राजस्थान में भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की प्रशंसा करते हुए शाह ने कहा कि इस सरकार ने कम समय में कई काम किए हैं। राजस्थान पेपर लीक से त्रस्त था, लेकिन भजनलाल सरकार ने पेपर लीक माफिया को कठोर संदेश दिया है। निवेश शिखर सम्मेलन के दौरान 35 लाख करोड़ के करार पर हस्ताक्षर किए। 3लाख करोड़ के एमओयू पर काम शुरू हो चुका है।

## खबर संक्षेप

### वाड्रा की 43 संपत्तियां जब्त, चार्जशीट दाखिल



**नई दिल्ली।** सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चार्जशीट दाखिल की है। वाड्रा की 43 संपत्तियों को भी जब्त कर लिया है, जिनकी कीमत 36 करोड़ के करीब बताई जा रही है। ईडी ने चार्जशीट फाइल की है। बताया जा रहा कि चार्जशीट में वाड्रा के अलावा कुछ और लोगों एवं कंपनियों के भी नाम शामिल हैं।

### पटना के बड़े प्राइवेट अस्पताल में गोली मारी



**पटना।** यहां के राजा बाजार अवस्थित बिहार के निजी क्षेत्र के बड़े हॉस्पिटल पारस में हथियारबंद अपराधियों ने अस्पताल में घुसकर मरीज की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक चंदन मिश्रा बक्सर का रहने वाला था और हत्या के एक मामले में बेऊर जेल में बंद था। गंभीर रूप से बीमार होने के बाद उसे पारस हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था।

### असम में झड़प में एक शख्स की मौत



**गोवालपाड़ा।** असम के गोवालपाड़ा जिले के पैकन आरक्षित वन में उग्र भीड़ और सुरक्षाकर्मियों के बीच हुई झड़प में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिसकर्मियों सहित कई अन्य घायल हुए हैं। वन रक्षकों और पुलिसकर्मियों पर भीड़ ने लाठियों से हमला किया। वे पैकन आरक्षित वन के हिस्से की घेराबंदी करने गए थे।

### भिखारियों के साथ दिखें बच्चे तो करें डीएनए टेस्ट



**अमृतसर।** पंजाब सरकार ने भिखारियों के बच्चों और वयस्कों केडीएनए टेस्ट के आदेश दिए हैं ताकि संबंधों की पुष्टि हो सके। बच्चों की तस्करी और भीख मांगने उनके शोषण पर रोक लगाने के उद्देश्य से, पंजाब सरकार ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि वे सड़कों पर वयस्कों के साथ भीख मांगते पाए जाएं तो बच्चों का डीएनए टेस्ट किया जाए ताकि पहचान हो सके।

### डूबने से 2 सगे भाई समेत 3 बच्चों की मौत



**गुजरात।** राजकोट के जामकंडोरणा तालुका के पडरिया गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक झील में डूबने से 3 बच्चों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय तैराक, बचाव कर्मी और पुलिस कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद तैराकों ने तीनों बच्चों के शवों को झील से बाहर निकाला।

## बिहार में चुनाव आयोग की जांच में बड़ा खुलासा

# 5.76 लाख मतदाता कई जगहों पर पंजीकृत 12.55 लाख की मौत, 35.69 लाख 'लापता'

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जारी रहने के साथ, आधिकारिक आंकड़े यह भी बताते हैं कि लगभग 7.90 करोड़ मतदाताओं में से बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर किए

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक अहम आंकड़ा सामने आया है। चुनाव आयोग (ईसी) ने अब तक पाया है कि बिहार में 5.76 लाख से ज़्यादा मतदाता कई जगहों पर पंजीकृत हैं और 12.55 लाख से ज़्यादा मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है।

राज्य की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जारी रहने के साथ, आधिकारिक आंकड़े यह भी बताते हैं कि लगभग 7.90 करोड़ मतदाताओं में से बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर किए गए सर्वेक्षण के दौरान 35.69 लाख से अधिक मतदाता अपने पते पर नहीं पाए गए। चुनाव आयोग की ओर से दिए गए आंकड़ों के अनुसार 17.37 लाख से ज़्यादा मतदाता संभवतः स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं। चुनाव आयोग ने रेखांकित किया कि आने वाले दिनों में ये आंकड़े बदलेंगे।

### समय सीमा में फार्म जमा करने की सुविधा दी

चुनाव आयोग ने कहा था कि बिहार के कुल 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 6.60 करोड़ से ज़्यादा यानी 83.66 प्रतिशत मतदाताओं के नाम 1 अगस्त को प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची के मसौदे में शामिल किए जाएंगे। इस सूची में वे सभी मतदाता शामिल होंगे जिनके फॉर्म समय सीमा तक प्राप्त हो गए हैं।

### मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में हकीकत आई सामने

#### मतदाताओं से संपर्क का प्रयास भी किया जा रहा



अखबारों में विज्ञापनों और राज्य से अस्थायी रूप से बाहर गए मतदाताओं से सीधे संपर्क के जरिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे समय पर अपने गणना फॉर्म (ईएफ) भर सकें और उनके नाम भी मसौदा मतदाता सूची में शामिल हो सकें।

#### जो पते पर नहीं मिले, सियासी दलों को देंगे जानकारी

;चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट रिवीजन के तहत एक बड़ा खुलासा किया है। बिहार के करीब 35.7 लाख मतदाता ऐसे पाए गए हैं, जो अपने पते पर मौजूद नहीं हैं। ये आंकड़ा बिहार के कुल 7.9 करोड़ मतदाताओं का लगभग 4.5 फीसदी है। बूथ लेवल अधिकारियों ने ऐसे मतदाताओं के पते पर तीन बार अनिवार्य दौरे किए, लेकिन फिर भी वे वहां नहीं मिले। अब चुनाव आयोग ने तय किया है कि इन मतदाताओं की जानकारी राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों और 1.5 लाख बूथ लेवल एजेंट्स के साथ साझा की जाएगी ताकि वे 25 जुलाई तक इन मतदाताओं की वास्तविक स्थिति की पुष्टि कर सकें।

भाजपा के जफर ने किया राहुल पर करारा वार

### राहुल की बातें उल्टा चोर कोतवाल को डांटे जैसी



**नई दिल्ली।** असम में कांग्रेस के सत्ता में आने पर भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री हिमंत विस्व सरमा को जेल भेज देने के दावे को लेकर राहुल गांधी की तीखी आलोचना करते हुए भाजपा प्रवक्ता जफर इस्लाम ने कहा कि भ्रष्टाचार के बारे में कांग्रेस नेता का बात करना ऐसा लग रहा है जैसे कि चोर चौकीदारी की बात करे। कांग्रेस की ये बातें पूरी तरह अशोभनीय हैं।

### चुनाव आयोग बोला अपात्रों को हटा रहे पात्रों को जोड़ रहे

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को मतदाता सूची की सफाई में लोगों की सक्रिय भागीदारी के लिए बिहार के मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया 22 साल बाद की जा रही है और इसका मकसद अपात्र वोटरों को हटाना है।

राहुल और तेजस्वी का ईसी पर हमला

### चुनाव आयोग है या 'इलेक्शन चोरी' शाखा!



बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग पर सीधा हमला बोला है। राहुल ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग अब 'इलेक्शन चोरी' शाखा बन चुका है। राहुल ने दावा किया है कि बिहार में वोट चोरी पकड़ी गई है।

#### काम हम करते हैं, लाउडस्पीकर वे चला रहे

राहुल ने आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधियों से उनके प्रमुख मुद्दों पर गहन चर्चा की। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड, ओडिशा समेत अन्य इलाकों से आए आदिवासी नेताओं ने कहा कि हम पर हमले हो रहे हैं। राहुल ने कहा काम हम कर रहे जबकि भाजपा केवल लाउडस्पीकर बजा रही है।

#### तेजस्वी बोले- प्रक्रिया लोकतंत्र के लिए खतरा

तेजस्वी ने भी आयोग की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि हमें विशेष पुनरीक्षण से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसे जिस तरीके से किया जा रहा है, वह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। हम लोकतंत्र को खत्म होते हुए नहीं देख सकते। हम हर मंच पर इसके खिलाफ लड़ेंगे। हम देश के तमाम बड़े नेताओं को पत्र लिख रहे हैं।

24 घंटे में दूसरी बार मिले उद्धव-फडणवीस

## 20 मिनट की मुलाकात से 20 तरह की अटकलें

पुराने गठबंधन का नया संकेत!



एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति एक बार फिर करवट लेती दिख रही है। बुधवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को अप्रत्यक्ष रूप से सत्ताधारी पक्ष में शामिल होने का प्रस्ताव दिया। इसके ठीक एक दिन बाद गुरुवार को दोनों नेताओं की मुलाकात विधान परिषद के सभापति राम शिंदे के कार्यालय में हुई। यह बैठक करीब 20 मिनट तक चली। इस बैठक में आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे। इन दो मुलाकातों ने राजनीतिक गलियारों में नई संभावनाओं को जन्म दे दिया है। हालांकि दोनों पार्टी की ओर से इस मुलाकात को लेकर कोई भी आधिकारिक बयान नहीं आया है।

### उद्धव चाहें तो सत्तापक्ष में आएं

फडणवीस ने साफ कहा कि भाजपा 2029 तक विपक्ष में जाने वाली नहीं है। उन्होंने उद्धव को इशारों में संदेश देते हुए कहा कि वे चाहें तो किसी अलग रास्ते से सत्तापक्ष में आ सकते हैं। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब उद्धव लगातार भाजपा और शिंदे सरकार की तीन-भाषा नीति को लेकर आलोचना कर रहे हैं। शिवसेना और भाजपा ने 25 साल तक साथ मिलकर महाराष्ट्र में राजनीति की। लेकिन 2014 में सीटों के बंटवारे को लेकर दोनों में दरार आ गई। 2019 में उद्धव ठाकरे ने भाजपा से नाता तोड़कर कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर सरकार बनाई। लेकिन 2022 में एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद सरकार गिर गई और फडणवीस शिंदे के साथ आ गए।

### ठाकरे और भाजपा के साथ आने की अटकलें

फडणवीस और उद्धव की मुलाकातों को लेकर अब यह अटकलें तेज हो गई हैं कि क्या दोनों पुराने साथी एक बार फिर साथ आ सकते हैं? खास बात यह है कि फडणवीस का बयान और फिर उनकी मुलाकात ऐसे समय हुई है जब उद्धव शिंदे सरकार पर तीखे हमले कर रहे हैं और एमएनएस के साथ तालमेल की चर्चा चल रही है।राज और उद्धव के बीच बढ़ती नजदीकियों ने भाजपा को सोचने पर मजबूर किया है। अगर मराठी वोट बैंक को लेकर ठाकरे बंधु एक हो जाते हैं तो भाजपा को राजनीति में नुकसान हो सकता है। इसलिए फडणवीस की कोशिश यही मानी जा रही है कि किसी भी हालत में उद्धव को अपने पाले में वापस लाया जाए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने परियोजनाओं को लेकर की समीक्षा बैठक

## यमुनानगर के प्लाईवुड उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए एक विस्तृत कार्य-योजना तैयार करने के निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यमुनानगर के प्लाईवुड उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए एक विस्तृत कार्य-योजना तैयार करने के निर्देश दिए ताकि इस क्षेत्र के बरसों पुराने प्लाईवुड उद्योग को बढ़ावा मिल सके। साथ ही, जगाधरी के धातु उद्योग को भी पुनर्जीवित करने के लिए मास्टर-प्लान बनाने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को यहां वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव कार्यालय, गृह विभाग, श्रम विभाग, उद्योग एवं वाणिज्य,मत्स्य और आयुष विभागों सहित अन्य विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, मत्स्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ राजा शेखर वुंडरू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण कुमार गुप्ता, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ अमित अग्रवाल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक के मकरंद पांडुरंग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सैनी ने अधिकारियों को विकसित भारत के चार स्तंभ युवा, महिला, किसान और गरीब के कल्याणार्थ नीति निर्माण करने और नियमों की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नीतियां बनाते समय इन वर्गों की वास्तविक आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाए तथा योजनाओं में समावेशिता, पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित की जाए। सीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि वॉक-टू-वर्क नीति के तहत सरकार की कार्यस्थलों के नजदीक के शहरों में श्रमिकों के लिए आवासीय सुविधाएं विकसित करने की योजना है। इसके लिए सीएसआर के तहत कॉरपोरेट संस्थानों को जोड़ने की संभावनाएं तलाशी जाएं। इसके क्रियान्वयन से श्रमिकों को सस्ती दरों पर आवास सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। मुख्यमंत्री ने सुझाव देते हुए कहा कि इन आवासीय क्षेत्रों में कैंटीन की सुविधा भी विकसित करने की कार्य-योजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के अनुसार उत्पादित होने वाली फसलों के अनुरूप वहां खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने की कार्य-योजना बनाई जाए, ताकि किसान भी परंपरागत फसलों के अलावा मार्केट के अनुसार फसलों की खेती कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि छोटे-छोटे क्लस्टर चिह्नित करके फसलों के अनुसार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाए जाएं।

### सभी प्रमुख मार्गों पर कहीं भी गड्ढे न हों: सीएम

मुख्यमंत्री सैनी ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से एक मजबूत सड़क सुरक्षा नीति बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख मार्गों पर कहीं भी गड्ढे न हों, साथ ही, जिन स्थानों पर बार-बार दुर्घटनाएं हो रही हैं, उन्हें 'ब्लैक स्पॉट्स' के रूप में चिन्हित कर वहां त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी सर्दियों के मौसम, धुंध व कोहरे को देखते हुए दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सड़कों पर उपयुक्त साइनेज लगाए जाएं।

केंद्र और हरियाणा सरकार पर हमला

## हिसार में दलित युवक गणेश वाल्मीकि की हत्या: राहुल गांधी ने उठाया सामाजिक न्याय का मुद्दा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के हिसार में 16 वर्षीय दलित युवक गणेश वाल्मीकि की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे देश में हलचल मचा दी है। इस मामले में लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र की भाजपा सरकार और हरियाणा प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस घटना को न केवल एक अपराध, बल्कि मनुवादी सोच का परिणाम बताया है, जो दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचारों को बढ़ावा दे रही है। इस मामले पर 'एक्स' पर राहुल ने एक भावनात्मक और कड़ा बयान जारी किया। वाल्मीकि की हत्या और उनके परिवार के साथ हुई बर्बरता सिर्फ एक अपराध नहीं है, बल्कि यह मनुवादी सिस्टम का वह घिनौना चेहरा है, जो आज भारत में बहुजनों के जीवन को सस्ता समझता है और उन्हें समानता व सम्मान का हकदार नहीं मानता। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने न केवल इन अत्याचारों पर चुप्पी साधी है, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करके पुलिस और प्रशासन को अपराधियों की ढाल बना दिया है। राहुल गांधी ने कहा, मोदी के दौर में दलित होना, गरीब होना, वंचित होना - जैसे अपराध बन गया है। गणेश वाल्मीकि की मौत सिर्फ एक इंसान की नहीं, बल्कि संविधान की हत्या है, बाबा साहब आंबेडकर के सपनों की हत्या है।

वाल्मीकि अपने जन्मदिन के अवसर पर अपने घर में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर रहे थे। रात करीब 11 बजे हिसार पुलिस मौके पर पहुंची और डीजे बंद करने को लेकर विवाद शुरू हो गया। परिजनों और स्थानीय दलित संगठनों का आरोप है कि पुलिस ने गणेश और उनके परिवार के साथ मारपीट की। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने कथित तौर पर गणेश को छत से धक्का दे दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों का यह भी आरोप है पुलिस ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बर्बरता की और घटना के 9 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। जब परिवार ने न्याय की मांग की, तो उल्टा उन्हें ही प्रताड़ित किया गया। इससे दलित समुदाय और विभिन्न सामाजिक संगठनों में भारी आक्रोश है। हिसार के सिविल अस्पताल के बाहर पिछले कई दिनों से धरना-प्रदर्शन जारी है। परिजनों ने गणेश के शव को लेने से इनकार कर दिया है और पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए और निष्पक्ष जांच हो। भिवानी, सहारनपुर, मुरादाबाद, और कोकचा जैसे शहरों में भी वाल्मीकि समुदाय और अन्य संगठनों ने ज्ञापन सौंपे और धरने आयोजित किए। कई संगठनों ने मांग की है कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए, मामले की सीबीआई जांच हो, और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता व सरकारी नौकरी दी जाए।

स्पेन में मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने निवेश संवाद में बताई मध्यप्रदेश की खूबियां

डॉ. यादव ने किया वैश्विक कपड़ा एवं फैशन क्षेत्र के दिग्गजों से निवेश संवाद

## हरित, लागत-प्रतिस्पर्धी और ट्रेसिबल उत्पादन हब के रूप में उभर रहा देश का हृदय प्रदेश

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की स्पेन यात्रा के दूसरे दिन का फोकस वैश्विक कपड़ा एवं फैशन क्षेत्र के दिग्गजों से निवेश संवाद का रहा। स्पेन के गैलिसिया स्थित इंडिटेक्स मुख्यालय में हुई बैठक में डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को 'हरित, लागत-प्रतिस्पर्धी और ट्रेसिबल उत्पादन हब' के रूप में प्रस्तुत किया। इंडीटेक्स समूह के वरिष्ठ अधिकारियों संग व्यापारिक साझेदारी और निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

स्पेन यात्रा के दूसरे दिन गैलिसिया स्थित इंडिटेक्स मुख्यालय में हुई बैठक

### डॉ. यादव ने कहा, टेक्सटाइल क्षेत्र में वैश्विक साझेदारियों के लिए प्रतिबद्ध



इंडीटेक्स को साझेदारी का आमंत्रण

डॉ. यादव ने इंडिटेक्स को आमंत्रण दिया कि वे पीएम मित्रा पार्क में सप्लाई चेन एंकर के रूप में भागीदार बनें। उन्होंने एक ऑर्गेनिक कॉटन ट्रेसिंग प्लेटफॉर्म और ईएसजी सर्टिफाइड एमएसएमई के साथ वेंडर डेवेलपमेंट प्रोग्राम प्रारंभ करने का सुझाव भी दिया। डॉ.यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश भारत का अग्रणी ऑर्गेनिक कॉटन उत्पादक है।

#### गारमेंट यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि धार जिले में भारत सरकार की पीएम मित्रा योजना के अंतर्गत विकसित हो रहा टेक्सटाइल मेगा पार्क इंडिटेक्स जैसे वैश्विक ब्रांडों के लिए सस्टेनेबल और इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग का आदर्श केंद्र बन सकता है। उन्होंने इस पार्क में गारमेंटिंग यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश देश के शीर्ष कच्चा कपास उत्पादक राज्यों में से एक है, जहां सालाना लगभग 18 लाख बेल्स (3 लाख मीट्रिक टन) का उत्पादन होता है। राज्य में 15 से अधिक टेक्सटाइल क्लस्टर हैं इसमें इंदौर, मंदसौर, बुरहानपुर, उज्जैन, नीमच जैसे केंद्र टेक्सटाइलउत्पादन में अग्रणी हैं।

## खबर संक्षेप

### टेस्ला की भारत से आधे कीमत में चीन में कार बेचने की तैयारी

**नई दिल्ली।** टेस्ला ने हाल ही में भारत में एंट्री की है। कंपनी ने टेस्ला मॉडल वाई और मॉडल 3 लांच किए हैं। भारत में कंपनी वाई का जो मॉडल भारत में लांच किया है उसी का अपग्रेडेड वर्जन टेस्ला अब चीन में लांच करने वाली है। टेस्ला चीन में अपने लोकप्रिय मॉडल वाई एसयूवी का लंबा, 6-सीट वाला वेरियंट पेश करने जा रही है। यह कंपनी का रणनीतिक कदम है। चीन में बीते कई महीनों से बीवाईडी टेस्ला को कड़ी टक्कर दे रही है। दुनिया के सबसे बड़े इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में अपना मार्केट शेयर वापस हटाने के लिए कंपनी ने टेस्ला मॉडल वाई का नया मॉडल लांच करने जा रही है।

### सोना 200 और चांदी में 500 की गिरावट

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में कमजोर मांग के बीच स्टॉकिस्ट की निरंतर बिकवाली के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये की गिरावट के साथ 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 500 रुपये टूटकर 98,870 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 200 रुपये गिरकर 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले सत्र में यह 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एसोसिएशन के अनुसार, बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 500 रुपये घटकर 1,10,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं।

### विप्रो का लाभ बढ़कर 3,336.5 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी विप्रो का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 9.8 प्रतिशत बढ़कर 3,336.5 करोड़ रुपये रहा है।

# अमेरिका नॉन वेज दूध भारत को बेचने पर उतारू, इसी के पीछे मचा है सारा बवाल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच चल रही ट्रेड डील पूरी नहीं हो पा रही है। अधिकारियों की मानें तो दोनों ही देश लगभग सभी बातों और शर्तों पर सहमत हो चुके हैं, लेकिन अमेरिकी दूध पर बात नहीं बन रही। दोनों देशों में डेयरी और एग्रीकल्चर प्रोडक्ट को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। भारत को सबसे ज्यादा आपत्ति नॉन वेज मिल्क को लेकर है, जिसे वह किसी भी कीमत पर मंजूरी देने के मूड में दिख नहीं रहा है। अमेरिका टैरिफ का दबाव डालकर भारत को इसे मंजूरी देने के लिए मजबूर कर रहा है। अमेरिका को डेयरी प्रोडक्ट के रूप में भारत में 1.40 अरब जनसंख्या वाला बाजार दिख रहा है तो 8 करोड़ लोगों को रोजगार देने वाला कारोबार भी। भारत के इस विरोध को अमेरिका गैर जरूरी बाधा बता रहा है।

## इसी बात को लेकर पूरी नहीं हो पा रही ट्रेड डील

### नॉन वेज मिल्क से भारत को क्या दिक्कत

भारत में दूध और घी का इस्तेमाल तमाम धार्मिक अनुष्ठानों में भी किया जाता है। यही वजह है कि सरकार ने अमेरिकी डेयरी प्रोडक्ट को किसी भी कीमत पर मंजूरी नहीं दी है। भारत ने साफ कहा है कि देश के बाहर से उसी डेयरी प्रोडक्ट को आने की अनुमति दी जा सकती है, जो हमारे शाकाहारी सर्टिफिकेशन को पास करेगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इंस्टीट्यूट (जीटीआरआई) के अधिकारी का कहना है कि अंदाजा लगाइए आप गाय के दूध से बना मक्खन खा रहे हैं, जिसमें दूसरी गाय का खून या मांस मिला हुआ है तो यह भारतीय उपभोक्ताओं के लिए कितनी खराब बात होगी।



- भारत नॉनवेज दूध को मंजूरी देने के मूड में नहीं
- अमेरिका भारतीय बाजार में डेयरी प्रोडक्ट्स बेचना चाहता है

### क्या है नॉन वेज मिल्क



*अमेरिका में गायों सहित ज्यादातर दुधारू पशुओं को नॉनवेज वाले खाद्य पदार्थ खिलाए जाते हैं। इनमें मांस और खून की मिलावट रहती है। कई रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिकी पशुओं को जानवरों से बने प्रोडक्ट खिलाए जाते हैं। गायों को ऐसे खाद्य पदार्थ दिए जाते हैं, जिसमें सुअर, मछली, मुर्गे, घोड़े यहां तक कि बिल्ली और कुत्ते के भी मांस व खून मिलाए जाते हैं। मवेशियों को प्रोटीन के लिए घोड़े और सुअर का खून दिया जाता है। मोटे होने के लिए जानवरों की चर्बी भी शामिल रहती है। भारत को बस इसी बात से दिक्कत है, क्योंकि भारतीय गायों को ऐसा कोई भी प्रोडक्ट नहीं दिया जाता और पूरी तरह शाकाहारी चीजें ही खाने-पीने के लिए दी जाती हैं।*

**PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT**
(Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
**IN THE COURT OF SH. SURINDER S. RATHI LD. DISTRICT JUDGE (COMMERCIAL COURT)-11, CENTRAL DISTRICT, ROOM NO. 310, TIS HAZARI COURT, DELHI**
**CASE NO. CS (COMM)/422/2025**
**JATIN CHADHA V/S. SUNIL YADAV**
**To**
1. SH. SUNIL YADAV S/O PRADUMAN YADAV RZ-219B, CHETAN VIHAR GOPAL NAGAR EXTN NAJAFGARH, NEW DELHI-110043. M: 9711156664 **Also at:** A-1048, 2ND FLOOR, PALAM EXTN., SECTOR-7, DWARKA, NEW DELHI
2. UNIQ FREIGHT LOGISTIC PVT. LTD., THROUGH ITS DIRECTOR MR. SUNIL YADAV, A-1048, 2ND FLOOR, PALAM EXTN., SECTOR-7, DWARKA, NEW DELHI. Email: nandani yadav01@rediffmail.com

WHEREAS the Plaintiff has instituted a suit relating to a commercial dispute against you and you are hereby summoned to file a written statement within 30 days of the service of the present summons and in case you fail to file the written statement within the said period of 30 days, you shall be allowed to file the written statement on such other day, as may be specified by the Court, for reasons to be recorded in writing and on payment of such costs as the Court deems fit, but which shall not be later than 120 days from the date of service of summons. On expiry of one hundred and twenty days from the date of service of summons, you shall forfeit the right to file the written statement and the Court shall not allow the written statement to be taken on record.

You are required to appear in this Court in person, or by a pleader duly instructed, and able to answer all material questions relating to suit, or who shall be accompanied by some person able to answer all such questions, on **02.08.2025** in the forenoon, to answer the claim, and further you are hereby directed to produce on the said day all documents in your possession or power upon which you base your defence or claim for set-off or counter- claim, and where you rely on any other document whether in your possession or power or not, as evidence in support of your defence or claim for set-off or counter-claim you shall enter such documents in a list to be annexed to the written statement.

Take notice that, in default of your appearance on that day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence. Given under my hand and the seal of the Court, on this **05.07.2025**

**District Judge (Commercial)**
**Central Delhi, Tis Hazari Court, Delhi**

## बीमा नियामक इरडा खुदरा स्वास्थ्य बीमा बेचने से प्रतिबंधित कर सकता है

# प्रवर्तकों की स्टार हेल्थ में हिस्सेदारी, कीवी पर स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में लग सकती रोक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बीमा नियामक इरडा कीवी जनरल इंश्योरेंस को खुदरा स्वास्थ्य बीमा उत्पाद पेश करने से प्रतिबंधित कर सकता है। इसका कारण साधारण बीमा कंपनी के प्रवर्तक वेस्टब्रिज कैपिटल के पास स्वास्थ्य बीमा कंपनी स्टार हेल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस में भी बहुलांश हिस्सेदारी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

मौजूदा नियमों के तहत एक ही प्रवर्तक एक ही तरह का काम करने वाली दो बीमा कंपनियों में हिस्सेदारी नहीं रख सकता। बीएसई पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, वेस्टब्रिज की कीवी जनरल इंश्योरेंस में लगभग 60 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वर्तमान में इसकी स्टार हेल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस कंपनी लि. में लगभग 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

- इसका कारण प्रवर्तक की वेस्टब्रिज व स्टार हेल्थ में हिस्सेदारी
- नियमों के तहत एक प्रवर्तक एक ही काम करने वाली दो कंपनियों में नहीं रह सकता
- प्रवर्तको का वेस्टब्रिज में 60 फीसदी हिस्सेदारी है





### बैंकों को कुछ नियामकीय छूट मिली हुई

इसके साथ अब वह दोनों कंपनियों में प्रभावी रूप से महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखता है जो खुदरा स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में काम करेंगी। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को 2020 के विलय के बाद भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) से कुछ नियामकीय छूट मिली है।

### उद्योग जगत में यह पहली बार हुआ

सूत्रों ने कहा, ''उद्योग में यह पहली बार है कि नियामक को ऐसे परिदृश्य का सामना करना पड़ रहा है। उसे न केवल निजी क्षेत्र के प्रवर्तक के हितों के टकराव को रोकना है, बल्कि पॉलिसीधारकों और अल्पांश खुदरा निवेशकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी है, क्योंकि स्टार हेल्थ इंश्योरेंस एक सूचीबद्ध कंपनी है।''

### उद्योग जगत में बहस शुरू

शुरुआती अनुमोदन के बाद, उद्योग में इस बात पर बहस शुरू हो गई है कि क्या नियामक से अंतिम मंजूरी मौजूदा नियामकीय स्थिति को देखते हुए कुछ शर्तों के साथ होगी। एक बीमा कंपनी के अधिकारी ने कहा, ''अगर स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के निदेशक मंडल में वेस्टब्रिज के मौजूदा नामित सदस्य कीवी जनरल इंश्योरेंस के बोर्ड में भी शामिल होते हैं, तो इससे कंपनी संचालन संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।''

### कीवी जनरल को खुदरा उत्पाद बेचने से रोक सकती है

एक अन्य उद्योग विशेषज्ञ ने कहा कि इन दोनों कंपनियों में नियंत्रक हिस्सेदारी होने के कारण, विलय की संभावना हो सकती है। उन्होंने कहा, ''अगर ऐसा नहीं होता है, तो एकमात्र विकल्प यह है कि वेस्टब्रिज स्टार हेल्थ में अपनी हिस्सेदारी प्रवर्तक स्तर से कम कर दे। नियामक सीधे दोहराव से बचने के लिए कीवी जनरल इंश्योरेंस को खुदरा स्वास्थ्य उत्पाद बेचने से भी रोक सकता है।

### नए लाइसेंस का समय आश्चर्यजनक

एक अन्य कंपनी के अधिकारी ने कहा, ''वेस्टब्रिज के नए बीमा कंपनी लाइसेंस का समय आश्चर्यजनक है, क्योंकि आगामी बीमा कानून (संशोधन) विधेयक में समग्र लाइसेंस की अनुमति मिलने की उम्मीद है। इससे स्टार हेल्थ जैसी कंपनियां एक ही लाइसेंस के तहत साधारण बीमा क्षेत्र में विस्तार कर सकेंगी।''

### देश में 34 साधारण बीमा कंपनियां कार्यरत

अधिकारी ने कहा कि यह देखते हुए कि यह विधायी सुधार आने वाले महीनों में अपेक्षित है, यह स्पष्ट नहीं है कि वेस्टब्रिज ने स्टार हेल्थ के दायरे का विस्तार करने के बजाय कीवी के माध्यम से नया लाइसेंस क्यों चुना है। देश में लगभग 34 साधारण बीमा कंपनियां कार्यरत हैं। इनमें से सात स्वतंत्र स्वास्थ्य बीमा कंपनियां हैं, जबकि दो सार्वजनिक क्षेत्र की विशिष्ट साधारण बीमा कंपनियां...भारतीय कृषि बीमा कंपनी लिमिटेड और ईसीजीसी लि. हैं।

### रुपया 15 पैसे टूटकर 86.07 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर में मजबूती, विदेशी पूंजी की निकासी और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच रुपया बृहस्पतिवार को 15 पैसे टूटकर 86.07 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी विजय कुमार, पुत्रः** राज कुमार, **पताः** प्लॉट नंबर–1 लॉयन एन्क्लेव कमांडर चौक विकास नगर, दिल्ली, **दिल्ली FIR No. 158/2019, U/s: 363 IPC, पुलिस थाना विकासपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय कुमार,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **विजय कुमार, FIR No. 158/2019, U/s: 363 IPC, पुलिस थाना विकासपुरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ऋषभ कपूर
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
(दक्षिण–पश्चिम)/द्वारका कोर्ट, दिल्ली

DP/9226/WD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. दानिश उर्फ खतरा उर्फ सलमान** पुत्र इमरान निवासी एन–164 और 165, सुंदर नगरी, नंद नगरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 406/2017 धारा 323/452/506 भा.द.स. थाना वेलकम, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मो. दानिश उर्फ खतरा उर्फ सलमान** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मो. दानिश उर्फ खतरा उर्फ सलमान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 BNSS की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 406/2017 धारा 323/452/506 भा.द.स. थाना वेलकम, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मो. दानिश उर्फ खतरा उर्फ सलमान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **19.08.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री दीपाक्षी राणा,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03,
कमरा नं. 19, प्रथम तल,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/9286/NE/2025

## आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 375 अंक लुढ़का

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 375 अंक लुढ़क गया। वहीं एनएसई निफ्टी 101 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के नतीजों से पहले निवेशकों के सतर्क रुख के बीच आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 375.24 अंक गिरावट के साथ 82,259.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 415.21 अंक तक नीचे आ गया था। निफ्टी भी 100.60 अंक की गिरावट के साथ 25,111.45 अंक पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।



### अजंता शूज का 70वें वर्षगांठ पर वितरक सम्मेलन का आयोजन

**कोलकाता।** भारतीय फुटवियर उद्योग में तीसरी पीढ़ी की अग्रणी कंपनी, अजंता शूज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, आज कोलकाता और अन्य स्थानों पर अपने वितरक सम्मेलन का आयोजन कर रही है, जिसमें पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के प्रमुख वितरक अपनी महत्वाकांक्षी विकास रणनीति को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होंगे। कंपनी जनवरी 2026 में अपनी 70वीं वर्षगांठ मनाने की भी तैयारी कर रही है, साथ ही अपने विस्तार को गति देने के लिए एक आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की योजना भी बना रही है। अजंता शूज का लक्ष्य 2028 तक रु. 1,000 करोड़ का राजस्व हासिल करना है, और एक शीर्ष राष्ट्रीय फुटवियर ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए 35 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि (सीएजीआर) का लक्ष्य रखा है।

**हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ/एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | DNITNO.122120 DATED04.06.2025 (EPC-D NO.129/PD&C) | ''शुद्धिपत्र-2 के खुलने की तिथि 17.07.2025 सहित ऑनलाइन बोली जमा की निर्धारित तिथि में विस्तार 28.07.2025 17:00 बजे तक है।'' | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36701/I/88/7 दि. 17.07.25

## मार्केट न्यूज

### फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' का ट्रेलर लॉन्च, मुम्बई में दिखी पूरी टीम

मुंबई। ट्यूलिप एंटरटेनमेंट और दिविसा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी पारिवारिक फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' का ट्रेलर आज भव्य रूप से मुम्बई के जुहू पीवीआर में लांच किया गया। लांच के कुछ ही घंटों में यह ट्रेलर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और साथ ही इसे बहुत पसंद भी किया जा रहा है।

फिल्म का निर्माण मैरी गो राउंड स्टूडियोज और क्रिएटिव स्ट्रोक्स ग्रुप के सहयोग से हुआ है। निर्देशन की कमान संभाली है राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता और 'ओह माय गॉड' और '102 नॉट आउट' जैसी सराही गई फिल्मों के निर्देशक उमेश शुक्ला ने। वहीं फिल्म के निर्माता हैं उमेश शुक्ला, आशीष वाघ, मोहित छाबड़ा और संजय ग्रोवर। ट्रेलर में हीर के सफर को दिखाया गया है, जो अपनी मां के सपने को पूरा करने के लिए पंजाब से लंदन तक का सफर तय करती है। हालांकि वहां पहुंचकर हीर को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, जिन्हें पार कर वो अपने लक्ष्य को पाने की कोशिश करती है। इस फिल्म में अभिनेत्री दिविता जुनेजा और प्रीत कमानी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। साथ ही आशुतोष राणा, गुलशन ग्रोवर, संजय मिश्रा और मेघना मलिक भी प्रमुख भूमिकाओं में होंगे। यह फिल्म हर वर्ग के

- आशुतोष राणा ने दिविता जुनेजा की खुलेमन से तारीफ की
- गुलशन ग्रोवर ने दिविता जुनेजा को कहा बेमिसाल
- फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' का ट्रेलर सोशल मीडिया पर वायरल
- दर्शकों को है बेसब्री से 8 अगस्त का इंतजार





दर्शकों के लिए एक ऐसा अनुभव लेकर आई है, जो दिल को छू जाएगा और लंबे समय तक याद रहेगा।

इससे पहले भी फिल्म के दो गाने 'वे रांझणा' और 'धीरे-धीरे दिल पे तेरे' रिलीज किए जा चुके हैं जो सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं और रील्स के लिए ट्रेंडिंग चल रहे हैं। इन दोनों गानों ने ही श्रोताओं के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी है। ट्रेलर लांच के अवसर पर गुलशन ग्रोवर ने कहा कि दिविता जुनेजा बहुत ही प्रतिभाशाली कलाकार है। उन्होंने बताया कि बहुत-सी कलाकार जैसे - रानी मुखर्जी, कंगना रानौत, कटरीना कैफ और बिपाशा बसु आदि की डेब्यू फिल्म में भी उन्होंने काम किया हुआ है परंतु जो आत्मविश्वास और टैलेंट उन्होंने दिविता जुनेजा में देखा, वह बेमिसाल है। इस अवसर पर फिल्म के कास्ट आशुतोष राणा ने भी दिविता जुनेजा की प्रतिभा की बहुत तारीफ की। उन्होंने कहा कि फिल्म के सेट पर दिविता अपना काम बहुत ही मेहनत और लग्न से करती थी। उनके बहुत से ऐसे शाट्स भी हुए है जिन्हें रि-टेक भी नहीं करना पड़ा, जोकि हमारे लिए भी अचंभित रहा। उन्होंने कहा कि मैंने तो दिविता को कई बार ऐसा भी कहा कि 'तुम तो काला टीका लगाया करो... कहीं नज़र न लग जाए तुम्हें'।

सोशल मीडिया पर भी 'हीर एक्सप्रेस' हैशटैग ट्रेंड कर रहा है और दर्शकों की प्रतिक्रिया बेहद उत्साहजनक रही है। फिल्म के जोनर को लेकर भी लोग अपने-अपने क्यास लगा रहे हैं। परंतु इतना तो साफ है कि 'हीर एक्सप्रेस' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक भावनात्मक यात्रा है, जो दर्शकों को हंसाएगी भी, रुलाएगी भी और साथ ही संगीत के माध्यम से उनके दिल को छू लेगी।

एक लंबे समय के बाद दर्शकों को एक ऐसी फिल्म मिलने जा रही है, जो पूरे परिवार के साथ बैठकर देखी जा सकती है वो भी बिना किसी झिझक के। यह फिल्म 8 अगस्त को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।



### महिंद्रा का रू. 8.94 लाख से शुरू होने वाली एक्सयूवी 3XO 'REVX' सीरीज़ लॉन्च सुविधाओं से भरपूर, स्टाइल में आगे, और बेहतरीन परफॉर्मेंस

**मुंबई।** भारत की अग्रणी एसयूवी निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज रू. 8.94 लाख की आकर्षक कीमत पर रोमांचक नई एक्सयूवी 3XO **REVX** सीरीज का अनावरण किया। एक्सयूवी 3XO ने हाल ही में एक साल से भी कम समय में 1 लाख से ज़्यादा बिक्री का प्रभावशाली आंकड़ा हासिल किया है, जिससे यह इस उपलब्धि तक पहुँचने वाली महिंद्रा की सबसे तेज़ एसयूवी बन गई है। **REVX** सीरीज़, प्रीमियम फीचर्स, विशिष्ट स्टाइलिंग और सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस के आकर्षक मूल्य-प्रस्ताव के साथ **XUV** 3**XO** पोर्टफोलियो को और बेहतर बनाएगी, जो ग्राहकों की आकांक्षाओं के अनुरूप है। उन लोगों के लिए जो अपने अनूठे व्यक्तित्व को दर्शाने वाले वाहन चाहते हैं।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ट मंडल अभियंता/समन्वय, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e– निविदाए आमन्त्रित की जाती है

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| NIT-8A 25-26-WC | आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग एवं संचालन (5 वर्षों के लिए) – ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर (इलेक्ट्रॉनिक प्रकार, 1 कि.मी. के लिए) की कुल 36 संख्याएं – संपूर्ण प्रणाली आरडीएसओ की तकनीकी विशिष्टताओं के अनुसार, जीडी एवं जीक्यू ''ए'' मार्गों (नई दिल्ली–गाजियाबाद–चिप्याना बुजुर्ग यार्ड तथा नई दिल्ली–पलवल खंड) में डी.ई.एन./ट्रैक के अधीन। | रू 3,13,77,401.64 | रू 3,07,000/- | 60 माह | 12.08.2025 |
| NIT-8B 25-26-WC | आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग एवं संचालन (5 वर्षों के लिए) – ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर (इलेक्ट्रॉनिक प्रकार, 1 कि.मी. के लिए) की कुल 38 संख्याएं – संपूर्ण प्रणाली आरडीएसओ की तकनीकी विशिष्टताओं के अनुसार ''सी'' मार्ग के हजरत निजामुद्दीन–पटेल नगर–आदर्श नगर (HNZM-PTNR-ANDI) खंड में डी.ई.एन./ट्रैक के अधीन। | रू 3,31,20,590.62 | रू 3,16,000/- | 60 माह | 12.08.2025 |

सूचनाः निविदा रेलवे की वैबसाइट 'www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 12.08.2025 15.00 बजे तक ही भरी जाएगी. सं. 128–डब्ल्यु/वं.म.अधि./सं/निविदा–8A & 8B-25-26-डब्ल्युसी दिनांकः 16.07.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2165/25

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** – मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** – आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** – किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**धनु** – आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## शब्द पहेली - 5931




**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत–5
4.जिसे सुनाई न दे–3
6.मां का भाई–2
7.एकमात्र,सिर्फ एक–3
8.अधिकार–2
10.सिर झुकाना–3
11.दुर्घटना–4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ–3
16.राजदार–4
17.राजा की पत्नी–2
18.वीज, वीर्य–2
19.मीठा पेय पदार्थ–4
21.पानी की बूंद–3
22.अवरोध,बाधा–4
24.मैला,अस्वच्छ–3
25.पानी,जल–2
27.पुत्र,लड़का–3
28.लाश,पार्थिव देह–2
29.थकावट–3
30.मन मोहने वाला–5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी–5
2.अस्थमा–2
3.राज्य,सल्तनत–4
4.तन,काया,देह–3
5.रास्ता,मार्ग–2
7.नखरा,भुगतान–2
9.डोली उठाने वाले–3
12.बिजली,विद्युत रश्मि–3
13.भद्रता,नेकनियत –4
15.कमल,पंकज–3
16.बुखरा,ज्वर ताप–4
17.आराम,मदद–3
18.घना वन–3
20.मन को भाने वाला –2,3
21.कथा,गाथा–3
22.कहासुनी–4
23.मनन करना–3
24.शराब–2
26.घोड़ागाड़ी–2
28.बढ़ावा देना–2

### शब्द पहेली -5930 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | य | ह | ज | नी | ■ | फि | स | ल | ना | ■ |
| अ | ■ | क | हा | र | ■ | त | न | य | ■ | बु |
| ह | क | ■ | न | व | ■ | र | म | ■ | फ | न |
| म | म | ता | ■ | ता | क | त | ■ | चा | त | क |
| क | र | त | ब | ■ | म | ■ | त | ल | वा | र |
| ■ | ■ | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ | ■ | ■ |
| ला | व | ज | मा | ■ | बं | ■ | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | ■ | म | द | द | ■ | म | ग | न |
| वा | न | ■ | क | न | ■ | ह | म | ■ | न | म |
| ब | ■ | त | म | स | ■ | ली | ट | र | ■ | त |
| ■ | मे | ह | रा | ब | ■ | ज | र | ब | फ्त | ■ |



खबर संक्षेप



### नेहा त्रिपाठी ने बनाई नौवें चरण में बढ़त

**होसुर (तमिलनाडु)।** भारतीय महिला सर्किट की सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक नेहा त्रिपाठी ने दूसरे दौर में सात अंडर 65 के स्कोर से महिला पेशेवर गोल्फ टूर के नौवें चरण में तीन शॉट की बढ़त बना ली है। तैंतीस साल की नेहा, जहां शीर्ष पर पहुंची तो वहीं पहले दौर के बाद शीर्ष पर काबिज अमनदीप द्राल दूसरे दौर में चार ओवर 76 के लचर प्रदर्शन से इस 15 लाख रुपए इनामी प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर खिसक गईं। वर्ष 2023 के बाद अपने पहले खिताब का इंतजार कर रहीं नेहा ने छह बर्डी और एक ईगल किया लेकिन एक बोगी भी कर गईं। नेहा ने जैस्मिन शेखर (72 और 67) पर तीन शॉट की बढ़त बना रखी है, जिन्होंने दूसरे दौर में बोगी रहित 67 का स्कोर बनाया। कीर्ति चौहान (69) तीसरे जबकि सानवी सोमू (73-70) चौथे स्थान पर हैं।

### देव बने ई-स्पोर्ट्स की आईएसएसएफ समिति के अंतरिम अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव को अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की ई-स्पोर्ट्स, ई-गेम्स और तकनीकी नवाचार समिति का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवगठित समिति आईएसएसएफ की ओर से वर्चुअल और इस तरह के प्रारूपों को निशानेबाजी की मुख्य धारा में लाने के लिए महत्वपूर्ण पहल है। प्रेस विज्ञप्ति में देव के हवाले से कहा गया, 'आईएसएसएफ की मुझे यह जिम्मेदारी सौंपे जाने पर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। खेल का भविष्य प्रौद्योगिकी पर निर्भर है। हम वर्चुअल और ई-शूटिंग को मुख्यधारा में लाने के लिए खाका तैयार करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

## चौथा टेस्ट 23 से, भारत श्रृंखला बराबर करने की करेगा कोशिश

# करुण नायर नहीं उठा पा रहे मौके का फायदा मैनचेस्टर में हो सकता है एकमात्र बदलाव!

एजेंसी ▶▶| बेकेनहैम

करुण नायर को दूसरा मौका दिया लेकिन इंग्लैंड दौरे पर वह इसका पूरा फायदा नहीं उठा पाए हैं और चौथे टेस्ट के लिए भारत की अंतिम एकादश तय होने पर सिर्फ उन्हीं का नाम हट सकता है। 8 साल बाद अंतिम एकादश में वापसी करने वाले 33 वर्षीय खिलाड़ी को अपनी छह पारियों में से ज्यादातर में अच्छी शुरुआत मिली है लेकिन वह उसे बड़ी पारी में नहीं बदल पाए हैं। वह पिच पर अच्छी लय में दिखे, विशेषकर ड्राइव करते हुए लेकिन लेंथ से आती हुई उछाल लेती गेंदों ने उन्हें परेशान किया है।

लॉर्ड्स में दूसरी पारी में वह ब्रायडन कार्स की अंदर आती गेंद की लाइन एवं लेंथ का सही अनुमान नहीं लगा पाए और आउट हो गए। तीसरे नंबर पर भारत को नायर से मजबूती दिलाने की उम्मीद थी क्योंकि उन्होंने घरेलू क्रिकेट में रनों का पहाड़ खड़ा करने के बाद राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई।

### युवा साई सुदर्शन की वापसी की उम्मीद





### सुदर्शन पहले टेस्ट की आखिरी पारी में दिखे थे सहज

इस श्रृंखला में कमेंटरी कर रहे पूर्व भारतीय विकेटकीपर दीप दासगुप्ता का कहना है कि सुदर्शन को वापस लाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, 'आप अब भी श्रृंखला में बने हुए हैं क्योंकि लॉर्ड्स टेस्ट मैच भी बेहद करीबी था। नतीजा किसी भी तरफ जा सकता था।' उन्होंने कहा, 'लेकिन मैं तीसरे नंबर को देख रहा हूं। क्या करुण नायर अब भी खेलते रहेंगे या आप साई सुदर्शन जैसे युवा खिलाड़ी को खिलाना चाहेंगे, जो पहले टेस्ट मैच की आखिरी पारी में सहज दिखे थे? वह युवा हैं और भविष्य के लिए निवेश हैं।'

### भारत श्रृंखला में 1-2 से पीछे

भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 1-2 से पीछे है और अगला मैच अभी एक हफ्ते दूर है, ऐसे में प्रबंधन को फैसला लेना होगा कि नायर के साथ बने रहें या फिर युवा साई सुदर्शन पर दांव लगाएं, जिन्हें अपने पहले मैच के बाद अंतिम एकादश से बाहर कर दिया गया था। बाहर किए गए बाएं हाथ के इस शानदार बल्लेबाज कोई बड़ी गलती नहीं की और ऐसा आठवें नंबर पर एक अतिरिक्त बल्लेबाजी विकल्प को शामिल करने के लिए किया गया। भारत 23 जुलाई से शुरू होने वाले मैच में श्रृंखला बराबर करने की कोशिश करेगा, जिससे ओल्ड ट्रैफर्ड में एकमात्र बदलाव यही हो सकता है कि लगभग एक महीने बाद 23 वर्षीय सुदर्शन नायर की जगह टीम में चुने जाएं।

### तीसरे क्रम में मजबूती की दरकार

दासगुप्ता ने कहा, 'मुझे लगता है कि करुण को उनके मौके मिल गए हैं। यह बात मौकों की नहीं है। इससे भी ज्यादा वह क्रीज पर कैसे दिखे। वह टुकड़ियों में सहज दिख रहे हैं लेकिन कुछ सवालों के जवाब अभी नहीं मिले हैं। और यही बात मुझे कुछ और सोचने पर मजबूर करती है।' वह तीसरे नंबर के बल्लेबाज से स्थिरता की उम्मीद करते हैं जब सुदर्शन लीड्स में खेले थे तो नायर ने छठे नंबर पर बल्लेबाजी की थी। दासगुप्ता ने कहा, 'तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी के लिए आपको उस दृढ़ता का अहसास होना जरूरी है। और कई बार, मुझे ऐसा नहीं लगा।'

### बुमराह की मैनचेस्टर में खेलने की उम्मीद

शुभमन गिल की टीम घरेलू टीम के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रही है इसलिए श्रृंखला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। बल्लेबाजी में एक बदलाव को छोड़कर भारत बड़े बदलाव नहीं चाहेगा। गेंदबाजी विभाग में कुलदीप यादव को और इंतजार करना होगा क्योंकि रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर अभी अपना काम बखूबी कर रहे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बचे हुए दो टेस्ट में से सिर्फ एक में खेलेंगे, जिससे उनके मैनचेस्टर में खेलने की उम्मीद है, जिसमें भारत को जीतना जरूरी है। दासगुप्ता ने कहा, 'बुमराह को खेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। मैचों के बीच में उन्हें काफी आराम मिला है। भारत 1-2 से पीछे है तो आप उनसे खेलने की उम्मीद करेंगे।'

शतरंज

## प्रज्ञानंदा ने कार्लसन को दी मात किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश




एजेंसी ▶▶| लास वेगास

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर अपने हम वतन अर्जुन एरिगैसी के साथ 750,000 डॉलर इनामी फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर के शीर्ष ब्रैकेट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कार्लसन के लिए पिछले कुछ समय से भारतीय खिलाड़ियों से पार पाना मुश्किल रहा है। उन्हें कुछ सप्ताह पहले मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने भी हराया था, जो इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। कार्लसन के खिलाफ 19 वर्षीय प्रज्ञानानंदा अपने पूरे रंग में थे। उन्होंने शुरू से ही अपने मोहरों को प्रभावी ढंग से तैनात किया। कार्लसन को कुछ मौके मिले, लेकिन प्रज्ञानानंदा ने कुछ शानदार चालों से उन्हें नाकाम कर दिया। इस हार का कार्लसन पर इतना गहरा प्रभाव पड़ा कि वह अगले राउंड में वेस्ली सो के खिलाफ एक और गेम हार गए और चौथे स्थान के लिए हुए अंतिम टाईब्रेकर में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने उन्हें 2-0 से हराकर शीर्ष ब्रैकेट में खिताब की दौड़ से बाहर कर दिया।

■ कार्लसन के लिए भारतीय खिलाड़ियों से पार पाना मुश्किल

### क्वार्टर फाइनल में प्रज्ञानानंदा का मुकाबला कारूआना से

एरिगैसी दूसरे ग्रुप से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय थे। एरिगैसी को शुरुआत में कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा लेकिन बाद में उन्होंने लय हासिल करके अंतिम आठ में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में प्रज्ञानानंदा का मुकाबला अमेरिका के फैबियानो कारूआना से होगा जबकि एरिगैसी को अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से भिड़ना होगा।

## टीम इंडिया को नहीं मिल पा रहा नंबर 3 पोजीशन के लिए मजबूत बल्लेबाज

### खल रही द्रविड़ और पुजारा की कमी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राहुल द्रविड़ और चेतेश्वर पुजारा जैसे बल्लेबाजों ने नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया को मुश्किल परिस्थितियों से निकाला था। लेकिन इंडिया की टेस्ट टीम के लिए मौजूदा समय में नंबर-3 की पोजीशन समस्या बनी हुई है। नंबर तीन पर फिलहाल करुण नायर खेलने आ रहे है पर उनका बल्ला भी कोई खास कमाल नहीं दिखा पा रहा है। वहीं द्रविड़ ने नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए 135 मुकाबले खेले थे और इस दौरान उनके बल्ले से 10 हजार से ज्यादा रन निकले थे। पुजारा ने भी नंबर-3 पर 95 टेस्ट मैच खेले। लेकिन इन दोनों के बाद भारतीय टीम को एक भी ऐसा बल्लेबाज नहीं मिल पाया है, जो इस पोजीशन पर भारत की पारी को संभाल पाया हो और अच्छा प्रदर्शन कर पाया हो। भारतीय टीम ने 2023 के बाद नंबर-3 पर 6 बल्लेबाजों को आजमाया और इसमें से कोई भी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा।



### गिल नंबर-3 पर दिखे असहज

शुभमन गिल ने नंबर-3 की पोजशनी पर 16 टेस्ट मुकाबले खेले और 972 रन बनाए। इस पोजीशन पर खेलते हुए वह कभी भी सहज नहीं दिखे। कप्तान बनने के बाद से उन्होंने नंबर-3 की पोजीशन को छोड़ दिया और वह अब नंबर-4 पर उतरने लगे हैं। इसके बाद से ही उनकी बैटिंग में खूब निखार आया है और वह रनों की बरसात करने लगे हैं। केएल राहुल, देवदत्त पड्डीक्कल और विराट कोहली भी जून 2023 के बाद नंबर-3 पर टेस्ट क्रिकेट में एक-एक मुकाबला खेल चुके हैं, लेकिन ये तीनों प्लेयर्स भी प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। कोहली टेस्ट से रिटायरमेंट ले चुके हैं। देवदत्त भारतीय टेस्ट टीम से बाहर हैं और राहुल अब ओपनिंग करने लगे हैं।

### मैराथन विश्व रिकॉर्ड धारी चेपनगेटिच डोपिंग जांच में पॉजिटिव

**मोनाको।** विश्व रिकॉर्ड धारी महिला मैराथन एथलीट रूथ चेपनगेटिच को डोपिंग जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। ट्रैक एंड फील्ड की एथलेटिक्स नैतिक इकाई (एआईयू) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जांचकर्ताओं ने बताया कि चेपनगेटिच का मार्च में प्रतिबंधित मूत्रवर्धक और 'मास्किंग एजेंट' की जांच पॉजिटिव आई है और 'एआईयू की जांच जारी रहने तक उन्होंने स्वैच्छिक अस्थायी निलंबन का विकल्प' चुना।कीनिया की इस धावक ने पिछले साल अक्टूबर में शिकागो मैराथन में दो घंटे, नौ मिनट, 56 सेकेंड में लगभग दो मिनट के अंतर से विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

### भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने मकाऊ को हराया

■ रोहित ने 50 मीटर बटरफ्लाई का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने बृहस्पतिवार को जर्मनी के राइन-रूहर में चल रहे विश्व विश्वविद्यालय खेलों के पहले दिन मिश्रित टीम स्पर्धा में मकाऊ को 5-0 से हरा दिया जबकि युवा तैराक रोहित बेनेडिक्टॉन ने पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में सात साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने ग्रुप एफ के अपने पहले मैच में मकाऊ को करारी शिकस्त दी जिसमें सनीथ दयानंद और सतीश कुमार करुणाकरण की पुरुष युगल जोड़ी ने ची चोन पुई और कोक वेंग विंग को सीधे गेम में हराया। महिला एकल खिलाड़ी देविका सिहाग ने ची वा पुई को जबकि सनीथ ने वापसी करते हुए फेई लोंग को 2-0 से हराया।

डब्ल्यूटीसी के सभी एडिशन में 15 से अधिक छक्के लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने पंत

# वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में ऋषभ पंत ने रचा इतिहास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऋषभ पंत की गिनती वर्ल्ड क्रिकेट के मौजूदा समय में सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में की जाती है, जिसमें वह अपने बल्ले के दम पर कई बार मुकाबले को पूरी तरह से एकतरफा भी कर देते हैं। पंत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जो अब तक के हुए चारों एडिशन में 15 या उससे अधिक छक्के लगाने में कामयाब रहे हैं। पंत ने डब्ल्यूटीसी के चौथे संस्करण में सिर्फ तीन मुकाबले खेले हैं, जिसमें वह 15 छक्के लगा चुके हैं। पंत ने पहले संस्करण में जहां कुल 22 छक्के लगाए थे, तो वहीं दूसरे संस्करण में वह 16 छक्के लगाने में कामयाब हुए थे। तीसरे संस्करण में पंत के बल्ले से कुल 16 छक्के देखने को मिले थे।



### पंत के बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन किया

इंग्लैंड दौरे की टेस्ट सीरीज के अभी तक तीन मुकाबले खेले जा चुके हैं, जिसमें भारतीय टीम 2-1 से पीछे है। अभी तक दोनों ही टीमों की तरफ से शानदार खेल देखने को मिला, जिसमें सबसे ज्यादा चर्चा बल्लेबाज ऋषभ पंत को लेकर देखने को मिली है। पंत का इस सीरीज में बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2 शतकीय पारियों के साथ 2 अर्धशतकीय पारी खेली। पंत ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में इतिहास रच दिया है।

### मैनचेस्टर में पंत के पास सहवाग को पीछे छोड़ने का मौका

इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम को टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ग्राउंड में खेलना है। इस मैच में ऋषभ पंत खेलेंगे या नहीं ये उनकी उंगली में लगी चोट पर काफी निर्भर रहने वाला है। पंत यदि इस मैच में खेलते हैं तो उनके पास टेस्ट क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा छक्के लगाने के रिकॉर्ड को अपने नाम करने का मौका रहेगा, जो अभी वीरेंद्र सहवाग के नाम पर है, जिन्होंने कुल 90 छक्के लगाए हैं, तो वहीं पंत के नाम अभी कुल 88 छक्के दर्ज हैं।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी हारी, लक्ष्य ने किया निराश

एजेंसी ▶▶| टोकियो

भारतीय खिलाड़ियों का जापान ओपन में निराशाजनक प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा तथा लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी यहां दूसरे दौर में हारकर इस सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को पुरुष एकल में जापान के कोडाई नाराओका के हाथों 19-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला करीब एक घंटे तक चला। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले मैच में चीन के वांग झेंग जिंग पर 21-11, 21-18 से जीत दर्ज की थी, लेकिन वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख सके। इससे पहले पुरुष युगल में सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी को



चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 44 मिनट तक चले मुकाबले में 22-24, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत से पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता वेई केंग और वांग चांग ने भारतीय जोड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 7-2 कर लिया। सात्विक और चिराग ने धीमी शुरुआत की लेकिन जल्द ही लय हासिल करके पहले गेम में 18-14 से बढ़त बना ली।

### काधे और प्रशांत की जोड़ी ने किया सेमीफाइनल में प्रवेश

स्विस ओपन

**नई दिल्ली।** भारत के अर्जुन काधे और विजय सुंदर प्रशांत की जोड़ी ने स्विट्जरलैंड के गस्टाड में दूसरी वरीयता प्राप्त जैकब श्नाइटर और मार्क वॉलनर की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर स्विस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गैर वरीय भारतीय जोड़ी ने 596,035 यूरो के क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली जर्मनी की जोड़ी को 6-3, 7-6(5) से शिकस्त दी। काधे ने पिछले साल हमवतन ऋत्विक बोलीपल्ली के साथ अल्माटी एटीपी 250 टूर्नामेंट जीता था, जिससे उनके नाम एक एटीपी खिताब है। भारतीय जोड़ी को शुरुआत में ब्रेक मिला, जिससे उन्होंने 3-1 से बढ़त बना ली। लेकिन सर्विस गंवाने के कारण इसे गंवा बैठीं। हालांकि वे जर्मनी की जोड़ी को एक बार फिर दबाव में लाकर 5-3 से आगे हो लिए। फिर इस सेट को जीतकर उन्हें क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बढ़त बनाने का मौका मिला।

हरियाणा सरकार
CET 2025 परीक्षा के लिए सरकार द्वारा नि:शुल्क बस सेवा
प्रदेश के लगभग 14 लाख परीक्षार्थियों को परिवहन सुविधा
परीक्षा कार्यक्रम 26 और 27 जुलाई, 2025
परीक्षा केंद्र लगभग 1500 केंद्र, 22 जिलों और चण्डीगढ़ में
हरियाणा परिवहन की लगभग 9200 बसें उपलब्ध
ग्रामीण क्षेत्रों व लंबी दूरी के परीक्षा केन्द्रों के लिए नि:शुल्क शटल बस सेवा
परीक्षार्थियों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा का विवरण इस लिंक पर घोषित करें :
https://hartrans.gov.in/advance-booking-for-cet-2025/
CET परीक्षार्थियों की सुरक्षित और नि:शुल्क यात्रा, हरियाणा सरकार की प्राथमिकता
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana
सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

Dr. Juneja's
पेट सफा®
Natural Laxative Granules & Tablets

सहायक है: कब्ज़ गैस एसिडिटी

अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्या से परेशान है तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स । यह मुंह में चिपकता नहीं । सोने से पहले खाएं और आराम पाएं ।

20% EXTRA
TABLETS

Provides Effective Relief
Balances Digestive Health
Ayurvedic Proprietary Medicine
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.

Divisa
www.divisastore.com

24x7 Helpline: 91197 88888 | www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores

अमरनाथ यात्रा 2025

## बालटाल मार्ग पर हुआ भूस्खलन, फंसे तीर्थयात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराया गया

# सेना ने की मदद, घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

अमरनाथ यात्रा के दौरान बुधवार को हुई बारिश के चलते बालटाल मार्ग पर एक दुखद घटना घटी। शाम करीब 7:15 बजे, रायलपथरी और ब्रारीमार्ग के बीच जेड मोड़ पर बारिश का पानी पहाड़ से यात्रा मार्ग पर तेजी से आने से भूस्खलन (लैंडस्लाइड) हो गया।

इस घटना में एक महिला की मौत हो गई, जिसकी पहचान सोना बाई (55) के रूप में हुई है। वह राजस्थान की रहने वाली थीं। इसके अलावा, करीब 9 अन्य यात्री घायल हो गए, जिन्हें तुरंत नजदीकी चिकित्सा सुविधा केंद्र में इलाज के लिए पहुंचाया गया। अन्य यात्री लापता बताया जा रहा है। इस घटना के बाद यात्रा अचानक रुक गई। इस कारण सैकड़ों यात्री मुश्किल इलाके में फंस गए। हालांकि, भारतीय सेना की ब्रारीमार्ग टुकड़ी को कुछ ही मिनटों में तैनात कर दिया गया। ब्रारीमार्ग के कैंप डायरेक्टर और सेना के कंपनी कमांडर सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद थे।

**खास बातें**

- 3,000 यात्रियों ने लंगरों में शरण ली हुई है
- 3 जुलाई से अब तक 235 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके
- 9 अगस्त को समाप्त होगी अमरनाथ यात्रा



**500 यात्रियों को सुरक्षित ठहराया**

*भारतीय सेना ने भूस्खलन से फंसे सैकड़ों अमरनाथ यात्रियों को बचाया और लगभग 500 यात्रियों को सेना के टेंटों में सुरक्षित ठहराया गया है। साथ ही उन्हें चाय और पीने का पानी भी दिया गया है। इसके अलावा, करीब 3,000 अन्य यात्रियों ने ब्रारीमार्ग और जेड मोड़ के बीच लंगरों में शरण ली है, जहां उन्हें आश्रय और भोजन समेत आवश्यक सहायता प्रदान की गई है।*

**भूस्खलन हटाया**

### आज से शुरू होगी यात्रा

*भारी बारिश के कारण पहलगाम और बालटाल दोनों आधार शिविरों से अमरनाथ यात्रा गुरुवार के लिए स्थगित कर दी गई है। संभागीय आयुक्त कश्मीर विजय कुमार बिधूड़ी ने भी यात्रा स्थगित होने की पुष्टि की और कहा कि मौसम की स्थिति के आधार पर तीर्थयात्रा 18 जुलाई को फिर से शुरू होने की उम्मीद है। सीमा सड़क संगठन ने 18 जुलाई को दोनों आधार शिविरों से यात्रा शुरू होने से पहले अपने कर्मियों और मशीनों की तैनाती से भूस्खलन हटाने का काम पूरा कर लिया है। इस वर्ष यह पहला अवसर है जब जम्मू से तीर्थयात्रा एक दिन के लिए रोकी गई है।*

### स्थिति स्थिर और नियंत्रण में

*एक गंभीर रूप से बीमार यात्री रायलपथरी में दो भूस्खलन स्थलों के बीच फंस गया था। सेना की क्विक रिएक्शन टीम (क्यूआरटी) ने जोखिम भरे रास्तों और खराब मौसम में मैनुअल स्ट्रेचर से उसे सुरक्षित निकाला और रायलपथरी लाया, जहां से उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। भारतीय सेना ने पुष्टि की है कि स्थिति अब स्थिर और नियंत्रण में है। क्षेत्र में हल्की बारिश जारी रहने के कारण सेना के जवान हाई अलर्ट पर हैं। यह बचाव और राहत अभियान उच्च-ऊंचाई वाले और आपदा क्षेत्रों में नागरिकों की रक्षा के लिए भारतीय सेना के अटूट संकल्प और तत्परता को दर्शाता है। अमरनाथ यात्रा के दौरान सेना न केवल सुरक्षा प्रदान कर रही है, बल्कि जीवन रक्षक सहायता और करुणा के साथ दृढ़ता से खड़ी है।*
*3 जुलाई को तीर्थयात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 2.35 लाख से अधिक तीर्थयात्री बाबा के दर्शन कर चुके हैं। अब तक 4 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने तीर्थयात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया है।*

**खबर संक्षेप**

### यूक्रेन में फेरबदल यूलिया बनीं पीएम

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अर्थव्यवस्था मंत्री और अमेरिका के साथ खनिज समझौते में मुख्य प्रमुख वार्ताकार, यूलिया स्विरीडेंको को देश का नया पीएम नियुक्त किया गया है। उनकी उम्र 39 साल है और वे पेशे से अर्थशास्त्री हैं। उन्होंने 2020 से पीएम पद पर काबिज डेनिस श्मिहाल की जगह ली है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक दिन पहले यानी 16 जुलाई को पुरानी कैबिनेट को भंग कर दिया था। श्मिहाल अब भी कैबिनेट में रहेंगे। रुस्तम उमरोव पहले से ही रक्षा मंत्री बने रहेंगे।



### पंजाब में भारी बारिश से 30 लोगों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पिछले 24 घंटों में मूसलाधार बारिश की वजह से अलग-अलग घटनाओं में 30 लोगों की मौत के बाद प्रांतीय सरकार ने विभिन्न हिस्सों में 'वर्षा आपातकाल' घोषित कर दिया। पंजाब में 300 लोग घायल हुए हैं। ज्यादातर मौतें लाहौर, फैसलाबाद, ओकारा, साहीवाल, पाकपट्टन और चकवाल में हुई हैं। इन इलाकों में 125 से अधिक घर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। पंजाब की सीएम मरियम नवाज ने रावलपिंडी समेत प्रांत के विभिन्न हिस्सों में आपातकाल घोषित कर दिया है।



## 'ऊर्जा वार्ता 2025' कार्यक्रम के दौरान बोले केंद्रीय मंत्री पुरी

भारत घरेलू हाइड्रोकार्बन उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयासों के दौर से गुजर रहा

# अंडमान सागर में गुयाना के आकार के कई तेल क्षेत्र मिलने की उम्मीद


*केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि हम ओएएलपी राउंड-10 के तहत 2 लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में अधिक हाइड्रोकार्बन की खुदाई और एक्सप्लोर करेंगे। हमारा लक्ष्य 2025 तक एक्सप्लोरेशन सेक्टर को 5 लाख वर्ग किलोमीटर और 2030 तक 10 लाख वर्ग किलोमीटर तक बढ़ाना है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत में शुरू हो रहे हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन के नए दौर में गुयाना के आकार के कई बड़े तेल क्षेत्र मिलेंगे। केंद्रीय मंत्री ने 'ऊर्जा वार्ता 2025' कार्यक्रम के दौरान कहा कि हम ओएएलपी (ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी) राउंड-10 के तहत 2 लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में अधिक हाइड्रोकार्बन की खुदाई और एक्सप्लोर करेंगे। हमारा लक्ष्य 2025 तक एक्सप्लोरेशन सेक्टर को 5 लाख वर्ग किलोमीटर और 2030 तक 10 लाख वर्ग किलोमीटर तक बढ़ाना है।

हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि हमें गुयाना के आकार के कई क्षेत्र खासकर अंडमान सागर में मिलेंगे। हरदीप पुरी ने कहा कि हम एक्सप्लोरर्स के लिए उच्च-गुणवत्ता वाले डेटा की उपलब्धता, वित्तीय प्रोत्साहन, स्थिर नियामक ढांचे, निवेश को जोखिम-मुक्त बनाने और ईज-ऑफ डूइंग बिजनेस जैसे क्षेत्रों पर काम कर रहे हैं ताकि भारत को ऑयल एंड गैस एक्सप्लोरेशन और प्रोडक्शन (ईएंडपी) के लिए अगला वैश्विक अग्रणी बनाया जा सके।






### भारत नए क्षेत्रों की खोज कर रहा

*हरदीप पुरी ने बताया कि एचईएलपी जैसे दूरदर्शी सुधारों के साथ, लगभग दस लाख वर्ग किलोमीटर के अब तक के 'नो ओपन' एरिया को ओपन किया जा रहा है और ऑयलफिल्ड्स रेगुलेशन एंड डेवलपमेंट (ओआरडी) अधिनियम में संशोधन किए जा रहे हैं। भारत नए क्षेत्रों की खोज करक घरेलू हाइड्रोकार्बन उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयासों के दौर से गुजर रहा है।*

### अब 40 देशों से भारत कर रहा खरीदारी

पुरी ने कहा है कि भारत ने अपनी जरूरत के तेल की आपूर्ति के लिए स्रोतों में विविधता लाने का काम किया है और इसका असर ये हुआ है कि पहले हम जहां 27 देशों से खरीदारी करते थे, वहीं अब लगभग 40 देशों से खरीदारी कर रहे हैं। इस समय रूस भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है और भारत की कुल आपूर्ति का लगभग 35% हिस्सा वहीं से आता है। इसके बाद इराक, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का नंबर आता है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि तेल मार्केट में गुयाना जैसे कई नए सप्लायर्स की एंट्री हो रही है, इसके अलावा ब्राजील और कनाडा जैसे मौजूदा उत्पादकों से भी आपूर्ति जारी है। भारत रूसी आयात से जुड़ी किसी भी समस्या से निपटने के लिए ऐसे ही दूसरे देशों से आपूर्ति करना जारी रखेगा। पुरी ने आश्वस्त किया कि अगर कुछ होता है, तो हम उससे निपट लेंगे।

**मॉस्को की पहल का बीजिंग ने किया समर्थन**

# रूस, भारत और चीन के बीच 'त्रिपक्षीय' सहयोग होगा शुरू



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

लंबे समय से रुके हुए रूस-भारत-चीन (आरआईसी) त्रिपक्षीय सहयोग को दोबारा शुरू करने की पहल हो रही है। रूस की इस पहल का चीन ने भी समर्थन किया है। चीन ने कहा कि यह त्रिपक्षीय सहयोग न केवल तीनों देशों के हित में है।

बल्कि क्षेत्र और विश्व की सुरक्षा और स्थिरता के लिए भी है। रूस के उप विदेश मंत्री आंद्रेई रुदेंको ने कहा है कि मॉस्को आरआईसी प्रारूप की बहाली की उम्मीद करता है और इस मुद्दे पर बीजिंग और नई दिल्ली के साथ बातचीत कर रहा है। देंको ने कहा कि यह विषय दोनों देशों के साथ हमारी बातचीत में शामिल है। हम इस प्रारूप को सफल बनाने में दिलचस्पी रखते हैं, क्योंकि तीनों देश (भारत, चीन, रूस) ब्रिक्स के संस्थापकों के अलावा महत्वपूर्ण साझेदार हैं।

### तीनों देश संवाद के लिए तैयार

*रुदेंको ने कहा कि मेरी राय में इस सहयोगी प्रारूप का अभाव अनुचित लगता है। हम उम्मीद करते हैं कि देश आरआईसी के ढांचे के भीतर काम फिर से शुरू करने पर सहमत होंगे। बेशक जब तीनों देशों के संबंध उस स्तर पर पहुंच जाएंगे जो उन्हें त्रिपक्षीय सहयोग में काम करने की अनुमति देता है।*
*इस पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने गुरुवार को कहा कि आरआईसी सहयोग न केवल तीनों देशों के संबंधित हितों की पूर्ति करता है, बल्कि क्षेत्र और विश्व में शांति, सुरक्षा, स्थिरता और प्रगति को बनाए रखने में भी मदद करता है। चीन त्रिपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए रूस और भारत के साथ संवाद बनाए रखने के लिए तैयार है।*

### जयशंकर की चीन यात्रा के बाद आई तेजी

आरआईसी को लेकर रूस और चीन की रुचि हाल ही में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीन यात्रा के बाद बढ़ी है। इस दौरान जयशंकर ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव सहित शीर्ष चीनी अधिकारियों के साथ बातचीत की थी। लावरोव ने मई में कहा था कि रूस के पूर्व पीएम येवगेनी प्रिमाकोव की ओर से शुरू की गई व्यवस्था के तहत अब तक 20 बैठकें हुईं।

## यूके में वोट देने की उम्र 16 साल हुई, विदेशी दखल रोकने नया रूल

एजेंसी ▶▶ इंग्लैंड

ब्रिटेन में अब वोट डालने की न्यूनतम उम्र अब 18 से घटकर 16 साल हो गई है। सरकार ने ऐलान किया है कि अब 16 और 17 साल के युवा भी अगले आम चुनाव में वोटिंग कर सकते हैं। ब्रिटेन में चुनावी प्रणाली में हुए इस बदलाव को पिछले 56 साल में हुआ सबसे बड़ा सुधार माना जा रहा है। ब्रिटेन में मतदान की उम्र में आखिरी बार बदलाव 1969 में हुआ था, जब इसे 21 से घटाकर 18 साल किया गया था। इसके अलावा ब्रिटेन की सरकार ने एक नया नियम बनाया है जिसके तहत अब कोई भी राजनीतिक पार्टी विदेश से 500 पाउंड (लगभग 58,000 रुपए) से ज्यादा का चंदा नहीं ले सकेगी। यह कदम इसलिए उठाया है ताकि विदेशी अरबपति चुनाव में दखल न दे सकें।

### 'अल्पमत' में आई नेतन्याहू की सरकार, दो दलों ने समर्थन वापस लिया

**तेल अवीव।** इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अल्पमत में आ गई है। अति-रूढ़िवादी शास पार्टी ने बुधवार को सरकार से समर्थन वापस लेने का ऐलान किया। इससे एक दिन पहले यूनाइटेड टोरा जूडाइज्म (यूटीजे) पार्टी भी इस सरकार से अलग हो गई थी। इजराइल की 120 सीटों वाली संसद (नेसेट-निचला सदन) में सरकार बनाने के लिए 61 सीटें चाहिए। इन दोनों पार्टियों के अलग होने से सत्तारूढ़ गठबंधन के पास सिर्फ 50 सीटें बची हैं। शास पार्टी ने गठबंधन छोड़ने के मुद्दे पर कहा कि भारी मन से हमें यह स्वीकार करना पड़ रहा है कि हम सरकार का हिस्सा नहीं रह सकते। हालांकि, हम इस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश नहीं करेंगे और कुछ कानूनों पर गठबंधन का समर्थन कर सकते हैं। विवाद की मुख्य वजह रूढ़िवादी धार्मिक छात्रों को मिलिट्री सर्विस से मिलने वाली छूट है।


## इराक के पूर्वी वासित प्रांत के कुत शहर में स्थित शॉपिंग मॉल में भीषण आग

# 60 की मौत, 11 लापता, मॉल मालिक के खिलाफ केस दर्ज

एजेंसी ▶▶ बगदाद

इराक के पूर्वी वासित प्रांत के कुत शहर में स्थित एक मॉल में बुधवार को लगी भीषण आग में महिलाओं और बच्चों समेत 60 से अधिक लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग लापता हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह शॉपिंग मॉल हाल ही में खुला था। इराक के गृह मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि ज्यादातर लोगों की जान दम घुटने से गई। बुरी तरह जल चुके 14 शवों की पहचान नहीं हो पाई है। इलाके के गवर्नर ने बताया कि इमारत और मॉल के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। यह मॉल 5 दिन पहले ही खुला था। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है।

- 5 दिन पहले ही खुला था, हादसे की वजह पता नहीं



### घटना की जांच शुरू

इस मॉल की पांच मंजिला इमारत से नागरिक सुरक्षा दलों ने 45 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जो आग की वजह से अंदर फंस गए थे। यह मॉल केवल एक सप्ताह पहले ही खोला गया है। इस मॉल में एक रेस्टोरेंट और सुपरमार्केट भी हैं। प्रांतीय गवर्नर मोहम्मद अल-मैय्येह ने इस भीषण हादसे पर तीन दिन के शोक की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच जारी है और मॉल एवं इमारत के मालिकों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। हम निर्दोष पीड़ितों के परिवारों को आश्वस्त करते हैं कि इस घटना के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जिम्मेदार किसी भी व्यक्ति के साथ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट 48 घंटे के भीतर जारी कर दी जाएगी।

### पहली मंजिल से शुरू हुई थी आग

आशंका है कि आग की शुरुआत पहली मंजिल से हुई और तेजी से पूरी इमारत में फैल गई। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, आग की शुरुआत एक एयर कंडीशनर में विस्फोट से हुई थी। इराक के पीएम मोहम्मद शिया अल-सूडानी ने एक बयान में कहा कि उन्होंने गृह मंत्री को घटनास्थल पर जाकर जांच करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उपाय करने के निर्देश दिए हैं।

**तीन साल चली चर्चा रंग लाई**

## यूके और भारत के बीच अगले हफ्ते साइन हो सकता है एफटीए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तीन साल तक चली बातचीत के बाद भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच अगले हफ्ते फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) साइन किया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, समझौते के प्रारूप की कानूनी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। दोनों देश अगले हफ्ते में इस पर दस्तखत कर सकते हैं।

एग्रीमेंट साइन होने के बाद भारत के लेदर, फुटवियर, टेक्सटाइल, खिलौने, जेम्स एंड ज्वेलरी जैसे लेबर-इंटेंसिव प्रोडक्ट्स पर यूके में एक्सपोर्ट टैक्स खत्म हो जाएगा। वहीं ब्रिटेन से आने वाली व्हिस्की और वाइन, कार, फर्नीचर इलेक्ट्रिकल और इंजीनियरिंग के उत्पाद, ब्रांडेड कपड़े, फैशन प्रोडक्ट्स और होमवेयर भारत में सस्ते हो जाएंगे। वहीं, भारत के रत्न और आभूषण ब्रिटेन में सस्ते बिकेंगे। डील के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार 2030 तक 120 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है।



फाइल फोटो

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109